
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 334 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 12 सितम्बर 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 15 मूल्य 05 रुपया


## बारिश से खराब सड़कों को तत्काल मोटरेबल बनाएं : सीएम योगी

### पर्व-त्योहारों से पहले जरूरी मरम्मत पूरी करने के निर्देश, 681 महत्वपूर्ण मार्ग प्राथमिकता में



समाज जागरण

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बारिश और बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़कों को तत्काल मरम्मत कर आवागमन योग्य बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बरसात अभी जारी है, इसलिए सड़कों की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जाए और नए क्षतिग्रस्त मार्गों का भी सर्वे कराया जाए। बरसात समाप्त होने के बाद जरूरत के अनुसार इन सड़कों का स्थायी नवीनीकरण कराया जाए।

लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने आगामी पर्व-त्योहारों को देखते हुए प्रमुख मार्गों की मरम्मत प्राथमिकता के आधार पर कराने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि गड्ढामुक्ति अभियान केवल पैचवर्क तक सीमित नहीं रहना चाहिए। जहां सड़क की स्थिति अत्यधिक खराब है, वहां तत्काल उसे मोटरेबल बनाया जाए और बाद में आवश्यकता के अनुसार स्थायी नवीनीकरण कराया जाए।

**681 महत्वपूर्ण मार्गों पर विशेष फोकस**

बैठक में बताया गया कि अतिवृष्टि के अलावा एक्सप्रेस-वे, राष्ट्रीय राजमार्ग और रेलवे की निमार्णाधीन परियोजनाओं के कारण भारी वाहनों की आवाजाही से भी कई सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं। इनका विभागवार सर्वे कराया जा रहा है। आगामी गणेश चतुर्थी, विश्वकर्मा पूजा, नवरात्रि, दीपावली, छठ पूजा और कार्तिक पूर्णिमा के दौरान अधिक आवागमन वाले 681 महत्वपूर्ण मार्गों को प्राथमिकता के लिए चिन्हित किया गया है।

शेष पेज-3 पर

## ब्रिक्स में पुतिन का पश्चिम पर निशाना

### बोले- वैश्विक अर्थव्यवस्था में ब्रिक्स की हिस्सेदारी 40 फीसदी, रूस पर प्रतिबंधों का असर नहीं

नई दिल्ली। ब्रिक्स सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पश्चिमी देशों और जी7 पर निशाना साधते हुए कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में ब्रिक्स की हिस्सेदारी बढ़कर करीब 40 फीसदी हो गई है, जबकि जी7 की हिस्सेदारी करीब 18 फीसदी रह गई है। उन्होंने अमेरिकी टैरिफ और रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों का भी जिक्र किया। पुतिन ने कहा कि प्रतिबंधों के बावजूद रूस की अर्थव्यवस्था कमजोर नहीं हुई, बल्कि उसने मजबूती हासिल की है।

# ब्रिक्स की सामूहिक ताकत को वैश्विक समाधानों में बदलना होगा: पीएम मोदी

## नई दिल्ली में ब्रिक्स बिजनेस फोरम को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित

*व्यापार बाधाएं कम करने और स्टार्टअप्स को दूसरे देशों में विस्तार देने का आह्वान*

*4 से शुरू होकर अब 21 देशों का बड़ा परिवार बना ब्रिक्स: भारत ने दिखाया आर्थिक पुल बनाने का रास्ता*



नई दिल्ली, ब्यूरो।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स बिजनेस फोरम को संबोधित करते हुए सदस्य देशों के बीच व्यापार बाधाओं को कम करने, स्टार्टअप्स को दूसरे ब्रिक्स बाजारों में विस्तार देने और कारोबारी साझेदारियों को बढ़ाने का पुरजोर आह्वान किया

उन्होंने वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच स्पष्ट संदेश दिया कि ब्रिक्स की सामूहिक ताकत को वैश्विक समाधान में बदलने और आर्थिक विकास को नई गति देने के लिए सदस्य देशों को मिलकर ठोस कदम उठाने होंगे।

**20 साल में 4 से 21 देशों का हुआ प रिवार**

पीएम मोदी ने समूह की विकास यात्रा को रेखांकित करते हुए कहा कि इस वर्ष ब्रिक्स अपनी स्थापना के 20 वर्ष पूरे कर रहा है। वर्ष 2006 में जब इस समूह की शुरूआत हुई थी, तब इसमें महज चार देश शामिल थे। आज ब्रिक्स और इसके सा झेदारों को मिलाकर यह 21 देशों का एक विशाल और सशक्त परिवार बन चुका है। वर्तमान में ब्रिक्स देश दुनिया की करीब 50% आबादी, 40% जीडीपी और 25% से अधिक वैश्विक व्यापार का प्रतिनिधित्व करते हैं।

**वैश्विक अर्थव्यवस्था से दोगुनी रफ्तार से बढ़ी ताकत**

प्रधानमंत्री ने आंकड़ों के हवाले से बताया कि पिछले वर्षों में जहां वैश्विक जीडीपी करीब ढाई गुना बढ़ी है, वहीं ब्रिक्स देशों की संयुक्त जीडीपी में करीब साढ़े चार गुना का इजाफा हुआ है। यह साफ दशार्ता है कि ब्रिक्स की आर्थिक ताकत दुनिया की तुलना में करीब दोगुनी रफ्तार से आगे बढ़ी है। आज ब्रिक्स देश वैश्विक नवाचार और समाधान के सबसे महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभर रहे हैं।

**भारत की अध्यक्षता की थीम: मजबूती और सहयोग**

भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता की थीम 'बिल्डिंग फॉर रेजिलिएन्स, इनोवेशन, को-ऑपरेशन एंड सस्टेनिबिलिटी' का उल्लेख करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने इसी मंत्र को अपनी आर्थिक और व्यापार नीति का आधार बनाया है। भारत ने ऊर्जा से लेकर टेक्नोलॉजी तक अपनी सप्लाई चेन को अधिक विविध और भरोसेमंद बनाया है, जिससे वैश्विक संकटों के बावजूद देश में मजबूत आर्थिक वृद्धि और स्थिरता बनी हुई है।

**रणनीतिक क्षेत्रों में नई क्षमताएं और स्टार्टअप क्रांति**

पीएम मोदी ने कहा कि भारत आज सड़कों, रेलवे, बंदरगाहों और हवाई अड्डों का ऐतिहासिक तेजी से विस्तार कर रहा है। इसके साथ ही शिप-बिल्डिंग, सेमीकंडक्टर, क्वांटम, क्रिटिकल मिनरल्स और बायोटेक जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में नई क्षमताएं तैयार की जा रही हैं। उन्होंने वैश्विक कारोबारियों को आमंत्रित करते हुए नारा दिया– **"मेक इन इंडिया, इनोवेट विद इंडिया और स्केल फॉर द वर्ल्ड।"**

*देश में हो रही स्टार्टअप क्रांति का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि 2 लाख से अधिक स्टार्टअप और 120 से अधिक यूनिकॉर्न के साथ भारत दुनिया के लिए समाधान तलाश रहा है। भारतीय स्टार्टअप एआई के जरिए शिक्षा-स्वास्थ्य में बदलाव ला रहे हैं, वहीं ग्रीन हाइड्रोजन, स्पेस और डिफेंस सेक्टर में नए आयाम छू रहे हैं।*

व्यापार बाधाओं के बीच भारत ने बनाए 'आर्थिक पुल'पीएम मोदी ने कहा कि जब पूरी दुनिया में व्यापारिक दीवारें और बाधाएं बढ़ रही हैं, तब भारत दुनिया के देशों के साथ आर्थिक पुल बनाने का काम कर रहा है। 2014 के बाद से भारत ने करीब 40 देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। ब्रिक्स में भी भारत का दृष्टिकोण व्यापार बाधाओं को कम करने और कारोबारियों के लिए नए अवसर पैदा करने का है।हर साल 100 स्टार्टअप और 1,000 नई स-झेदारियों का लक्ष्यप्रधानमंत्री ने ब्रिक्स बिजनेस काउंसिल के सामने तीन बेहद महत्वपूर्ण और ठोस लक्ष्य रखे, जिनकी हर वर्ष प्रगति समीक्षा की जानी चाहिए:ब्रिक्स देशों के बीच व्यापार की राह में आने वाली शीर्ष 10 बाधाओं को दूर करने के लिए एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए।हर वर्ष 100 ब्रिक्स स्टार्टअप्स को दूसरे ब्रिक्स देशों के बाजारों में विस्तार करने के लिए पूरा समर्थन दिया जाए।सदस्य देशों के कारोबारियों के बीच हर साल 1,000 नई कारोबारी साझेदारियां विकसित की जाएं।इसके साथ ही उन्होंने महिला उद्यमियों की भागीदारी बढ़ाने के लिए 'ब्रिक्स वुमन्स बिजनेस अलायंस' को भारत के विजन का अहम हिस्सा बताया, जिसकी बैठक में 200 महिला कारोबारी नेताओं ने भाग लिया। उन्होंने समुद्री मार्गों की स्वतंत्रता और नाविकों की सुरक्षा को भी वैश्विक व्यापार के लिए अनिवार्य बताया।पीएम मोदी ने अपने संबोधन का समापन करते हुए कहा कि अब ब्रिक्स की महत्वाकांक्षा को ठोस जमीनी कार्रवाई में बदलना होगा। ब्रिक्स को खुद भी आगे बढ़ना चाहिए और पूरी दुनिया को भी आगे बढ़ाना चाहिए।

**मुख्य आकर्षण: जनसंख्या के स्तर पर नवाचार (यूपीआई)**

प्रधानमंत्री ने भारत के डिजिटल पेमेंट सिस्टम 'यूपीआई' की सफलता को दुनिया के सामने रखा।

उन्होंने इसे 'इनोवेशन एट पॉपुलेशन स्केल' का सबसे बड़ा उ-दाहरण बताते हुए कहा कि दुनिया के करीब 50% रियल-टाइम डिजिटल भुगतान अकेले इसी भारतीय टेक्नोलॉजी पर हो रहे हैं।

## उफान पर गंगा, कानपुर से बनारस तक बाढ़ का साया

*बैराज से रिकॉर्ड 4.18 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया, 16 जिलों में अलर्ट; कटरी के गांवों में घुसा पानी*

समाज जागरण

कानपुर। गंगा के बढ़ते जलस्तर ने कानपुर से लेकर बनारस तक बाढ़ का खतरा बढ़ा दिया है। शुक्रवार को कानपुर गंगा बैराज के अपस्ट्रीम में जलस्तर 114.72 मीटर तक पहुंच गया। शुक्लागंज में भी गंगा चेतावनी बिंदु से ऊपर बह रही है। हालात को देखते हुए सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग ने कानपुर, फतेहपुर, कौशांबी, प्रयागराज, वाराणसी समेत 16 जिलों में अलर्ट जारी किया है।

गंगा बैराज से शुक्रवार को अब तक का सर्वाधिक करीब 4.18 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से निचले इलाकों में बाढ़ की आशंका और बढ़ गई है। प्रशासन और संबंधित विभागों को संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

**कटरी के गांवों में पहुंचा पानी**

गंगा कटरी के गांवों में जलस्तर बढ़ने के साथ पानी आबादी वाले क्षेत्रों की ओर बढ़ रहा है। ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ने लगी हैं। गुरुवार को जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया था। शुक्रवार को पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल ने कई थानों की पुलिस फोर्स के साथ प्रभावित गांवों का दौरा किया।

पुलिस आयुक्त ने पानी से घिरे इलाकों का जायजा लेने के साथ ग्रामीणों से बातचीत की और उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। प्रशासन की टीमें संवेदनशील इलाकों पर नजर बनाए हुए हैं।

# आयरिश युवक की टिप्पणी पर एलन मस्क का जवाब– 'भारत वास्तविकताओं के हिसाब से चलता है'

### भारत की नागरिकता और कल्याणकारी नियमों पर सोशल मीडिया बहस, मस्क ने दिया संक्षिप्त जवाब

समाज जागरण

नई दिल्ली। भारत की नागरिकता और कल्याणकारी योजनाओं से जुड़े नियमों को लेकर सोशल मीडिया पर हुई एक बहस में टेस्ला और स्पेसएक्स के प्रमुख एलन मस्क की प्रतिक्रिया चर्चा में आ गई है। एक आयरिश सोशल मीडिया यूजर ने भारत के नागरिकता और कल्याणकारी नियमों पर सवाल उठाते हुए टिप्पणी की थी। इसके जवाब में मस्क ने भारत की परिस्थितियों को अलग बताते हुए कहा, "India is realistic" यानी "भारत वास्तविकताओं को ध्यान में रखकर चलता है।"

सोशल मीडिया पर हुई इस चर्चा में भारत की सामाजिक संरचना और यहां लागू नागरिकता एवं कल्याणकारी व्यवस्थाओं को लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आईं। टिप्पणी करने वाले यूजर ने भारत के नियमों की तुलना आयरलैंड जैसे देशों की व्यवस्था से करने की कोशिश की थी।



भारत की आबादी, सामाजिक विविधता और आर्थिक परिस्थितियां कई अन्य देशों से काफी अलग हैं। देश में अलग-अलग क्षेत्रों, भाषाओं, सामाजिक समूहों और आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कल्याणकारी योजनाएं और नीतियां तैयार की जाती हैं। ऐसे में भारत की व्यवस्था को किसी छोटे और अपेक्षाकृत कम आबादी वाले देश के मॉडल से सीधे जोड़कर देखना आसान नहीं है।

**भारत की जटिल सामाजिक संरचना बनी चर्चा का केंद्र**

सोशल मीडिया पर इस बहस के दौरान भारत की विशाल आबादी और विविध सामाजिक संरचना का मुद्दा भी प्रमुखता से सामने आया। भारत की नीतियों में सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों की व्यापक विविधता को ध्यान में रखना पड़ता है। यही वजह है कि नागरिकता, कल्याणकारी योजनाओं और स-रकारी सहायता से जुड़े नियमों को लेकर भारत की व्यवस्था कई स्तरों पर संचालित होती है।

एलन मस्क की संक्षिप्त टिप्पणी के बाद यह चर्चा सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गई। हालांकि, मस्क ने अपने जवाब में भारत के किसी विशेष कानून या कल्याणकारी योजना का विस्तृत उल्लेख नहीं किया, बल्कि भारत की नीतियों को उसकी वास्तविक परिस्थितियों के संदर्भ में देखने की बात कही।

(इनपुट : आईएएनएस)

# यूएस ओपन: गॉफ को हराकर पहली बार फाइनल में पहुंचीं रायबाकिना

## सबालेंका से होगा खिताबी मुकाबला, एक सेट से पिछड़ने के बाद कजाकिस्तान की खिलाड़ी ने की शानदार वापसी

समाज जागरण

न्यूयॉर्क। कजाकिस्तान की एलेना रायबाकिना ने शानदार वापसी करते हुए अमेरिका की कोको गॉफ को 3-6, 6-4, 6-4 से हराकर यूएस ओपन 2026 के महिला एकल फाइनल में प्रवेश कर लिया। आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए रोमांचक सेमीफाइनल में एक सेट से पिछड़ने के बाद रायबाकिना ने धैर्य और आक्रामक खेल का शानदार प्रदर्शन किया। यह पहली बार है जब वह यूएस ओपन के फाइनल में पहुंची हैं।

गॉफ ने मुकाबले की शुरूआत आक्रामक अंदाज में की और रायबाकिना पर लगातार दबाव बनाए रखा। अमेरिकी खिलाड़ी ने पहला सेट 6-3 से अपने नाम कर बढ़त बना ली। इसके बाद रायबाकिना ने अपने खेल का स्तर बढ़ाया। दूसरे सेट में उन्हें अहम ब्रेक मिला, जिसका फायदा उठाते हुए उन्होंने सेट 6-4 से जीतकर मुकाबला बराबरी पर ला दिया।



निर्णायक तीसरे सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। रायबाकिना जीत की ओर बढ़ रही थीं, तभी गॉफ ने वापसी करते हुए उनकी सर्विस तोड़ी। हालांकि, रायबाकिना ने तुरंत जवाब दिया और दबाव के बीच शानदार खेल दिखाते हुए तीसरा सेट भी 6-4 से अपने नाम कर लिया।

मैच के बाद रायबाकिना ने गॉफ की सर्विस को चुनौतीपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि गॉफ की दूसरी सर्व काफी मजबूत है और उससे रैली पर नियंत्रण बनाना आसान नहीं होता। तीसरे सेट में रायबाकिना ने कुछ बेहतरीन रिटर्न लगाए और गॉफ की गलतियों का भी फायदा उठाया।

**सबालेंका से होगा खिताबी मुकाबला**

फाइनल में रायबाकिना का सामना दुनिया की नंबर दो खिलाड़ी एरिना सबालेंका से होगा। सबालेंका लगातार चौथी बार यूएस ओपन के फाइनल में पहुंची हैं। उन्होंने 2024 और 2025 में लगातार दो खिताब जीते थे और अब उनकी नजर लगातार तीसरी ट्रॉफी पर है।

वहीं, रायबाकिना के पास भी शानदार सत्र को और यादगार बनाने का मौका है। साल की शुरूआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीत चुकी रायबाकिना अब न्यूयॉर्क में दूसरी बड़ी ट्रॉफी हासिल करने के इरादे से उतरेंगी। दोनों खिलाड़ियों के बीच होने वाला फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है।

# ब्रिक्स में स्थानीय मुद्राओं में कारोबार बढ़ाने पर जोर

## सीमा पार भुगतान व्यवस्था विकसित करने पर सहमति, डॉलर के वर्चस्व को चुनौती देने की दिशा में बढ़ा कदम

समाज जागरण

नई दिल्ली। ब्रिक्स देशों ने सीमा पार भुगतान में स्थानीय मुद्राओं के इस्तेमाल को बढ़ावा देने और आपसी कारोबार को अधिक सुगम बनाने की दिशा में आगे बढ़ने पर सहमति जताई है। ब्रिक्स देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों की बैठक में सीमा पार भुगतान प्रणाली विकसित करने तथा सदस्य देशों की स्थानीय मुद्राओं में व्यापार और निवेश को प्रोत्साहित करने पर चर्चा हुई। ब्रिक्स देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों ने संयुक्त बयान में कहा कि सीमा पार भुगतान को लेकर कजान और रियो घोषणापत्रों में नेताओं द्वारा दिए गए मार्गदर्शन के आधार पर आगे काम किया जा रहा है। इसके तहत सीमा पार भुगतान प्रणाली के विकास और उसके व्यावहारिक समाधान तलाशने पर जोर दिया गया है।

बैठक में भुगतान और संदेश भेजने वाली प्रणालियों को आपस में अधिक अनुकूल बनाने की संभावनाओं का भी अध्ययन किया गया। साथ ही ब्रिक्स देशों की स्थानीय मुद्राओं के इस्तेमाल से व्यापारिक भुगतान और निवेश को बढ़ावा देने पर विचार किया गया।

**राष्ट्रीय प्राथमिकताओं का रखा जाएगा ध्यान**

वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों ने इन पहलों को आगे बढ़ाने पर सहमति जताते हुए कहा कि प्रत्येक सदस्य देश की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और परिस्थितियों का सम्मान किया जाना चाहिए। बैठक में इस बात पर भी जोर दिया गया कि सभी देशों के लिए एक जैसी व्यवस्था लागू करने के बजाय ऐसा तंत्र विकसित किया जाए, जो सदस्य देशों के लिए व्यावहारिक और लाभकारी हो।

ब्रिक्स देशों ने अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए आपसी समन्वय मजबूत करने पर भी जोर दिया। वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों ने ब्रेटन वुड्स संस्थानों में सुधार की आवश्यकता दोहराई।

# जाट लैंड में अखिलेश को क्यों दो बार कैंसिल करना पड़ी जनसभा

अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार
लखनऊ ( उ. प्र.)

उत्तर प्रदेश की सियासत में जब भी मतों के ध्रुवीकरण और जातीय समीकरणों की बिसात बिछती है, तो केंद्र में 'एम-वाई' यानी मुस्लिम और यादव गठजोड़ सबसे मजबूत धुरी बनकर उभरता है। राज्य की लगभग 20 से 22 प्रतिशत मुस्लिम आबादी और तकरीबन 7 से 8 प्रतिशत यादव मतदाताओं का यह पारंपरिक मेल लंबे समय तक समाजवादी पार्टी की ताकत का मुख्य आधार रहा है। लेकिन आगामी विधानसभा चुनाव की आहट के बीच उत्तर प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में इस पारंपरिक समीकरण के भीतर एक सूक्ष्म और बेहद गंभीर बदलाव की सुगबुगाहट महसूस की जा रही है। क्या सूबे का मुस्लिम वोटर एक बार फिर आंख मूंदकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री




बनाने के लिए लामबंद होगा, या फिर वह अपने लिए किसी नए और अधिक सुरक्षित विकल्प की तलाश में है यह सवाल आज सूबे की राजनीति का सबसे बड़ा यक्ष प्रश्न बन चुका है। मुस्लिम समाज के भीतर समाजवादी पार्टी को लेकर आ रहा यह बदलाव अचानक नहीं है, बल्कि इसके पीछे गहरी राजनीतिक असहजता और आत्मनिरीक्षण का एक लंबा दौर है। पिछले चुनावों, विशेषकर 2022 के विधानसभा चुनावों में मुस्लिम मतदाताओं ने एकमुश्त होकर समाजवादी पार्टी के पक्ष में रिकॉर्ड मतदान किया था। उस चुनाव में लगभग 79 प्रतिशत मुस्लिम वोट सपा के खाते में गए थे, क्योंकि समुदाय को लगा था कि अखिलेश यादव ही भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बेदखल करने का एकमात्र ठोस जरिया हैं। लेकिन चुनाव के बाद बदले राजनीतिक परिदृश्य और सपा की हार ने मुस्लिम समाज को सोचने पर मजबूर कर दिया। समुदाय के भीतर इस बात को लेकर एक गंभीर विमर्श शुरू हुआ है कि जब भी उनके हितों, नागरिकता से जुड़े मुद्दों या सुरक्षा से जुड़े संकटों की बात आती है, तो समाजवादी पार्टी का शीर्ष नेतृत्व अक्सर वैचारिक रूप से रक्षात्मक या मौन नजर आता है। अखिलेश यादव की राजनीति में हाल के दिनों में आया 'सॉफ्ट हिंदुत्व' का झुकाव, हनुमान चालीसा का पाठ, मंदिरों के निर्माण और मुस्लिम नेताओं के धार्मिक प्रतीकों से दूरी बनाने की रणनीति ने मुसलमानों के एक बड़े तबके को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या वे सिर्फ भाजपा को हराने का एक जरिया मात्र बनकर रह गए हैं।

अखिलेश यादव का हालिया राजनीतिक नारा 'पीडीए' यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक है। इस नारे के जरिए वे अपने पारंपरिक आधार से आगे बढ़कर गैर-यादव पिछड़ों और गैर-जाटव दलितों को जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन इस पूरी रणनीति में 'अल्पसंख्यक' शब्द को जिस तरह से हाशिए पर या अत्यधिक सधे हुए अंदाज में इस्तेमाल किया जा रहा है, उसने मुस्लिम नेतृत्व को नाराज किया है। उत्तर प्रदेश के कई प्रमुख मुस्लिम विद्वानों और संगठनों, जैसे ऑल इंडिया मुस्लिम जमात, द्वारा अखिलेश यादव को पत्र लिखकर यह मांग उठाना कि सूबे में मुस्लिम मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किया जाए, इसी गहरी बेचैनी का प्रतीक है। मुस्लिम समाज अब यह सवाल पूछ रहा है कि 22 फीसदी हिस्सेदारी होने के बावजूद वे केवल 7 से 8 फीसदी आबादी वाले नेतृत्व के रहनुमा क्यों बने रहें। यह नैरेटिव समाजवादी पार्टी के कोर वोट बैंक में एक बड़ी दरार पैदा कर सकता है। इस बदलते मिजाज के बीच असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) इस बार सूबे की कई सीटों पर पूरी ताकत से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि ओवैसी भले ही खुद सरकार बनाने की स्थिति में न हों, लेकिन उनकी पार्टी उत्तर प्रदेश की कम से कम 30 से 40 ऐसी सीटों पर, जहां मुस्लिम आबादी 30 प्रतिशत से अधिक है, खेल बिगाड़ने की पूरी क्षमता रखती है। ओवैसी सीधे तौर पर अखिलेश यादव की धर्मनिरपेक्षता की राजनीति पर हमला बोलते हैं और मुसलमानों को अपना स्वतंत्र नेतृत्व खड़ा करने की वकालत करते हैं। जब भी ओवैसी किसी मुस्लिम बहुल सीट पर 15 से 20 हजार वोट भी हासिल करते हैं, तो इसका सीधा नुकसान समाजवादी पार्टी को होता है, क्योंकि वे वोट सीधे तौर पर सपा के पाले से कटते हैं। ओवैसी का यह प्रभाव अखिलेश यादव के सत्ता के सफर को बेहद मुश्किल बना सकता है।

दूसरी तरफ, कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश में अपने पुराने और ऐतिहासिक 'ब्राह्मण-दलित-मुस्लिम' समीकरण को दोबारा जिंदा करने की पुरजोर कोशिशों में लगी हुई है। लोकसभा चुनावों के बाद से ही राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने दलितों और अल्पसंख्यकों के हक, उनके संवैधानिक अधिकारों और सामाजिक न्याय के मुद्दों को काफी आक्रामक तरीके से उठाया है। कांग्रेस यह संदेश देने की कोशिश कर रही है कि राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा का मुकाबला केवल वही कर सकती है, क्षेत्रीय दल नहीं। दलित और मुस्लिम मतदाताओं को लुभाने के लिए कांग्रेस जमीन पर कई तरह के सामाजिक संपर्क अभियान चला रही है। मुसलमानों को यह लगने लगा है कि कांग्रेस के पास खोने के लिए कुछ नहीं है, इसलिए वह उनके हक में समाजवादी पार्टी की तुलना में ज्यादा मुखर होकर बोल सकती है। अगर मुस्लिम वोटर का झुकाव कांग्रेस की तरफ बढ़ता है, तो सपा का बना-बनाया गणित पूरी तरह ध्वस्त हो सकता है। इस त्रिकोणीय राजनीतिक रस्साकशी के बीच सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि क्या हिंदू वोट बैंक समाजवादी पार्टी के पिछड़ा और दलित (पीडीए) कार्ड के चलते भाजपा से दूर हो जाएगा। उत्तर प्रदेश की सत्ता की चाबी हमेशा से पिछड़ी जातियों के हाथ में रही है। भाजपा ने पिछले एक दशक में गैर-यादव पिछड़ी जातियों और गैर-जाटव दलितों का एक बेहद मजबूत और अटूट सामाजिक गठबंधन तैयार किया है। अखिलेश यादव अपनी रणनीति के तहत इसी गठबंधन में सेंधमारी करने की कोशिश कर रहे हैं। वे लगातार जातीय जनगणना की मांग और आरक्षण के मुद्दों को उठाकर पिछड़ों और दलितों को यह विश्वास दिलाने में जुटे हैं कि उनके वास्तविक हितों की रक्षा सपा ही कर सकती है। लेकिन भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक ताकत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चेहरे का आकर्षण इतना मजबूत है कि हिंदू वोटों को पूरी तरह से काटना सपा के लिए बेहद दुष्कर कार्य है। भाजपा इस काउंटर नैरेटिव को बेहद आक्रामक तरीके से जनता के बीच ले जा रही है कि सपा का पीडीए गठबंधन केवल परिवारवाद और तुष्टिकरण का एक नया आवरण है। इसके साथ ही, अखिलेश यादव द्वारा अपनाए जा रहे नरम हिंदू रुख के बावजूद, भाजपा उन्हें आसानी से बहुसंख्यक हितों के रक्षक के रूप में स्थापित नहीं होने दे रही है। गंभीरता से विश्लेषण किया जाए तो इस बार का चुनाव उत्तर प्रदेश के मुस्लिम समाज के लिए केवल सरकार बदलने का चुनाव नहीं है, बल्कि अपनी राजनीतिक पहचान और वजूद को तय करने का चुनाव है।

# उज्जैन के अडिग हनुमान: रहस्य या प्राचीन शिल्पकला ?

महेन्द्र तिवारी

उज्जैन केवल महाकाल की नगरी ही नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन सांस्कृतिक चेतना का एक जीवंत केंद्र भी है। यहाँ की हर गली, हर मंदिर और हर शिला अपने भीतर इतिहास की अनगिनत परतें समेटे हुए है। इन दिनों इसी पवित्र नगरी का एक स्थल पूरे देश का ध्यान आकर्षित कर रहा है। यह स्थल है खड़े हनुमान जी की वह प्राचीन प्रतिमा, जो सड़क चौड़ीकरण के दौरान मंदिर का ढांचा हट जाने के बाद भी अपने स्थान पर अडिग खड़ी रही। भारी मशीनों, अभियंताओं और अनेक प्रयासों के बावजूद प्रतिमा का न हिलना लोगों के लिए आश्चर्य का विषय बन गया है। किसी ने इसे दिव्य चमत्कार कहा, किसी ने प्राचीन भारतीय स्थापत्य का अद्भुत उदाहरण माना, तो किसी ने वैज्ञानिक परीक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। यही कारण है कि यह घटना केवल एक स्थानीय समाचार न रहकर राष्ट्रीय चर्चा का विषय बन गई है।

यह पूरा घटनाक्रम सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के अंतर्गत आरंभ हुई सड़क चौड़ीकरण योजना से जुड़ा है। उज्जैन के सती गेट और बड़ा सराफा क्षेत्र में यातायात सुगम बनाने के लिए पुरानी संरचनाओं को हटाया जा रहा था। इसी क्रम में लगभग 170 वर्ष पुराने खड़े हनुमान मंदिर का बाहरी ढांचा हटाया गया। प्रशासन का उद्देश्य प्रतिमा को सुरक्षित स्थान पर स्थापित करना था, किंतु जब उसे स्थानांतरित करने का प्रयास हुआ तो स्थिति अप्रत्याशित बन गई। कई दिनों तक क्रेन, उत्खनन उपकरण और विशेषज्ञों की सहायता ली गई, परंतु प्रतिमा अपने स्थान से टस से मस नहीं हुई। इसके बाद प्रशासन ने जल्दबाजी रोककर स्थल को सुरक्षित कर दिया और उच्च तकनीकी अध्ययन कराने का निर्णय लिया।

खड़े हनुमान जी की प्रतिमा सामान्य धार्मिक प्रतिमाओं से कुछ भिन्न है। यह लगभग आठ फुट ऊँची खड़ी मुद्रा में स्थापित है और स्थानीय लोगों के बीच लंबे समय से विशेष श्रद्धा का केंद्र रही है। क्षेत्र में इसे अनेक लोग डॉक्टर हनुमान के नाम से भी जानते हैं, क्योंकि वर्षों से बीमार लोग यहाँ स्वास्थ्य लाभ की कामना लेकर आते रहे हैं। मंदिर भले ही आकार में बहुत बड़ा नहीं था, लेकिन इसकी धार्मिक प्रतिष्ठा अत्यंत व्यापक थी। यही कारण है कि जैसे ही प्रतिमा के स्थानांतरण का समाचार फैला, हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुँचने लगे और वहाँ भजन, कीर्तन तथा पूजा का क्रम निरंतर चलने लगा।

इस घटना का सबसे रोचक पक्ष यह है कि अभी तक किसी भी आधिकारिक संस्था ने इसे चमत्कार घोषित नहीं किया है। प्रशासन का कहना है कि प्रतिमा को नुकसान पहुँचाए बिना सुरक्षित हटाना ही प्राथमिकता है। दूसरी ओर पुरातत्व और स्थापत्य विशेषज्ञों का मानना है कि संभव है प्रतिमा केवल ऊपर दिखाई देने




वाले भाग तक सीमित न हो, बल्कि उसका आधार बहुत गहराई तक एक ही विशाल शिला के रूप में स्थापित हो। भारत के अनेक प्राचीन मंदिरों में ऐसी तकनीक मिलती है, जहाँ प्रतिमा और उसका आधार एकीकृत संरचना के रूप में निर्मित किया जाता था। यदि ऐसा है, तो बाहरी आकार देखकर उसका वास्तविक भार और गहराई का अनुमान लगाना संभव नहीं है।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर के विशेषज्ञों को भी इसी उद्देश्य से बुलाया गया है कि वे स्थल का वैज्ञानिक सर्वेक्षण करें। आधुनिक परीक्षणों के माध्यम से यह जाना जाएगा कि प्रतिमा किस प्रकार की शिला से निर्मित है, उसका भूमिगत आधार कितना विस्तृत है और उसे बिना क्षति पहुँचाए स्थानांतरित करना संभव है या नहीं। विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी ऐतिहासिक प्रतिमा पर बलपूर्वक यांत्रिक दबाव डालना उचित नहीं होगा, क्योंकि इससे सूक्ष्म दरारें उत्पन्न हो सकती हैं जो भविष्य में गंभीर क्षति का कारण बनेंगी। इसलिए तकनीकी धैर्य इस पूरे मामले का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष बन गया है।

सोशल माध्यमों ने इस घटना को और भी व्यापक बना दिया। अनेक वीडियो में दिखाई देता है कि मंदिर का ढांचा हट चुका है, चारों ओर मलबा पड़ा है, लेकिन बीच में हनुमान जी की प्रतिमा पूर्ण संतुलन के साथ खड़ी है। इन दृश्यों ने करोड़ों लोगों की भावनाओं को स्पर्श किया। कुछ लोगों ने इसे ईश्वरीय संकेत बताया, तो कुछ ने बिना प्रमाण अनेक कल्पित कथाएँ भी जोड़ दीं। यहीं पर तथ्य और कल्पना के बीच अंतर समझना आवश्यक हो जाता है। सत्य यह है कि प्रतिमा वास्तव में अपने स्थान पर अडिग है और उसे हटाने के प्रयास अभी तक सफल नहीं हुए हैं। किंतु यह कहना कि वैज्ञानिकों ने इसे दैवीय चमत्कार घोषित कर दिया है, पूरी तरह असत्य है। अब तक उपलब्ध सभी आधिकारिक सूचनाएँ केवल तकनीकी अध्ययन और संरक्षा की बात करती हैं।

इस प्रसंग ने एक महत्वपूर्ण प्रश्न भी उठाया है कि विकास और विरासत के बीच संतुलन कैसे स्थापित किया जाए। भारत जैसे प्राचीन सभ्यता वाले देश में नगरों का विस्तार स्वाभाविक आवश्यकता है। सड़कें चौड़ी हों, यातायात सुधरे और नागरिक सुविधाएँ बढ़ें, यह भी आवश्यक है। किंतु इसके साथ ही ऐतिहासिक और धार्मिक धरोहरों का संरक्षण भी उतना ही महत्वपूर्ण दायित्व है। यदि किसी परियोजना के कारण सदियों पुरानी प्रतिमा या सांस्कृतिक स्मारक प्रभावित होता है, तो केवल प्रशासनिक निर्णय पर्याप्त नहीं होता। वहाँ इतिहासकारों, पुरातत्वविदों, अभियंताओं और स्थानीय समाज सभी की सहभागिता आवश्यक हो जाती है। उज्जैन का यह प्रसंग भविष्य की विकास योजनाओं के लिए भी एक महत्वपूर्ण सीख प्रस्तुत करता है।

इतिहास की दृष्टि से भी यह प्रतिमा अत्यंत रोचक है। कुछ पुरातत्व विशेषज्ञों ने प्रारंभिक आकलन में इसकी शैली को राजा भोज कालीन परंपरा से जोड़ने की संभावना व्यक्त की है, जबकि अन्य विशेषज्ञ अभी किसी निश्चित निष्कर्ष पर पहुँचने से पहले वैज्ञानिक परीक्षण की प्रतीक्षा करने की बात कह रहे हैं। इसका अर्थ यह है कि प्रतिमा की वास्तविक आयु और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर अंतिम निर्णय अभी शेष है। भारतीय पुरातत्व में अनुमान और प्रमाण के बीच यही वैज्ञानिक अनुशासन सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। जब तक परीक्षण पूर्ण न हो जाए, तब तक किसी भी दावे को अंतिम सत्य नहीं माना जा सकता।

घटना का सामाजिक प्रभाव भी कम उल्लेखनीय नहीं है। प्रतिमा के आसपास प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ रही है। साधु संत, धार्मिक संस्थाएँ और अनेक सामाजिक संगठन इस विषय पर अपनी राय व्यक्त कर रहे हैं। कुछ प्रमुख सार्वजनिक व्यक्तित्वों ने भी सरकार से आग्रह किया है कि प्रतिमा को यथास्थान सुरक्षित रखा जाए और सड़क योजना पर पुनर्विचार किया जाए। इससे स्पष्ट होता है कि यह केवल एक निर्माण परियोजना का प्रश्न नहीं रहा, बल्कि जनभावना से जुड़ा व्यापक विषय बन गया है। प्रशासन भी भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा और धार्मिक संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए आगे की कार्यवाही कर रहा है।

भारतीय परंपरा में आस्था और विज्ञान को कभी परस्पर विरोधी नहीं माना गया। हमारे प्राचीन मंदिर स्वयं उत्कृष्ट गणित, वास्तु और शिल्प विज्ञान के अद्भुत उदाहरण हैं। इसलिए यदि कोई प्रतिमा अपनी स्थापत्य संरचना के कारण अत्यंत दृढ़ है, तो उसका वैज्ञानिक अध्ययन करना श्रद्धा के विरुद्ध नहीं है। उसी प्रकार यदि करोड़ों लोगों की भावनाएँ उस प्रतिमा से जुड़ी हैं, तो उनका सम्मान करना भी सभ्य समाज का कर्तव्य है। खड़े हनुमान जी की प्रतिमा हमें यही संदेश देती है कि सत्य की खोज धैर्य, संवेदनशीलता और प्रमाण के साथ होनी चाहिए।

आज उज्जैन का यह अडिग स्वरूप केवल एक प्रतिमा का नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बन गया है। मंदिर का ढांचा टूट सकता है, सड़कें बदल सकती हैं और नगरों का स्वरूप विकसित हो सकता है, किंतु विरासत का मूल्य केवल पत्थरों में नहीं, बल्कि उस विश्वास में निहित होता है जो पीढ़ियों को जोड़ता है। खड़े हनुमान की यह कथा हमें याद दिलाती है कि विकास की सबसे मजबूत नींव वही होती है जिसमें इतिहास, आस्था और वैज्ञानिक विवेक तीनों को समान सम्मान दिया जाए।

# दुनिया की चिंता, एआई कैसे बनता जा रहा है भस्मासुर

**संजय सक्सेना,लखनऊ,
वरिष्ठ पत्रकार**

भारत में चल रहा ब्रिक्स सम्मेलन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के फायदे और नुकसान को लेकर दुनिया को आईना दिखाने के लिये एक बड़ा महत्वपूर्ण प्लेटफार्म साबित हो सकता है। एआई क्रांति को लेकर जब हम गहराई में जाते हैं, तो रोजगार से लेकर तमाम क्षेत्रों में इसका प्रभाव और डीपफेक से निपटने के वैश्विक प्रयास दो सबसे बड़े और महत्वपूर्ण किनारे दिखाई देते हैं, जहां आज की दुनिया को एआई को लेकर सबसे सख्त फैसलों और सुरक्षा के लिये सख्त कदम उठाने की जरूरत है। ये दोनों विषय केवल तकनीकी चुनौतियां नहीं हैं, बल्कि ये हमारे सामाजिक ढांचे के स्थायित्व और हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था की शुद्धता से सीधे जुड़े हुए हैं। जब हम रोजगार के मोर्चे पर एआई के असर का विश्लेषण करते हैं, तो यह साफ हो जाता है कि हम श्रम बाजार के एक ऐतिहासिक पुनर्गठन के गवाह बन रहे हैं। अतीत की औद्योगिक क्रांतियों ने नीली वर्दी वाले श्रमिकों यानी मैनुअल लेबर को प्रभावित किया था, लेकिन इस बार की एआई क्रांति सीधे सफेदपोश नौकरियों (वाइट कलर जॉब्स) पर हमला कर रही है। डेटा एंट्री, बुनियादी कोडिंग, कंटेंट राइटिंग, कस्टमर सपोर्ट और कानूनी दस्तावेजों की शुरूआती समीक्षा जैसे काम, जो कभी लाखों युवाओं की आजीविका का साधन थे, अब कुछ सेकंड में एआई द्वारा पूरे किए जा रहे हैं। इसका असर यह हो रहा है कि कॉर्पोरेट जगत में लागत कम करने और मुनाफा बढ़ाने की होड़ मची है, जिससे बड़े पैमाने पर छंटनी और नई नौकरियों के अवसरों में कमी देखी जा रही है। लेकिन इस संकट का एक दूसरा पहलू भी है जिसे विशेषज्ञ स्किल री-ओरिएंटेशन या कौशल का पुनर्गठन कहते हैं। एआई केवल नौकरियां छीन नहीं रहा है, बल्कि यह नए तरह के काम भी पैदा



कर रहा है, जैसे कि प्रॉम्ट इंजीनियर्स, एआई एथिक्स स्पेशलिस्ट और डेटा क्यूरेटर्स। चुनौती यह नहीं है कि दुनिया में काम खत्म हो जाएगा, बल्कि चुनौती यह है कि जिस गति से पुरानी नौकरियां जा रही हैं, क्या हमारा कार्यबल उतनी गति से खुद को अपग्रेड कर पा रहा है? इस बदलाव के कारण समाज में एक बड़ा डिजिटल डिवाइड या आर्थिक असमानता पैदा होने का खतरा है, जहां उच्च तकनीकी कौशल वाले लोग तो बेहद अमीर हो जाएंगे, लेकिन पारंपरिक कौशल वाले लोग पूरी तरह हाशिए पर चले जाएंगे।

इस आर्थिक उथल-पुथल के समानांतर, एक और संकट हमारी सामाजिक स्थिरता को खोखला कर रहा है, और वह है डीपफेक तकनीक का दुरुपयोग। आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मदद से किसी भी व्यक्ति के चेहरे, हाव-भाव और आवाज की ऐसी हूबहू नकल तैयार की जा सकती है कि असली और नकली का अंतर करना लगभग असंभव हो जाता है। चुनावों के दौरान फर्जी राजनीतिक बयान जारी करके मतदाताओं को गुमराह करना, वित्तीय धोखाधड़ी के लिए किसी बड़े अधिकारी या परिवार के सदस्य की नकली आवाज का इस्तेमाल करना और महिलाओं की अश्लील या आपत्तिजनक तस्वीरें बनाकर उन्हें प्रताड़ित करना इसके आम उदाहरण बन चुके हैं। यह तकनीक सीधे तौर पर समाज के सबसे बड़े स्तंभ विश्वास पर चोट करती है। जब समाज में यह धारणा आम हो जाएगी कि जो दिख रहा है या सुनाई दे रहा है वह झूठ हो सकता है, तो सूचनाओं की विश्वसनीयता पूरी तरह खत्म हो जाएगी, जिससे अराजकता की स्थिति पैदा हो सकती है। इस भयानक खतरे को भांपते हुए, पिछले कुछ समय में डीपफेक से निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर अप्रत्याशित प्रयास शुरू हुए हैं। दुनिया भर की सरकारें, तकनीकी कंपनियां और नागरिक समाज अब इस बात पर सहमत हैं कि इस अनियंत्रित तकनीक पर लगाम लगाना बेहद जरूरी है। कानूनी मोर्चे पर, यूरोपीय संघ ने इस दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए एआई एक्ट को लागू किया है, जो दुनिया का पहला व्यापक एआई कानून है। यह कानून हाई-रिस्क एआई प्रणालियों पर कड़े प्रतिबंध लगाता है और डीपफेक सामग्री को अनिवार्य रूप से लेबल करने का नियम बनाता है, ताकि उपभोक्ताओं को पता चल सके कि वे जो देख रहे हैं वह कृत्रिम रूप से तैयार किया गया है। अमेरिका और भारत जैसी बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं ने भी अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा और चुनावी अखंडता को बचाने के लिए कड़े नियम बनाए हैं, जिसके तहत बिना सहमति के किसी का डीपफेक बनाना या उसे सोशल मीडिया पर फैलाना एक गंभीर और दंडनीय अपराध घोषित किया जा चुका है।

इसके साथ ही, तकनीकी कंपनियां अब केवल कानून के भरोसे नहीं बैठी हैं, बल्कि वे तकनीक का मुकाबला तकनीक से ही करने की रणनीति पर काम कर रही हैं। माइक्रोसॉफ्ट, गूगल और मेटा जैसी कंपनियों ने ऐसे एडवांस्ड एल्गोरिदम और टूल विकसित किए हैं जो डीपफेक वीडियो में पिक्सल के स्तर पर होने वाली विसंगतियों और आवाज के कृत्रिम पैटर्न को पकड़ सकते हैं। वॉटरमार्किंग और क्रिप्टोग्राफिक प्रूवनेंस जैसी तकनीकों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे किसी भी डिजिटल कंटेंट के जन्म और उसके इतिहास को ट्रैक किया जा सके। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर कंटेंट ऑथेंटिसिटी इनिशिएटिव्स सीएआई जैसे गठबंधन काम कर रहे हैं, जो डिजिटल मीडिया की प्रामाणिकता की जांच के लिए नए वैश्विक मानक तय कर रहे हैं।

हालांकि, इन तमाम तकनीकी और कानूनी प्रयासों के बावजूद, सबसे बड़ी चुनौती इसकी गति और पहुंच को लेकर है। कानून और डिटेक्शन टूल्स हमेशा एआई के नए अपडेट्स से एक कदम पीछे रह जाते हैं। इसलिए, इस लड़ाई का सबसे महत्वपूर्ण हथियार डिजिटल साक्षरता और जन जागरूकता को माना जा रहा है। जब तक आम नागरिक किसी भी सनसनीखेज वीडियो या ऑडियो को देखने के बाद उस पर तुरंत भरोसा करने के बजाय उसकी सत्यता की जांच करना नहीं सीखेंगे, तब तक डीपफेक का खतरा बना रहेगा। रोजगार का संकट हो या डीपफेक की चुनौती, एआई ने मानवता को एक ऐसे चौराहे पर ला खड़ा किया है जहां हमारा विवेक, हमारी नीतियां और हमारी एकजुटता ही यह तय करेगी कि यह तकनीक हमारा भविष्य संवारेगी या उसे अंधकार में धकेल देगी।

## व्यंग्य
### जब मौत ने कहा–"मैं तो मजाक कर रही थी!"

(संजय एम तराणेकर)

उस अस्पताल में मृत्यु प्रमाण-पत्र से ज्यादा सांसों की वापसी ने मचाई हलचल। देखा जाये तो अस्पतालों में आमतौर पर मरीज इलाज कराने जाते हैं और डॉक्टर बीमारी का इलाज करते हैं। लेकिन कभी-कभी हालात ऐसे बन जाते हैं कि इलाज से पहले खबरों का इलाज जरूरी हो जाता है। रीवा के एक अस्पताल की घटना ने तो मानो चिकित्सा विज्ञान और हास्य के बीच की दूरी ही खत्म कर दी। करीब 80 वर्षीय महिला को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया गया। परिवार ने मन भारी कर लिया, अस्पताल की प्रक्रिया आगे बढ़ने लगी और मामला लगभग समाप्त मान लिया गया।

लेकिन अगले दिन कहानी में ऐसा ट्विस्ट आया कि मौत भी शायद अपनी डायरी लेकर बैठ गई होगी- अरे, मेरा नाम गलत लिख दिया क्या? महिला की सांसें फिर चलती मिलीं। अस्पताल में हड़कंप मच गया। डॉक्टरों ने तत्काल उन्हें दोबारा गंभीर रोगी वार्ड में भर्ती किया और उपचार शुरू कर दिया।

अब सवाल यह नहीं कि सांसें कैसे लौट आईं-सवाल यह है कि मौत की घोषणा इतनी जल्दी क्यों कर दी गई? क्योंकि आजकल हर जगह फास्ट सर्विस का जमाना है। ऑनलाइन खाना जल्दी, मोबाइल रिचार्ज जल्दी, टिकट जल्दी और शायद कुछ जगहों पर मौत की घोषणा भी जल्दी! मगर चिकित्सा कोई फास्ट-फूड काउंटर नहीं है कि– एक मरीज मृत घोषित कर दीजिए और हाँ, पैक करके परिजनों को दे दीजिए!

इस घटना का सबसे बड़ा व्यंग्यात्मक पक्ष यही है कि जिस महिला को कागजों में मृत बता दिया गया था, वह अगले दिन मानो खुद अस्पताल से कह रही हों–

भाइयों, कागज बाद में देख लेना, पहले मुझे सांस लेने दो!

अस्पताल के दस्तावेजों में मृत्यु दर्ज हो चुकी थी, लेकिन जिंदगी ने दस्तावेजों की परवाह किए बिना अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी–42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# 50 हजार किमी सड़कें गड्ढामुक्त करने का लक्ष्य

**मुख्य पृष्ठ के शेष**

अधिकारियों ने बताया कि नौ विभागों के अधीन करीब 4.36 लाख किलोमीटर सड़कों को अभियान में शामिल किया गया है। मौजूदा लक्ष्य के तहत करीब 50 हजार किलोमीटर मार्गों को गड्ढामुक्त किया जाना है। अब तक करीब 5,751 किलोमीटर सड़कों पर काम पूरा हो चुका है।

सड़क नवीनीकरण के लिए करीब 30 हजार किलोमीटर और विशेष मरम्मत के लिए करीब 5 हजार किलोमीटर का लक्ष्य रखा गया है। अब तक करीब 14 हजार किलोमीटर सड़कों का नवीनीकरण और करीब 700 किलोमीटर मार्गों की विशेष मरम्मत पूरी होने की जानकारी दी गई।

**अस्पताल, बाजार और स्कूल जाने वाले मार्ग प्राथमिकता में**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़कें आमजन के रोजमर्रा के जीवन से सीधे जुड़ी हैं। इसलिए शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों, मुख्य बाजारों, सरकारी कार्यालयों और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों तक जाने वाले मार्गों को प्राथमिकता के आधार पर बेहतर स्थिति में रखा जाए। उन्होंने क्षतिग्रस्त मार्गों पर तत्काल काम शुरू कराने के साथ निर्माण कार्यों में तेजी और गुणवत्ता दोनों सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सीएम योगी ने केंद्र और राज्य के संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर भी जोर दिया। बैठक में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के साथ मंडी परिषद, पंचायती राज, सिंचाई, ग्राम्य विकास, नगर विकास, आवास एवं शहरी नियोजन तथा अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग की कार्ययोजनाओं की समीक्षा की गई। (इनपुट : आईएएनएस)

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें। न्यूज़ पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

## जेवर में अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

गौतमबुद्धनगर, 10 सितंबर। उत्तर प्रदेश शासन एवं आबकारी आयुक्त के निर्देश पर अवैध शराब की बिक्री, तस्करी और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी विभाग और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।

जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-6 एवं थाना जेवर पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए धर्मवीर सिंह पुत्र हरिराम सिंह, निवासी मोहल्ला चामड़वाला, थाना जेवर को कैलाश अस्पताल की बाउंड्री के पीछे से गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार, आरोपी के कब्जे से उत्तर प्रदेश मार्का मिस इंडिया देशी शराब के 45 टेट्रा पैक बरामद किए गए। प्रत्येक टेट्रा पैक की क्षमता 200 मिलीलीटर थी, जिसकी कुल मात्रा 9 लीटर (9.00 बल्क लीटर) है। आरोपी शराब को अवैध रूप से बिक्री के लिए रखे हुए था।

मामले में थाना जेवर में उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई।

### अक्षरों से डरने वाले हिमांशु ने पाई सपनों की उड़ान

## 'पोषण भी पढ़ाई भी' योजना से दनकौर देहात के नन्हे हिमांशु में आया आत्मविश्वास, अब खेल-खेल में सीख रहा अक्षर और अंक

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 11 सितंबर। कभी पढ़ाई के नाम से सहम जाने वाला चार वर्षीय हिमांशु अब अक्षरों और संख्याओं को पहचानने के साथ उन्हें कागज पर लिखने लगा है। उत्तर प्रदेश सरकार की 'पोषण भी पढ़ाई भी' योजना और आंगनवाड़ी कार्यकत्री के प्रयासों से दनकौर देहात के इस नन्हे बालक में सीखने का आत्मविश्वास पैदा हुआ है।

हिमांशु जब पहली बार आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचा तो अक्षरों और संख्याओं को पहचानना तथा उन्हें लिखना उसके लिए कठिन था। पढ़ाई की बात सुनकर वह झिझकता और गतिविधियों से दूर रहने का प्रयास करता था। आंगनवाड़ी कार्यकत्री श्रीमती कल्पना ने बच्चे की मनोदशा को समझते हुए पढ़ाई का दबाव बनाने के बजाय खेल और स्नेह के माध्यम से उसे सीखने से जोड़ने का प्रयास किया।




**खेल-खिलौनों से सीखने की शुरूआत**

केंद्र में रंग-बिरंगे चित्रों, खेल-खिलौनों, बालगीतों, कविताओं और कहानियों के माध्यम से हिमांशु को अक्षरों और संख्याओं से परिचित कराया गया। शिक्षण-अधिगम सामग्री की मदद से सीखने की प्रक्रिया को रोचक बनाया गया। धीरे-धीरे हिमांशु गतिविधियों में शामिल होने लगा। जब उसने पहली बार किसी अक्षर की सही पहचान की तो मिली सराहना ने उसके भीतर आत्मविश्वास जगाया। इसके बाद अभ्यास का सिलसिला आगे बढ़ा और अब वह अक्षरों व संख्याओं को पहचानने के साथ उन्हें अपनी नन्हीं उंगलियों से कागज पर लिखने लगा है।

**परिवार के भरोसे ने भी बढ़ाया हौसला**

हिमांशु के इस बदलाव में आंगनवाड़ी कार्यकत्री श्रीमती कल्पना के निरंतर प्रयासों के साथ उसके माता-पिता श्री विजय और श्रीमती राजेश का सहयोग भी महत्वपूर्ण रहा। घर और आंगनवाड़ी केंद्र में सीखने के लिए सकारात्मक वातावरण मिलने से बच्चे की झिझक दूर हुई और उसकी गतिविधियों में सहभागिता बढ़ी। आज हिमांशु आंगनवाड़ी केंद्र में पूरे उत्साह के साथ गतिविधियों में भाग लेता है और निडर होकर सवालों के जवाब देता है। यह बदलाव बताता है कि बच्चों को सीखने के लिए दबाव से अधिक स्नेह, खेल और प्रोत्साहन की जरूरत होती है।

हिमांशु की कहानी उन बच्चों के लिए प्रेरणा है, जिन्हें सही अवसर और अपनापन मिलने पर अपनी प्रतिभा को निखारने का मौका मिल सकता है।

'पोषण भी पढ़ाई भी' जैसी पहल के जरिए आंगनवाड़ी केंद्र बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा से जोड़ने के साथ उनके आत्मविश्वास की नींव भी मजबूत कर रहे हैं। सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# राष्ट्रीय लोक अदालत आज, लंबित मामलों का होगा सुलह से निस्तारण

### गौतमबुद्धनगर में मुख्यालय समेत सभी तहसील न्यायालयों में आयोजन, चालान निस्तारण के लिए हेल्प डेस्क और टेली सेवा

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 11 सितंबर। जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव ने शुक्रवार को राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार को लेकर दीवानी न्यायालय परिसर में प्रेसवार्ता की। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत 12 सितंबर, शनिवार को सुबह 10 बजे से जनपद मुख्यालय सहित सभी तहसील न्यायालयों में आयोजित की जाएगी। लोक अदालत में आपसी सहमति और समझौते के आधार पर विभिन्न लंबित एवं सुलह योग्य मामलों का निस्तारण किया जाएगा। इनमें मोटर दुर्घटना प्रतिकर, वैवाहिक विवाद, उत्तराधिकार, दीवानी वाद, एनआई एक्ट की धारा 138, ई-चालान, आर्बिट्रेशन, लघु शमनीय वाद, विद्युत अधिनियम और भू-राजस्व से जुड़े मामले शामिल हैं। इसके अलावा सेवा, पेंशन, श्रम तथा प्री-लिटिगेशन स्तर के बैंक ऋण, विद्युत और बीएसएनएल के टेलीफोन बिल से संबंधित मामलों का भी आपसी समझौते से निस्तारण किया जाएगा।

**चालान की जानकारी के लिए टेली सेवा**




जनसामान्य को लंबित मामलों और मोटर वाहन चालान से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने के लिए दीवानी न्यायालय की ओर से टेली सेवा शुरू की गई है। 11 और 12 सितंबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मोबाइल नंबर 7678643985 पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

वादकारियों की सुविधा के लिए दीवानी न्यायालय परिसर में चार हेल्प डेस्क भी बनाए गए हैं। ये हेल्प डेस्क कंप्यूटर कक्ष और गेट नंबर-2 के पास स्थापित जन सेवा केंद्र से संचालित होंगे। यहां से लोग अपने मुकदमों और मोटर वाहन चालान से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

**पेमेंट सेतु से चालान निस्तारण की सुविधा**

मोटर वाहन चालानों के सुगम निस्तारण के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट की ओर से संचालित पेमेंट सेतु लिंक की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। हेल्प डेस्क के माध्यम से इस सुविधा का लाभ लेकर चालान का निस्तारण कराया जा सकता है।

जनपद न्यायाधीश ने लोगों से अपील की कि वे अपने लंबित मामलों के त्वरित और सुलभ निस्तारण के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत, टेली सेवा और हेल्प डेस्क की सुविधाओं का अधिकाधिक लाभ उठाएं।

इस अवसर पर अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत सोमप्रभा मिश्रा तथा प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (तृतीय) विरेक अग्रवाल मौजूद रहे। सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

## आबकारी विभाग ने शराब दुकानों का किया औचक निरीक्षण

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 10 सितंबर। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार के नेतृत्व में जनपद में अवैध शराब की बिक्री, तस्करी एवं परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। अभियान के तहत जनपदीय आबकारी टीमों ने विभिन्न शराब दुकानों और बार अनुज्ञापनों का आकस्मिक निरीक्षण किया।

टीमों ने देशी शराब, कंपोजिट शॉप, मॉडल शॉप, प्रीमियम रिटेल शॉप एवं बार का निरीक्षण करते हुए अनुज्ञापियों और विक्रेताओं को शराब के विभिन्न ब्रांड निर्धारित तरीके से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। साथ ही पॉस मशीन से स्कैन कर निर्धारित मूल्य पर ही मदिरा की बिक्री सुनिश्चित करने को कहा गया।




अभियान के दौरान कैंटीनों की भी गहनता से जांच की गई। शराब दुकानों पर गोपनीय टेस्ट परचेज कर बिक्री व्यवस्था की जांच की गई। इसके अलावा सभी मदिरा दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग रियल टाइम में संचालित रखने के निर्देश दिए गए, ताकि बिक्री प्रक्रिया और दुकान की गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी बनी रहे।




# यूपी ट्रेड शो की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा प्रशासन

### उद्योगों और आरडब्ल्यूए से सहभागिता का आह्वान, यातायात-सुरक्षा और पार्किंग व्यवस्था पर विशेष जोर

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 11 सितंबर। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले यू.पी. इंटरनेशनल ट्रेड शो-2026 के चौथे संस्करण की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने गतिविधियां तेज कर दी हैं। अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे की अध्यक्षता में उद्योग प्रतिनिधियों, आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों, पुलिस एवं प्राधिकरणों के अधिकारियों के साथ अलग-अलग बैठकों में आयोजन की तैयारियों और व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि यू.पी. इंटरनेशनल ट्रेड शो उत्तर प्रदेश की औद्योगिक क्षमता, निवेश संभावनाओं, नवाचार, उद्यमिता, कला और संस्कृति को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने जनपद के उद्योगों और आरडब्ल्यूए संगठनों से



अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा देश-विदेश से आने वाले खरीदारों, निवेशकों और व्यापारिक प्रतिनिधियों से संवाद बढ़ाने का आह्वान किया।

**ओडीओपी से डिफेंस और स्टार्टअप तक होंगे आकर्षण**

ट्रेड शो में ओडीओपी, ओडीओसी, युवा उद्यमी, एमएसएमई, स्टार्टअप, डिफेंस एवं एयरोस्पेस, ऑटो एवं इलेक्ट्रिक वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी, सिविल एविएशन, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण, फार्मा एवं हेल्थकेयर, नवीकरणीय ऊर्जा, हैंडलूम-हैंडीक्राफ्ट-खादी, टेक्सटाइल, लॉजिस्टिक्स और बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों के उत्पाद एवं सेवाएं प्रदर्शित की जाएंगी।

आयोजन में उत्तर प्रदेश की कला, संस्कृति, क्राफ्ट और कुजीन की समृद्ध विरासत भी देखने को मिलेगी। प्रशासन का कहना है कि ट्रेड शो के माध्यम से स्थानीय उत्पादों और आधुनिक तकनीक को व्यापक बाजार तथा संभावित निवेशकों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

**यातायात और सुरक्षा पर विशेष फोकस**

पुलिस एवं प्राधिकरणों के अधिकारियों के साथ बैठक में यातायात, वीआईपी मूवमेंट, सुरक्षा, पार्किंग, शटल सेवा, बैरिकेडिंग, डायवर्जन, सीसीटीवी निगरानी, स्वच्छता, विद्युत, पेयजल, प्रकाश, प्राथमिक चिकित्सा और साइनेज सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।

अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आयोजन स्थल के आसपास और प्रमुख मार्गों पर दिशा-सूचक बोर्ड समय से लगाए जाएं। पर्याप्त पार्किंग और आगंतुकों के सुगम आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय-सीमा में तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।

**निःशुल्क रहेगा प्रवेश**

ट्रेड शो में प्रवेश निःशुल्क रहेगा और क्यूआर कोड के माध्यम से पंजीकरण किया जा सकेगा। बिजनेस विजिटर्स के लिए प्रवेश का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक, जबकि आम दर्शकों के लिए दोपहर 3 बजे से रात 8 बजे तक रहेगा। आयोजन स्थल पर निःशुल्क पार्किंग, रिटेल बिक्री और लकी ड्रॉ की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। ट्रेड शो से संबंधित जानकारी UPITS-2026 मोबाइल ऐप के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी।

प्रशासन ने उद्योग प्रतिनिधियों, आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों, उद्यमियों और जनपदवासियों से ट्रेड शो में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। अधिकारियों ने कहा कि आयोजन को भव्य, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने में सभी विभागों और संगठनों की सहभागिता महत्वपूर्ण है।

बैठकों में डीसीपी रवि शंकर निम, सिटी मजिस्ट्रेट अरविंद कुमार मिश्र, उपायुक्त उद्योग पंकज निर्वाण, एसीपी ग्रेटर नोएडा कृष्णपाल सिंह, एसीपी ट्रैफिक शकील मोहम्मद, एआरटीओ प्रवर्तन डॉ. उदित नारायण पाण्डेय, आरएम नोएडा एम.के. सिंह, एआरएम ग्रेटर नोएडा समीना अंजुम, एआरएम गाजियाबाद एस.डी. शर्मा, इंडिया एक्सपो मार्ट के सीईओ सुदीप सरकार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, उद्योग प्रतिनिधि और आरडब्ल्यूए पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## 1.130 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा, 10 सितंबर। थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने बीट पुलिसिंग और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 किलो 130 ग्राम गांजा बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान अजय कुमार पुत्र संतोष कुमार, निवासी एंजर, थाना बलदीरा, सुल्तानपुर, वर्तमान पता डेल्टा-1, थाना सूरजपुर,




गौतमबुद्धनगर, उम्र करीब 21 वर्ष के रूप में हुई है। आरोपी को सेक्टर-153 नोएडा से गिरफ्तार किया गया।

मामले में थाना नॉलेज पार्क में मु0अ0सं0 225/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई है।

पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ सुल्तानपुर और मऊ जनपद के विभिन्न थानों में चोरी, बरामदगी एवं अन्य धाराओं से संबंधित कुल छह अन्य मुकदमे भी दर्ज हैं। पुलिस आरोपी के आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है।

## अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश, 18 मोटरसाइकिल बरामद

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा, 11 सितंबर। थाना दादरी पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दोपहिया वाहन चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने गिरोह के तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी कब्जे और निशानदेही से चोरी की 18 मोटरसाइकिलें तथा एक अवैध चाकू बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कलुआ पुत्र इलियास, निवासी नई आबादी कस्बा व थाना दादरी, नितिन पंडित पुत्र प्रेमचंद, निवासी न्यादरगंज कस्बा व थाना दादरी तथा अनमोल भारती पुत्र विजेंद्र कुमार, निवासी डूडा कॉलोनी, चिटहैरा, थाना दादरी के रूप में हुई है। तीनों की उम्र क्रमशः करीब 35, 18 और 18 वर्ष है। आरोपियों को ग्राम कोट के सर्विस रोड स्थित श्मशान घाट के पास से गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में मोटरसाइकिलों की रेकी कर उन्हें चोरी करते थे। चोरी के वाहनों को जंगल अथवा सुनसान स्थानों पर छिपाने के बाद राह चलते लोगों को सस्ते दामों पर बेच देते थे। इससे मिलने वाली रकम को आपस में बांटकर व्यक्तिगत जरूरतों और मौज-मस्ती में खर्च करते थे।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और निशानदेही से विभिन्न नंबरों वाली कुल 18 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। इनमें कुछ वाहनों के पंजीकरण नंबर उपलब्ध हैं, जबकि कुछ की पहचान इंजन नंबर के आधार पर की जा रही है। इसके अलावा आरोपी कलुआ के कब्जे से एक अवैध चाकू भी बरामद हुआ।

मामले में थाना दादरी में मु0अ0सं0 450/2026, धारा 317(5) बीएनएस एवं धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सेक्टर-51 में सीवर ओवरफ्लो और जलभराव की समस्या का होगा समाधान

### 8 एमएलडी क्षमता के सम्पवेल का विधायक पंकज सिंह ने किया शिलान्यास, 4.83 करोड़ रुपये से बनेगी परियोजना

समाज जागरण

नोएडा, 12 सितंबर। सेक्टर-51 नोएडा में सीवर ओवरफ्लो और बरसात के दौरान होने वाले जलभराव की समस्या से लोगों को राहत दिलाने की दिशा में नोएडा प्राधिकरण ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। शनिवार को सेक्टर-51 में सिंचाई विभाग के नाले के पास 8 एमएलडी क्षमता के सम्पवेल का शिलान्यास विधायक पंकज सिंह ने किया। परियोजना की अनुमानित निर्माण लागत 483.34 लाख रुपये यानी करीब 4.83 करोड़ रुपये है।





शिलान्यास कार्यक्रम का शुभारंभ नारियल तोड़कर किया गया। विधायक पंकज सिंह एवं नोएडा प्राधिकरण की जनरल मैनेजर आरती सिंह के अनुरोध पर आरडब्ल्यूए सेक्टर-51 के महासचिव संजीव कुमार ने परंपरागत रूप से नारियल तोड़कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक पंकज सिंह ने फीता काटकर प्रस्तावित सम्पवेल परियोजना का औपचारिक शुभारंभ किया। परियोजना के पूरा होने के बाद सेक्टर-51, केंद्रीय विहार और होशियारपुर क्षेत्र के साथ ड्रेन डी-11 एवं डी-10 को सम्पवेल के माध्यम से जोड़ा जाएगा। इसके बाद सीवर के पानी को एसटीपी-50 के माध्यम से शोधित कर निस्तारित किया जाएगा। यह व्यवस्था एनजीटी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप किए जाने की योजना है।

**जलभराव से भी मिलेगी राहत**

सम्पवेल के निर्माण से सेक्टर-51 सहित आसपास के क्षेत्रों में सीवर ओवरफ्लो की समस्या को नियंत्रित करने में मदद मिलने की उम्मीद है। साथ ही बरसात के दौरान जलभराव की समस्या के समाधान की दिशा में भी यह परियोजना महत्वपूर्ण साबित होगी।

कार्यक्रम में डीडी आरडब्ल्यूए फेडरेशन के अध्यक्ष ठाकुर एनपी सिंह, सेक्टर-51 आरडब्ल्यूए महासचिव संजीव कुमार, ए एंड बी ब्लॉक अध्यक्ष अनिता जोशी, एच ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र यादव, केंद्रीय विहार के अध्यक्ष करण, जनरल सेक्रेटरी शरद जैन, ए.के. सरीन, मनीष बवेजा, सौरव जैन, पवन कुमार शर्मा, करतार चौहान, ओमवीर अवाना, राम कृष्ण यादव, डीडी आरडब्ल्यूए फेडरेशन से अनिल खन्ना एवं अनिल सिंह सहित नोएडा प्राधिकरण के सीवर विभाग और वर्क सर्कल-3 की टीम तथा अन्य लोग मौजूद रहे।

## चोरी के लैपटॉप और चार मोबाइल के साथ युवक गिरफ्तार

### नॉलेज पार्क पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध चाकू भी बरामद किया

ग्रेटर नोएडा, 10 सितंबर। थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के आधार पर कार्रवाई करते हुए चोरी करने के आरोपी एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी का एक लैपटॉप, चार मोबाइल फोन और एक अवैध चाकू बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान विकास कुमार पुत्र मुकेश सिंह, निवासी नगला खुबा, थाना पिसाबा, अलीगढ़, वर्तमान निवासी ग्राम पतलाखेड़ा, थाना दनकौर, गौतमबुद्धनगर, उम्र करीब 21 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को ग्राम मोमनाथल की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया।

पुलिस के मुताबिक बरामद लैपटॉप थाना नॉलेज पार्क में दर्ज मु0अ0सं0 188/2026 से संबंधित चोरी का है। इसके अतिरिक्त आरोपी के कब्जे से चोरी के चार मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। तलाशी के दौरान एक अवैध चाकू भी मिला।

**दो मुकदमे दर्ज**

इस मामले में थाना नॉलेज पार्क में मु0अ0सं0 188/2026, धारा 303(2), 317(2) बीएनएस तथा मु0अ0सं0 226/2026, धारा 317(5) बीएनएस एवं धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किए गए हैं।

# रेलवे सिग्नल के जंपर वायर चोरी का खुलासा, तीन चोर समेत कबाड़ी गिरफ्तार

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। रेलवे संपत्ति की चोरी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन रेल संपत्ति सुरक्षा के तहत आरपीएफ फिरोजाबाद ने रेलवे सिग्नल के जंपर वायर चोरी करने वाले तीन आरोपियों समेत चोरी की संपत्ति खरीदने वाले एक कबाड़ी को गिरफ्तार किया है। चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।



आरपीएफ के अनुसार 7 सितंबर को हिरणगांव पूर्वी यार्ड के किलोमीटर संख्या 1238/28-26 पर अज्ञात चोरों ने रेलवे सिग्नल में लगे तीन जंपर वायर काटकर चोरी कर लिए थे। मामले में आरपीएफ पोस्ट फिरोजाबाद पर मुकदमा अपराध संख्या 02/2026 के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

घटना के खुलासे के लिए गठित टीम ने 10 सितंबर को कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर चोरी के जंपर वायर खरीदने वाले कबाड़ी को भी दबोच लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में लव कुश पुत्र मिक्सिंग (20), पुष्पेंद्र पुत्र सुनहरी लाल (22) और सुरेश पुत्र मोतीलाल (20) निवासी ग्राम गुरखुआ/गोरखावा, थाना नगला सिंघी शामिल हैं। वहीं चोरी की रेलवे संपत्ति खरीदने के आरोप में हुमायूंपुर निवासी कबाड़ी छोटेलाल पुत्र स्वर्गीय जीवाराम (55) को गिरफ्तार किया गया।

**नशे की लत पूरी करने के लिए करते थे चोरी**

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे शराब के नशे के आदी हैं और नशे की जरूरत पूरी करने के लिए रेलवे सिग्नल के वायर काटकर चोरी करते थे। तारों को जलाकर उनमें से तांबा निकालते और उसे कबाड़ी को बेच देते थे। बिक्री से मिलने वाले रुपये नशे में खर्च करते थे।

कार्रवाई करने वाली टीम में आईपीएफ फिरोजाबाद नरेश कुमार, एएसआई धीरेंद्र कुमार यादव, हेड कांस्टेबल प्रेमपाल यादव, धर्मेंद्र कुमार, कांस्टेबल देवकीनंदन मीणा और सीआईबी टूंडला के मोहित राठी शामिल रहे।

# फिरोजाबाद पुलिस ने मैनपुरी को 6-0 से हराया

19वीं अंतर्जनपदीय पुलिस हॉकी प्रतियोगिता शुरू, डीआईजी शैलेश कुमार पांडेय ने किया शुभारंभ

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद। पुलिस लाइन के मैदान पर शुक्रवार से 19वीं अंतर्जनपदीय पुलिस हॉकी प्रतियोगिता शुरू हो गई। आगरा जोन की महिला और पुरुष पुलिस टीमों के बीच होने वाली प्रतियोगिता का उद्घाटन आगरा परिक्षेत्र के डीआईजी शैलेश कुमार पांडेय ने किया। पहले मुकाबले में फिरोजाबाद की पुरुष टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैनपुरी को 6-0 से करारी शिकस्त दी। प्रतियोगिता 11 से 13 सितंबर तक चलेगी। इसमें आगरा जोन की आठ पुलिस टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। उद्घाटन समारोह में सभी टीमों ने मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी। फिरोजाबाद टीम के कप्तान अभिषेक ने खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाई। इसके बाद डीआईजी ने प्रतियोगिता शुरू कराने की घोषणा की। उद्घाटन मैच में फिरोजाबाद और मैनपुरी की टीमें आमने-सामने रहीं। शुरूआत से ही फिरोजाबाद के खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल दिखाया और लगातार गोल करते हुए मैनपुरी पर दबाव बनाए रखा। अंत में फिरोजाबाद ने 6-0 के अंतर से मुकाबला जीत लिया। डीआईजी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान एसएसपी आदित्य लांग्हे, राजपत्रित अधिकारी, आयोजन समिति के सदस्य, टीम मैनेजर और विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ी मौजूद रहे।

# नदियों को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए चिन्हित कृत्रिम कुंडों पर ही होगा गणेश प्रतिमा विसर्जन - उप जिलाधिकारी सदर

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद । नदियों की पवित्रता, अविरलता और स्वच्छता को अक्षुण्ण बनाए रखने तथा पर्यावरण संरक्षण के महाभियान को गति देने के लिए तहसील सदर सभागार में उप जिला अधिकारी सदर सुदर्शन कुमार की अध्यक्षता एवं तहसीलदार सदर सुशील कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में 'यमुना निगरानी समिति' की एक अति-महत्वपूर्ण बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जिसमें, आगामी 14 सितंबर से 25 सितंबर तक श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजित होने वाले दस दिवसीय 'श्री गणेश महोत्सव' तथा प्रतिमा विसर्जन की व्यवस्थाओं को अभेद्य सुरक्षा और उत्कृष्ट नागरिक सुविधाओं से सुसज्जित करने हेतु व्यापक एवं ठोस कार्ययोजना तैयार की गई। माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के सख्त आदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने और पवित्र नदियों को जल प्रदूषण से बचाने के




संकल्प के साथ एसडीएम सदर ने स्पष्ट किया कि किसी भी परिस्थिति में नदियों में सीधे प्रतिमा विसर्जन की अनुमति नहीं होगी। देव प्रतिमाओं का विसर्जन केवल जिला प्रशासन द्वारा विशेष रूप से निर्मित एवं चिन्हित कृत्रिम कुंडों व तालाबों पर ही पूर्ण विधि-विधान से कराया जाएगा, ताकि जनहानि और जल प्रदूषण दोनों को पूरी तरह रोका जा सके। साथ ही, समस्त जनपदवासियों से भावुक अपील की है कि वे धर्म की मयार्दा के साथ-साथ पर्यावरण धर्म का भी पालन करें और केवल जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित कृत्रिम कुंडों पर ही प्रतिमा विसर्जन कर पवित्र यमुना एवं अन्य नदियों को स्वच्छ व निर्मल बनाए रखने के इस पवित्र महायज्ञ में अपना ऐतिहासिक योगदान प्रदान करें। विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों और ऊर्जावान स्वयंसेवकों के बहुमूल्य सुझावों पर तत्काल संज्ञान लेते हुए प्रशासन ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को विसर्जन स्थलों पर मोबाइल टॉयलेट वैन, डस्टबिन, उच्चस्तरीय प्रकाश व्यवस्था, निर्बाध यातायात प्रबंधन, सुव्यवस्थित पार्किंग, प्रशिक्षित गोताखोरों की तैनाती, अग्निशमन वाहन, एम्बुलेंस, त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं तथा महिला पुलिस बल की मुस्तैद तैनाती के सख्त निर्देश जारी किए।

इस अवसर पर मुख्य रूप से फायर सर्विस से एसआई सुरेश चंद्र, राजस्व निरीक्षक (चन्द्रवार) महेंद्र सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी अजय पाल सिंह तथा राजस्व विभाग से लेखपाल जुगेंद्र सिंह, सुमित कुमार तिवारी, लोकेश कुमार, उदयभान सिंह, संजय सिंह, आशीष पाराशर, विनय कुमार, प्रेमपाल सिंह, राधेश्याम व प्रमोद कुमार मौजूद रहे। वहीं समाजसेवी संस्थाओं व गणमान्य नागरिकों में जन आधार कल्याण समिति के सचिव प्रवीन कुमार शर्मा, विवेक शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी नितेश अग्रवाल जैन, प्राचीन मारुति नंदन हनुमान मंदिर (चन्द्रवार) से विकास बंसल, प्राचीन तीर्थ अतिशय चंद्रवाड़ जैन मन्दिर से योगेन्द्र प्रकाश जैन, पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय फाउंडेशन से भगवान दास शंखवार, जन कल्याण विकास समिति से कृष्ण मोहन चक्रवर्ती एडवोकेट, आदर्श विकास संस्थान से राजेश दुबे 'आदर्श' व भानु उपाध्याय, श्री गौ सेवा धाम गोशाला से विवेक तिवारी कन्हैया, सहयोग सेवा संस्थान से आकृति सहयोगी, एसए ब्लड डोनेशन क्लब से सतीश चंद्र प्रजापति व रीतेश कुमार आर्य, महिला एवं बाल साक्षरता फाउंडेशन से रविता गुप्ता, रिंकी शर्मा, स्वाती कश्यप, हिमांशी, रोशनी शर्मा, रोशनी अग्रवाल, सोमेश कुमार, प्रदीप शर्मा 'गुड्डा पहलवान', सपना शर्मा, दिलीप प्रजापति, सुनील दत्त गुप्ता सहित विभिन्न सहयोगी संस्थाओं के पदाधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# गुम हुए 151 मोबाइल बरामद, 31 लाख के फोन पाकर खिले चेहरे

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद। सर्विलांस सेल और जनपद पुलिस की टीम ने सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के आधार पर 151 गुम मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद मोबाइल की अनुमानित कीमत करीब 31 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने सभी मोबाइल उनके वास्तविक आवेदकों के सुपुर्द कर दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक राजेश घुनावत के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी साइबर अपराध शेखर सेंगर के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। सर्विलांस सेल ने जिले के सभी थानों की पुलिस टीमों के साथ समन्वय कर सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज मोबाइल गुमशुदगी की शिकायतों को खंगाला। पुलिस के अनुसार बरामद मोबाइल में रियलमी के 23, वीवो के 43, ओप्पो के 25, रेडमी के 11, सैमसंग के 10, मोटोरोला के 10, पोको के सात, वनप्लस के छह, इनफिनिक्स के पांच, आईक्यू के चार, टेक्नो के तीन, लावा के दो तथा आईटेल और नथिंग के एक-एक मोबाइल शामिल हैं।

पुलिस के मुताबिक जिले में अब तक सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से विभिन्न जनपदों और राज्यों की पुलिस के साथ समन्वय कर 1,898 गुम मोबाइल फोन बरामद किए जा चुके हैं। मोबाइल वापस मिलने पर आवेदकों ने पुलिस का आभार जताया। अभियान में निरीक्षक मुकेश कुमार, प्रभारी सर्विलांस सेल, टीम सहित तथा जनपद के समस्त थाना प्रभारी और पुलिस टीम शामिल रही।

# राष्ट्रीय लोक अदालत आज, चालान समेत कई मामलों का होगा निस्तारण

न्यायालय परिसर में बनेगा हेल्प डेस्क, परिवहन विभाग लगाएगा विशेष स्टॉल

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार को जनपद न्यायालय परिसर समेत जिले के संबंधित न्यायालयों में किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित लोक अदालत में लंबित और प्री-लिटिगेशन मामलों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा। वादकारियों की सुविधा के लिए न्यायालय परिसर में हेल्प डेस्क बनाई जाएगी। यहां वादकारी अपने मुकदमे की स्थिति और लोक



अदालत में निस्तारण की प्रक्रिया की जानकारी ले सकेंगे। परिवहन एवं यातायात विभाग की ओर से विशेष स्टॉल लगाया जाएगा। इसमें वाहन चालान और यातायात से जुड़े मामलों के संबंध में सहायता दी जाएगी। लोक अदालत में बैंक ऋण, विद्युत, दूरसंचार, मोटर दुर्घटना प्रतिकर, पारिवारिक एवं वैवाहिक विवाद, चेक बाउंस, श्रम और राजस्व से जुड़े मामलों समेत अन्य सुलह योग्य वादों का निस्तारण होगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने लोगों से लोक अदालत में पहुंचकर विवादों का आपसी सहमति से समाधान कराने की अपील की है। अधिकारियों के अनुसार लोक अदालत के माध्यम से समय और धन की बचत होती है। इसके लिए संबंधित विभागों और न्यायिक अधिकारियों के समन्वय से तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# ट्रामा सेंटर में जमीन पर चादर बिछाकर हुआ रोगियों का इलाज

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में मरीजो के उपचार के लिये पलँग खाली न होने पर चिकित्सक द्वारा जमीन पर चादर बिछाकर उन्हें उपचार दिया गया जिसका उदाहरण है, ट्रामा सेंटर में बना ईडी-3 वार्ड जिसमे बायरल बुखार आदि के कारण मरीजो की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ने के कारण उनके उपचार के लिये पलँग भी खाली नही है। जिसकी बजह से उन्हें उपचार देने के लिये जमीन पर ही लिटा कर ड्रिप लगाई गयी।



गौरतलब है, ट्रॉमा सेंटर व दो सौ शैय्या पर अव्यवस्थाओ को देखते हुए जिलाधिकारी सन्तोष कुमार शर्मा ने भी औचक निरीक्षण किया था। और सुधार करने के लिये निर्देश देने के साथ -साथ डिप्टी कलेक्टर अंकित वर्मा को नामित किया गया है। जो मेडिकल कॉलेज व ट्रॉमा सेंटर का स्थलीय निरीक्षण कर दैनिक रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रस्तुत करेंगे। जमीन पर रोगियों को उपचार देने के बारे मैं ट्रॉमा सेंटर के एच0ओ0डी डॉ सिद्धार्थ से जानकारी चाही तो उन्होंने बताया कि मरीजो की हालत देखते हुए उन्हें उपचार देना जरूरी था। और में बिल्कुल असहाय हूँ। क्योंकि मेरे पास एक पलँग पर दो-दो मरीज लेटे हुए है। इस लिये पहले मरीज का उपचार करना जरूरी होता है। जिससे उनकी जान बचाई जा सके। व्यवस्था करना मेरे हाथ मे नही है। यहाँ पलँगो की संख्या कम हैं। जिनको यहाँ बढ़ाना चाहिये। इसके लिये मैने सीएमएस डॉ नबीन जैन को भी कहा है। कि पलँगो की व्यवस्था करवा दें। लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई। गौर तलब है 200 सैया मैं एक मंजिल अभी भी खाली है वहांभी व्यवस्था की जा सकती है कोविड काल में भी स्थिति भयकर हुई थी परंतु तत्कालीन प्राचार्य संगीता अनेजा और सीएमएस डॉक्टर आलोक शर्मा की सूझ बूझ से सभी का इलाज हुआ और किसी को कोई परेशानी नहीं हुई।

# बाबा नीम करौली की जन्मस्थली पर बनेगा भव्य कॉरिडोर

डीएम ने अकबरपुर - नागऊ पहुंचकर विकास कार्यों का लिया जायजा, पांच हेक्टेयर से अधिक भूमि खरीद की प्रक्रिया तेज

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। बाबा नीम करौली की जन्मस्थली अकबरपुर-नागऊ में पर्यटन सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। इसके लिए पर्यटन विभाग की ओर से भव्य कॉरिडोर बनाने की तैयारी है। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने शुक्रवार को जन्मस्थली का स्थलीय निरीक्षण कर चल रहे और प्रस्तावित विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। डीएम ने बताया कि प्रदेश सरकार ने पर्यटन नीति-2022 में संशोधन कर नीम करौली बाबा सर्किट को शामिल किया है। इसमें लखनऊ, फरुर्खाबाद, फिरोजाबाद की जन्मस्थली अकबरपुर-नागऊ और मथुरा-वृंदावन को जोड़ा गया है। इससे धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार और निवेश के अवसर बढ़ेंगे।



**तीन चरणों में विकसित हो रही जन्मस्थली**

जन्मस्थली पर पहले चरण में 865.98 लाख रुपये की लागत से डॉरमेट्री, रेस्तरां, सभा स्थल, डिजिटल लाइब्रेरी, सीसी रोड, सेप्टिक टैंक, समरसेबुल पंप और साइट डेवलपमेंट के कार्य कराए जा रहे हैं। दूसरे चरण में 222.47 लाख रुपये से टॉयलेट ब्लॉक, गार्ड रूम, सीसी रोड, नाली, पेवर, ट्यूबवेल, बाहरी विद्युत और म्यूरल वर्क कराया जाना है। ग्रामीण पर्यटन विकास के तहत 55.44 लाख रुपये की लागत से प्रवेश द्वार, साइनेज, बेंच और डस्टबिन सहित अन्य सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

**बनेगा पर्यटन सुविधा केंद्र और म्यूजियम**

डीएम ने बताया कि जन्मस्थली के समग्र विकास के लिए पांच हेक्टेयर से अधिक भूमि खरीदने की प्रक्रिया चल रही है। भूमि मिलने के बाद भव्य प्रवेश द्वार, पर्यटन सुविधा केंद्र एवं आश्रम, ध्यान-वेलनेस सेंटर, बहुउद्देशीय सभा स्थल, पार्किंग, फूड कोर्ट, म्यूजियम एवं इंटरप्रिटेशन सेंटर, ओपन एयर थिएटर और प्रसाद मंडप बनाया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूरा कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम टूंडला समेत जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# सीएमओ ने स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण, गांव-गांव कैंप लगाने के निर्देश

एआरवी-एएसवी की उपलब्धता परखी, आयुष्मान कार्ड के साथ टीबी, कुष्ठ और कैंसर की जांच कराने को कहा

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। संचारी रोग नियंत्रण अभियान और सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने शुक्रवार को खैरगढ़, हाथवंत और कटेना हर्षा के स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने आकस्मिक चिकित्सा की दवाओं की उपलब्धता परखी और शासन स्तर से जारी निदेशों का पालन करने के निर्देश दिए। सीएमओ ने स्वास्थ्य केंद्रों पर एआरवी और



एएसवी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। चिकित्सा प्रभारियों को निर्देश दिए कि वे क्षेत्र में भ्रमण कर पात्र लोगों के शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनवाएं। टीबी रोगियों की जांच और उपचार के साथ कुष्ठ रोगियों की खोज के लिए अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। एमसीडी कार्यक्रम के तहत कैंसर स्क्रीनिंग के लिए गांव-गांव शिविर लगाने और लोगों को जागरूक करने को कहा गया। शिविरों में आयुष्मान कार्ड बनाने के साथ टीबी, कैंसर और कुष्ठ रोग की जांच कराने पर जोर दिया गया। हाइपरटेंशन और मधुमेह की जांच भी अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए गए। सीएमओ ने ओपीडी में आने वाले प्रत्येक मरीज का ओरल चेकअप कराने को कहा। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने और जरूरी दवाओं की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए।

# नजीबाबाद में दर्दनाक हादसा सड़क किनारे खाना खा रहे पंजाब के तीन सिख युवकों को कार ने रौंदा, मौत

हरिद्वार-काशीपुर हाईवे पर बड़ा हादसा
स्विफ्ट डिजायर ने तीन युवकों को कुचला, पीलीभीत से पंजाब लौट रहे थे तीनों

**दैनिक समाज जागरण**
**मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

नजीबाबाद हरिद्वार-काशीपुर हाईवे पर सरवनपुर तिराहा के पास देर रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में पंजाब के तीन सिख युवकों की मौत हो गई। तीनों युवक हाईवे की पटरी पर बैठकर खाना खा रहे थे, तभी पीछे से आई तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। मृतकों की पहचान अर्शदीप सिंह निवासी फिरोजपुर, गगनदीप सिंह निवासी पटियाला और मनदीप सिंह निवासी पंजाब के रूप में हुई

हैजानकारी के अनुसार तीनों युवक पिकअप वाहन में घोड़े लेकर पीलीभीत से पंजाब की ओर जा रहे थे। रास्ते में सरवनपुर तिराहा पर रुककर वे सड़क किनारे खाना खाने लगे। इसी दौरान हादसा हो गया।

हादसे में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर कार को कब्जे में ले लिया है। आरोपी चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश के लिए टीम गठित की गई है। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है और पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है

# गाली-गलौज का विरोध करने पर गर्भवती महिला और परिजनों से मारपीट, चार पर केस दर्ज

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

नहटौर थाना क्षेत्र के एक गांव में घर के बाहर गाली-गलौज करने का विरोध करने पर दबंगों द्वारा एक गर्भवती महिला, उसके पति और सास के साथ गंभीर रूप से मारपीट करने का मामला सामने आया है मारपीट के दौरान 4 माह की गर्भवती महिला के पेट में तेज दर्द होने पर उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है, जहाँ भ्रूण को नुकसान पहुँचने की आशंका के चलते चिकित्सीय जाँच कराई जा रही है। पुलिस ने मामले में चार नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता सुनीता देवी ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह अपने घर में काम कर रही थी, तभी गाँव के ही रोहित, बृजपाल सिंह पुत्र मुखराम सिंह, पूनम पत्नी बृजपाल सिंह और रोशनी पत्नी रोहित कुमार उनके घर के बाहर आकर गाली-गलौज करने लगे। जब सुनीता ने इसका विरोध किया तो आरोपी बृजपाल ने उन्हें धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया और लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर सुनीता को बचाने आए उसके पति सागर और सास सुषमा के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। दबंगों ने शिकायत करने या पुलिस में जाने पर जान से मारने और झूठे केस में जेल भिजवाने की धमकी भी दी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई व जांच की जा रही है।

# मुख्यमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करना पड़ा महंगा, युवक गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

धामपुर सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ भड़काऊ टिप्पणी करना एक युवक को महंगा पड़ गया पुलिस के अनुसार थाना धामपुर क्षेत्र के ग्राम नींदडू खास निवासी सलमान हसन (30) पुत्र आरिफ हुसैन सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री के खिलाफ लगातार भड़काऊ पोस्ट कर रहा था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र प्रताप सिंह का कहना है कि पोस्ट से आमजन में रोष व्याप्त होने और शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका थी। अपराध की रोकथाम और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत धामपुर पुलिस ने 10 सितंबर को सलमान हसन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 170, 126 और 135 बीएनएस के तहत कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपी को उप जिलाधिकारी धामपुर की अदालत में पेश किया गया।

पुलिस टीम में उपनिरीक्षक पवन सिंह शामिल रहे। पुलिस ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक अथवा भड़काऊ सामग्री प्रसारित कर माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी है।

# खाद्य विभाग की छापेमारी, मावा-बर्फी के सैंपल लिए

त्योहारों से पहले एक्शन में खाद्य विभाग, मोबाइल लैब से मिठाइयों की जांच

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

नहटौर त्योहारों और आम दिनों में लोगों को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री मिले, इसके लिए खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग लगातार अलर्ट पर है। इसी क्रम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के निर्देश पर विभाग की टीम ने नगर के व्यस्त हल्दौर चौराहे पर मिठाई की दुकानों से सैंपल लेकर मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब में जांच की प्राप्त समाचार के अनुसार फूड इंस्पेक्टर रेनू सिंह के नेतृत्व में विभाग की टीम फूड सेफ्टी वैन (मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब) के साथ इलाके की चार प्रमुख मिठाई दुकानों पर अचानक जांच करने पहुंची। अचानक हुई इस कार्रवाई से इलाके के अन्य दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कार्रवाई के दौरान टीम विशेष रूप से तैयार की गई 'फूड सेफ्टी वैन' लेकर पहुंची थी इस मोबाइल लैब की मदद से टीम ने दुकानों पर उपलब्ध खाद्य पदार्थों की शुरूआती स्तर पर मौके पर ही क्वालिटी चेक की। इसके साथ ही मिलावट की आशंका के चलते मिठाइयों-विशेषकर मावा, बर्फी, छेना आधारित मिठाइयों और बेसन के लड्डू के विस्तार से सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए। मीडिया को जानकारी देते हुए फूड इंस्पेक्टर रेनू सिंह ने बताया कि आम लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने दुकानदारों को सख्त हिदायत दी कि वे केवल अच्छी क्वालिटी और साफ-सुथरी सामग्री का ही इस्तेमाल करें। साथ ही मिठाइयों को मक्खी, मच्छर और धूल से बचाने के लिए हमेशा ढककर रखने के निर्देश भी दिए।

# सरकारी नौकरी मिलते ही प्रेमी ने किया शादी से इंकार, पीड़िता पहुंची थाने

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

नहटौर छह साल पुराने प्रेम प्रसंग के बाद सरकारी नौकरी मिलते ही एक युवक द्वारा शादी से इंकार करने का मामला सामने आया है। इस धोखे से आहत पीड़िता अपने परिजनों के साथ थाने पहुंची और पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती का उसी इलाके के एक युवक के साथ पिछले छह वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों के बीच गहरे संबंध थे और वे आपस में शादी करने की योजना बना रहे थे। कुछ महीने पहले युवक को सरकारी नौकरी मिल गई नौकरी मिलने के बाद युवक ने अपनी प्रेमिका को जल्द ही शादी करने का भरोसा दिया था और इसी वादे के साथ वह अपनी ड्यूटी पर चला गया था। सरकारी नौकरी लगते ही युवक के रवैये में बदलाव आने लगा। उसने प्रेमिका का फोन उठाना बंद कर दिया और आखिरकार उससे शादी करने से साफ इंकार कर दिया।

# नेत्रदान सबसे बड़ा दान, शिक्षक राष्ट्र निमार्ता : डॉ. सत्यपाल सिंह

**समाज जागरण**



बागपत। अग्रवाल धर्मशाला अग्रवाल मंडी टटीरी में शुक्रवार को लायंस क्लब अग्रवाल मंडी और जिला रेड क्रॉस समिति बागपत के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक दिवस सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व सांसद डॉ. सत्यपाल सिंह और अति विशिष्ट अतिथि लायंस मल्टीपल काउंसिल वाइस चेयरमैन पीएमजेएफ लायन डॉ. विनय सिसोदिया ने डॉ. सोनिया तिरखा और श्रीमती रेनू जैन को लायंस इंटरनेशनल शिक्षा सम्मान से सम्मानित किया। इस अवसर पर डिग्री कॉलेज की प्राचार्य डॉ. कमला अग्रवाल, तेजपाल प्रधान, डॉ. राखी अग्रवाल, अनीता सिंह, डॉ. ममता आर्य सहित 30 से अधिक शिक्षकों को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. सत्यपाल सिंह ने कहा कि नेत्रदान सर्वोत्तम दान है। सभी प्रबुद्धजन समाज को नेत्रदान के लिए जागरूक करें। देश में करीब 50 लाख लोग कॉर्निया की कमी से अंधत्व से जूझ रहे हैं, जिसे केवल नेत्रदान से ही पूरा किया जा सकता है।लायन डॉ. विनय सिसोदिया ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निमार्ता होता है, जो मोमबत्ती की तरह स्वयं जलकर जग में प्रकाश फैलाता है। 41वें नेत्रदान पखवाड़े के तहत 15 विद्यालयों के पोस्टर पेंटिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता के 58 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह और उपहार देकर जियालाल प्रेमवती सम्मान से सम्मानित किया गया। मुख्य संयोजक एमजेएफ लायन अभिमन्यु गुप्ता ने बताया कि रेड क्रॉस द्वारा 41 वर्षों में 58 हजार मोतियाबिंद ऑपरेशन और 62 जोड़ी नेत्रदान कराए जा चुके है।कार्यक्रम की अध्यक्षता लायन भूषण गुप्ता भगत ने की। इस दौरान गन्ना समिति अध्यक्ष ठाकुर प्रदीप सिंह, श्रीमती विद्या वती कॉलेज अध्यक्ष नागेंद्र जैन, अग्रवाल महासंघ बड़ौत अध्यक्ष लायन संजय गोयल, स्वागत अध्यक्ष ईश्वर अग्रवाल घेवर वाले, कार्यक्रम अध्यक्ष लायन सचिन सिंघल, डिप्टी सीएमओ डॉ. दीपक कुमार, लायन दीपक गोयल, डॉ. मयंक गोयल, आशुतोष मित्तल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सीएचसी में बुखार के साथ खांसी के मरीजों की बढ़ी संख्या

**समाज जागरण**



बड़ौत। शहर की सीएचसी में बुखार के साथ खांसी से परेशान मरीजों की लाइन बढ़ती जा रही है। बुखार, खांसी, फेफड़े और पेट से संबंधित संक्रमण के मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। चिकित्सकों के अनुसार वायरल इंफेक्शन से लोगों के फेफड़े प्रभावित हो रहे हैं। बुखार के साथ लगातार खांसी आ रही है, जो ठीक होने में 10 से 15 दिन का समय ले रही है। बुखार 5 दिन में उतर रहा है, लेकिन खांसी बनी रहती है। कुछ मरीजों में सूखी तो कुछ में बलगम वाली खांसी देखी जा रही है। इससे फॉलोअप मरीजों की संख्या बढ़ रही है। सीएचसी प्रभारी डॉ. विजय कुमार गर्ग ने बताया कि मरीजों को समय पर उपचार व दवाएं दी जा रही हैं। यह सीजनल बुखार है, इन्फ्लूएंजा एक से दूसरे में तेजी से फैल रहा है। परिवार में एक व्यक्ति संक्रमित होने पर अन्य भी चपेट में आ रहे हैं। उन्होंने सलाह दी कि संक्रमित मरीज परिवार से दूरी बनाए रखें, खान-पान और सोने का स्थान अलग रखें और पास में बैठते समय मास्क जरूर लगाएं।

# रटौल में सपा की बैठक, पदयात्रा में पहुंचने का आह्वान

**समाज जागरण**

चांदीनगर। रटौल में समाजवादी पार्टी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई और रविवार को रटौल और बालैनी क्षेत्र में निकाली जाने वाली पदयात्रा में अधिक से अधिक लोगों



के शामिल होने का आह्वान किया गया। बैठक सपा नेता डॉ. बाबू खान के आवास पर हुई। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए डॉ. बाबू खान ने कहा कि विधानसभा चुनाव नजदीक हैं, सभी कार्यकर्ता तैयारी में जुटकर सपा की नीतियों को लोगों तक पहुंचाएं। सपा नेता बिल्लू प्रधान ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने किसानों और महिलाओं के सम्मान के लिए अनेक कार्य किए हैं। सपा नेता रवि बैसला ने भी कार्यकताओं को संबोधित किया। इस मौके पर बिल्लू प्रधान, डॉ. बाबू खान, इसरत चौधरी, अफजाल, आवेश खान, डॉ. मुस्तफा, नवाब, नौशाद अली सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मंडलीय टीम ने सीएचसी का किया निरीक्षण, अभिलेखों की जांच कर दिए दिशा-निर्देश

-फामेर्सी स्टोर, लेबर रूम और आकस्मिक कक्ष का लिया जायजा, मरीजों से भी की बातचीत

**समाज जागरण बागपत।**



मंडलीय निरीक्षण टीम ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। टीम ने विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों से संबंधित अभिलेखों की जांच की और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के लिए स्वास्थ्यकर्मियों को आवश यक दिशा-निर्देश दिए। मंडलीय निरीक्षक कुलदीप भारद्वाज टीम के साथ सीएचसी पहुंचे। उन्होंने केंद्र पर संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों से संबंधित दस्तावेजों की जांच की। लेखा विभाग में अभिलेखों का निरीक्षण करने के साथ ही फामेर्सी स्टोर में दवाओं की उपलब्धता और रखरखाव की जानकारी ली। लेबर रूम पहुंचकर वहां के अभिलेखों की भी जांच की गई। निरीक्षण के दौरान टीम ने मरीजों से बातचीत कर उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों को दवाइयों और भोजन की उपलब्धता तथा आपूर्ति की भी जानकारी ली गई। कार्यालय प्रबंधन से संबंधित दस्तावेजों की समीक्षा कर उनके रखरखाव को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मंडलीय निरीक्षक ने आकस्मिक कक्ष में सभी आवश्यक इमरजेंसी दवाओं और इंजेक्शनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में मरीजों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक दवाओं की आपूर्ति में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। इस दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ. ताहिर समेत चिकित्सक और स्वास्थ्य केंद्र का स्टाफ मौजूद रहा।

# जो सप्त व्यसन से दूर, वही सच्चा भक्त : आर्जव सागर

**समाज जागरण बागपत।**



अजितनाथ सभागार मंडी बड़ौत में मंगल प्रवचन देते हुए आचार्य श्री आर्जव सागर महाराज ने कहा कि आजकल भगवान के दर पर जब भक्त बहुत बढ़ने लग जाते हैं तब कहीं-कहीं तो स्थिति यहां तक बन जाती है कि लाखों भक्तों का जनसमूह एकत्रित हो जाता है। लम्बी-लम्बी कतारं लग जाती हैं और कई -कई घंटों के उपरांत भक्त का अपने आराध्य के दशर्न या वंदन करने का अवसर आ पाता है । कभी सोचा है कि वाकई में सच्चा भक्त है कौन। मंदिर या तीर्थ पर भक्ति करने वाला ही भक्त नहीं होता वरन् सच्चा भक्त वह है जो सप्त व्यसनों से दूर है। हिंसा के कार्यों से स्वयं परे है और दुसरों को भी अहिंसा का पढ़ाता है। जिसके अंतर में दया व करुणा नहीं, वह कभी सच्चा भक्त नहीं हो सकता। दया तो धर्म का मूल है और जब इससे व्यक्ति की दूरी है, फिर वह भगवान का भक्त कभी नहीं हो सकता। सच्चा भक्त ही भगवान को जान सकता है और पुरुषार्थ करे तो वह स्वयं एक दिन भगवान बन जाता है।सभा का संचालन डॉक्टर श्रेयांस जैन ने किया। सभा में महेंद्र जैन, मुकेश जैन, प्रदीप जैन, वरदान जैन, नवीन जैन, वकील चंद जैन, जितेंद्र जैन, संजय जैन, संजीव जैन, सुरेश जैन आदि उपस्थित थे। मीडिया प्रभारी वरदान जैन ने बताया की 12 और 13 सितंबर को एस ए यूनिवर्सिटी नवादा, बिहार के सौजन्य से राष्ट्रीय विद्वत गोष्ठी का आयोजन सुबह 8:15 बजे से अजितनाथ सभागार में किया जाएगा जिसका निर्देशन डॉक्टर श्रेयांश जैन एवं संघस्त ऋषिका दीदी द्वारा किया जाएगा गोष्ठी में भारत के अनेक शहरों से प्रमुख विद्वानों के उपस्थिति होने की उम्मीद है।

# 2027 में यूपी में सपा की सरकार बनेगी, अखिलेश होंगे मुख्यमंत्री: राजपाल शर्मा

**समाज जागरण**



बड़ौत। दिल्ली रोड स्थित प्रतिष्ठान पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव राजपाल शर्मा जागौश ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में यूपी में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी और अखिलेश यादव मुख्यमंत्री होंगे। उन्होंने कहा कि सपा सरकार ने हमेशा किसानों, मजदूरों, व्यापारियों और गरीबों के हित में काम किया है। आज प्रदेश में सपा का जनाधार बढ़ रहा है, इससे कई राजनीतिक दलों में बेचैनी है। सपा का कुनबा लगातार बढ़ता जा रहा है।राजपाल शर्मा ने कहा कि सपा की बढ़ती लोकप्रियता से कुछ नेता बड़बड़ाने लगे हैं। आने वाला वक्त समाजवादी पार्टी का है। सपा सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है और सबका हित सपा में सुरक्षित है।

# जिला जेल में सीएचसी टीम ने की बंदियों की नेत्र जांच

-70 बंदियों की हुई जांच, 30 चश्मे के लिए चयनित, दो का मोतियाबिंद ऑपरेशन होगा

**समाज जागरण बागपत।**




जिला जेल बागपत में शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने नेत्र जांच शिविर लगाकर बंदियों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई। शिविर में 70 बंदियों की आंखों की जांच की गई। जांच के दौरान 30 बंदियों को चश्मे के लिए चयनित किया गया, जबकि दो बंदियों में मोतियाबिंद की पुष्टि होने पर उन्हें ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। शिविर का शुभारंभ जेलर राजेश कुमार और जेल चिकित्सक डॉ. अमित कुमार ने किया। स्वास्थ्य टीम ने बंदियों की आंखों की जांच कर दृष्टि संबंधी समस्याओं के बारे में जानकारी ली और आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। टीम में शिव चरण, संदीप संधू और डॉ. दीप्ति चौधरी शामिल रहे। महिला चिकित्सक डॉ. दीप्ति चौधरी ने महिला बैरक में पहुंचकर महिला बंदियों की भी स्वास्थ्य जांच की। इस दौरान एक गर्भवती महिला बंदी की विशेष जांच कर उसे आवश्यक उपचार और चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। जिला जेल में करीब 20 महिला बंदी निरुद्ध हैं। शिविर में चिकित्सकों ने बंदियों को आंखों की नियमित जांच कराने, स्वच्छता का ध्यान रखने और किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तत्काल चिकि त्सकीय सलाह लेने के लिए जागरूक किया। जेल प्रशासन ने स्वास्थ्य टीम का सहयोग करते हुए शिविर की व्यवस्थाएं संभालीं।

# दुर्गा मंदिर में चोरी, पुजारी ने एक आरोपी को दबोचा

- दानपात्र का ताला तोड़कर दस हजार की नकदी और पीतल का सामान चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**समाज जागरण बागपत।**




मुबारिकपुर गांव स्थित मां दुर्गा मंदिर में शुक्रवार रात चोरों ने धावा बोल दिया। चोर दानपात्र का ताला तोड़कर करीब दस हजार रुपये की चढ़ावे की नकदी, पीतल के बर्तन और एक एलईडी चोरी कर ले गए। आहट होने पर मंदिर के पुजारी की आंख खुल गई। उन्होंने शोर मचाते हुए एक आरोपी को दबोच लिया, जबकि उसके साथी मौके से फरार हो गए। चोरी की पूरी वारदात मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

मंदिर के पुजारी बुद्ध गिरी महाराज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शुक्रवार रात मंदिर में चोर घुसे थे। उन्होंने दानपात्र का ताला तोड़कर उसमें रखी करीब दस हजार रुपये की नकदी निकाल ली। इसके बाद मंदिर में रखे पीतल के बर्तन व अन्य सामान तथा एलईडी भी चोरी कर ली। पुजारी के अनुसार, चोरी के दौरान हुई आहट से उनकी नींद खुल गई। उन्होंने शोर मचाते हुए एक चोर का पीछा किया और उसे पकड़ लिया। शोर सुनकर आसपास के श्रद्धालु और ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। इसी बीच चोर के अन्य साथी वहां से फरार हो गए। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद पकड़े गए आरोपी को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। ग्रामीणों और श्रद्धालुओं को चोरी किया गया सामान एक कट्टे में भरकर मंदिर परिसर में ही पड़ा मिला। सीसीटीवी कैमरे में कैद चोरी की घटना का वीडियो बाद में सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया। मंदिर में चोरी की घटना से श्रद्धालुओं में आक्रोश है। ग्रामीण नरेश, अनिल कुमार, सुनील त्यागी और विकास ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। कोतवाल आशीष पुंडीर ने बताया कि मामले में आरोपी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# 6 माह से रुके बस स्टैंड निर्माण को लेकर 20 सितंबर को धरना देंगे जितेंद्र तोमर

**समाज जागरण**



बड़ौत। बावली चुंगी पर 6 माह से रुके पड़े बस स्टैंड निर्माण कार्य को जल्द शुरू कराने और भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर शिक्षक नेता जितेंद्र तोमर 20 सितंबर को तहसील परिसर में धरना देंगे।तोमर ने बताया कि वहां सुलभ शौचालय की सुविधा नहीं है। साथ ही बड़ौत कस्बा हल्का के लेखपाल के 10 साल से एक ही स्थान पर नियम विरुद्ध तैनात रहने और आय से अधिक संपत्ति की जांच की मांग भी उठाई है।उन्होंने कहा कि सीएम पोर्टल पर दर्ज संदर्भ में कार्रवाई के आदेश मिलने के बावजूद निबंधक चकबंदी और तहसीलदार द्वारा कार्रवाई नहीं की गई। विरोध में उन्होंने मंडलायुक्त मेरठ, डीएम बागपत और मानवाधिकार आयोग लखनऊ को स्पीड पोस्ट से नोटिस भेजा है। 7 सितंबर को एसडीएम बड़ौत को भी बाई हैंड नोटिस दिया था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई और मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है।

# पितृपक्ष 26 सितंबर से, शुभ कार्य वर्जित रहेंगे: आचार्य संदीप दत्त गौतम

**समाज जागरण**



बड़ौत। छपरौली रोड स्थित श्री शिव गुरुकुल स्वाध्याय केंद्र पर संस्थापक आचार्य संदीप दत्त गौतम ने बताया कि पितृपक्ष 2026 की प्रमुख तिथियां 26 सितंबर से 10 अक्टूबर तक रहेंगी। इन दिनों में कोई शुभ कार्य नहीं कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 26 सितंबर को पूर्णिमा श्राद्ध से पितृपक्ष का पहला दिन शुरू होगा, 27 सितंबर को प्रतिपदा श्राद्ध मनाया जाएगा। 10 अक्टूबर को अमावस्या होगी।अमावस्या पर सभी पितरों के श्राद्ध निकाले जाएंगे। इस दिन भूले-बिसरे पितरों को भी याद किया जाएगा। ब्राह्मणों को भोजन कराकर दान-दक्षिणा देकर अपने पितरों का भोजन निकालकर उन्हें नमन कर विदा किया जाएगा।

# डेढ़ माह से ट्रांसफार्मर जलने से समस्या, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**समाज जागरण/ जिला ब्यूरो प्रमुख**

सोनभद्र। जनपद के बभनी ब्लॉक अंतर्गत सतबहनी ग्राम पंचायत में बाल कुंवर के घर के सामने लगा 25 केवीए का ट्रांसफार्मर में पिछले डेढ़ माह से खराब है। इससे ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। शुक्रवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज कराई, लेकिन उनकी शिकायतों को केवल कागजों पर निस्तारित कर दिया गया। ट्रांसफार्मर बदलने की दिशा में अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने जिला धिकारी का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित करते हुए जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर बदलवाने की मांग की। इस दौरान दिनेश, देव नाथ, हरिकिशुन, अशर्फी लाल, बाल कुंवर,रघुवीर,रतू सिंह, नारायण, सुनील कुमार सहित कई ग्रामीण मौजूद थे। उन्होंने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। एक महीने से बिजली न होने के कारण ग्रामीणों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में अंधेरे के कारण सांप और बिच्छू जैसे जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा बढ़ गया है, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल है। बिजली न होने से बच्चों की पढ़ाई-लिखाई भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। ग्रामीण आरोप लगाते हैं कि आदिवासी क्षेत्रों की समस्याओं को अधिकारी गंभीरता से नहीं लेते, जिसके कारण उन्हें ऐसी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल इस समस्या का समाधान करने और नया ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की है, ताकि वे सामान्य जीवन जी सकें और जहरीले जीवों के खतरे से बच सकें।

इस बाबत जब बिजली विभाग के एसडीओ शिवम गुप्ता से बात करने पर बताया कि जल्द ट्रांसफार्मर बदल कर विद्युत आपुर्ति बहाल की जाएगी।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से हड़कंप, मायके पक्ष ने लगाए गंभीर आरोप

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**



ओबरा/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने से मायके में हड़कंप मच गया। मायके पक्ष ने ओबरा थाने में तहरीर देकर गंभीर आरोप लगाए हैं। मृतका के भाई लवकुश यादव और माता बुटली देवी ने पति-पत्नी के बीच लंबे समय से चल रहे विवाद और मारपीट का आरोप लगाया है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। जुगैल थाना क्षेत्र के चौरा निवासी लवकुश यादव ने बताया कि उनकी बहन की शादी साल 2008 में हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार हुई थी। मृतका के दो बच्चे हैं, जिनकी उम्र करीब 17 और 15 साल है। लवकुश यादव के मुताबिक, पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद और मारपीट होती थी। कई बार विवाद के बाद ससुराल पक्ष के लोग उनकी बहन को मायके छोड़ गए थे। बाद में परिवार और समाज के लोगों ने समझौता कराकर उसे वापस ससुराल भेजा था। आरोप है कि घटना से एक दिन पहले भी पति-पत्नी के बीच विवाद और मारपीट हुई थी। मृतका के भाई का आरोप है कि इसके बाद उनकी बहन को फांसी पर लटका दिया गया। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं मृतका की माता बुटली देवी ने बताया कि उनकी बेटी और दामाद के बीच करीब दो साल से विवाद और मारपीट होती रहती थी। उन्होंने मृतका के देवर और जेठानी से भी आए दिन विवाद होने की बात कही। माता के अनुसार, उन्हें घटना की जानकारी रात करीब 11:30 बजे मिली। उनका आरोप है कि घटना की रात भी पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था और सुबह उनकी बेटी फांसी के फंदे पर लटकी मिली। मृतका की माता ने प्रशासन से मामले की गहन और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने अपनी बेटी की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने मृतका के पति पर अपनी भाभी के साथ कथित प्रेम-प्रसंग का भी आरोप लगाया है और इस पहलू की भी जांच कराने की मांग की है। हालांकि, इन सभी आरोपों की अभी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। मामले में पुलिस जांच के बाद ही मौत की वास्तविक वजह और आरोपों की स्थिति साफ हो सकेगी।

# चोपन पुलिस की बड़ी कार्रवाई, हेरोइन तस्करी मामले में 20-20 हजार के दो इनामिया गिरफ्तार

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

डाला/ सोनभद्र। अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के अभियान में चोपन पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने हेरोइन तस्करी से जुड़े एक मामले में वांछित चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन पर 20-20 हजार रुपये का इनाम घोषित था। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अकरम कुरैशी और सुनीता देवी शामिल हैं। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया है। पुलिस ने बताया कि थाना चोपन में मुकदमा संख्या 319/2026 दर्ज है। इसमें धारा 8/21/27(ए)/29/60 एनडीपीएस एक्ट और धारा 111(2)(बी), 111(4) बीएनएस के तहत दोनों आरोपी वांछित थे। सोनभद्र के पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने इनकी गिरफ्तारी पर 20-20 हजार रुपये का इनाम रखा था। पुलिस टीम ने 11 सितंबर की रात करीब 1:30 बजे अकरम कुरैशी (29) को गिरफ्तार किया। वह नसीम कुरैशी का बेटा और चिल्काटाड़, थाना शक्तिनगर का रहने वाला है। उसे मुर्दहवां मोड़ से म्योरपुर जाने वाले रास्ते से पकड़ा गया। इसी मामले में वांछित सुनीता देवी (30) को सुबह करीब 5:30 बजे पटवध में सड़क किनारे से गिरफ्तार किया गया। वह सुधीर की पत्नी और डाला चढ़ाई, थाना चोपन की रहने वाली है। पुलिस के अनुसार, अकरम कुरैशी पर पहले भी एनडीपीएस एक्ट के दो मामले दर्ज हैं। इनमें 2023 में शक्तिनगर थाने में धारा 8/20 और 2024 में ओबरा थाने में धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामले शामिल हैं। सुनीता देवी के खिलाफ भी 2018 में चोपन थाने में धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का एक मुकदमा दर्ज है।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देश पर हुई। इसमें अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार और क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा ने निगरानी की। प्रभारी निरीक्षक चोपन गोपाल जी गुप्ता ने टीम का नेतृत्व किया। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को कानून के मुताबिक कोर्ट में पेश किया गया।

# शपथ पत्र

1. यह कि मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरा नाम सत्यपाल सिंह पुत्र श्री दीन्ना सिंह निवासी ग्राम पाली थाना बागपत तहसील व जिला बागपत का हूँ तथा होने शपथकर्ता शपथ पत्र में दिये गये समस्त तथ्यो से भली भाँति परिचित हूँ।
2. यह कि मै शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मुझ शपथकर्ता का शस्त्र लाईसेन्स नं० जो कि एन०पी०बोर रिवाल्वर 103 यूनिक आई०डी० नं0-33001001075610 2015 नं०- ए०बी- 4243 का बना हुआ है। जिसकी सीमा भारत गणराज्य है। जो कि दिनांक 30.10.2026 तक वैद्य है। प्रार्थी दिनांक 10.09.2026 को अपने गाँव से कलेक्ट्रेट बागपत में रिनिवल कराने हेतु आ रहा था, कि रास्ते में प्रार्थी का उक्त शस्त्र लाईसेन्स कही गिर गया, जिसको मैने काफी तलाश किया, लेकिन उक्त लाईसेन्स कही नही मिला। प्रार्थी उक्त लाईसेन्स गुम होने की सूचना दर्ज कराने के लिये आया है।
3. यह कि मै शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि शपथ पत्र की धारा 1 ता 3 का कथन मेरे निजी ज्ञान एव विश्वास में सत्य है कुछ असत्य नही है और ना ही कुछ छिपाया गया। ईश्वर मेरी मदद करे। प्रमाणित स्थान बागपत दिनांक 11.09.2026

**सत्यपाल सिंह**
**शपथकर्ता**

# कार्यालय ग्राम पंचायत करीमपुर विकास खण्ड पवांसा (सम्भल)

पत्रांक : मीमो/ग्रा०प० सामग्री आपूर्ति विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2026 दिनांक : 09/09/2026

## अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत करीमपुर विकास खण्ड पवांसा जनपद सन्भल में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अनुसार राज्य वित्त, केंद्रीय वित्त, वीबीजी राम जी. स्वच्छ भारत मिशन (प्रा०), ओ०डी०एफ० प्लस, पंचायत पुरस्कार से प्राप्त धनराशि, बहुद्देशीय अंत्येष्टि स्थल, बहुद्देशीय पंचायत घर योजना, अन्य मद से निर्माण हेतु प्राप्त धनराशि एवं अन्य मदों के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द सील बन्द निविदाएँ कुटेशन आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक फर्म/आपूर्तिकर्ता दिनांक 10/09/2026 से 17/09/2026 तक कार्यालय दिवस में समप 10 बजे से लेकर दोपहर 5 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बोक्स में सीलबन्द निविदा/कुटेशन सहित जमा कर सकते हैं, जोकि दिनांक 18/09/2026 को ग्राम पंचायत की टेन्डर कमेटी के समक्ष सम्बन्धित ग्राम पंचायत के पंचायत भवन पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी, जो कि ग्राम पंचायत को समय-समय पर प्राप्त आवंटित पर होगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत (प्रशासक एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई या बढ़ाई या बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी०एस०टी० पंजीकरण सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी०डब्ल्यू०डी० की दरों के अनुरूप पी०डब्ल्यू०डी० के रेट ऑफ शेड्यूत के अनुसार होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

### सामग्री की सूची

| क्रम सं. | सामग्री का नाम | यूनिट / मात्रा | दर (₹) | क्रम सं. | सामग्री का नाम | यूनिट / मात्रा | दर (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सीमेंट | प्रति बैग / टन | | 30 | साइडम, हाइड्रीलीडड, ब्लीशंग पाउडर व अन्य कीटनाशक व संक्रामक रोधक दवांएं | प्रति किलो / पैकेट | |
| 2 | बालू रेत | घन मी0 | | 31 | प्राइमर लोहे लकड़ी | प्रति ली0 | |
| 3 | बजरीपुर | घन मी0 | | 32 | डिस्टेपर वॉल पुट्टी पैंट समेनम आदि | प्रति किलो | |
| 4 | 20 एमएम बजरी | घन मी0 | | 33 | पीवीसी पाइप एवं जीआई पाइप हेडपम्प मस्मत | प्रति रनिंग मीटर | |
| 5 | 40 एमएम ईट रोड़ी | घन मी0 | | 34 | हेडपम्प मस्मत सामग्री | प्रति रनिंग मीटर | |
| 6 | ईट प्रथम श्रेणी एय0-150 | प्रति नग / हजार | | 35 | हेडपम्य रिवोर सामग्री | प्रति रनिंग मीटर | |
| 7 | ईट बालदर एम-275 | प्रति नग / हजार | | 36 | प्लाई एवं माइका | प्रति वर्ग फ़िट | |
| 8 | सी सी टाइल्स 80 एमएम | प्रति नग / हजार | | 37 | आरसीसीओ पाइप / हयुमपाइप | प्रति रनिंग मीटर | |
| 9 | सी सी टाइल्स 60 एमएम | प्रति नग / हजार | | 38 | वाटर कूलर आरओ सहित/उपकरण | प्रति नग | |
| 10 | मस्मत | प्रति नग / यूनिट | | 39 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति फुट | |
| 11 | पुस्तकालय इक्यूपमेंट / मस्मत | प्रति नग / यूनिट | | 40 | ईनीनेटर | प्रति नग | |
| 12 | दीवार टाइल्स | वर्ग मीटर | | 41 | पब्लिक सामग्री | प्रति नग | |
| 13 | फर्श टाइल्स | वर्ग मीटर | | 42 | ओपन जिम खेल मैदान उपकरण / बारात घर निर्माण मस्मत | प्रति नग | |
| 14 | सरिया | प्रति कुन्तल | | 43 | इलीविद्रीशौयन कार्य सामग्री | प्रति नग | |
| 15 | लोहे की एंगल / माइप | प्रति कुन्तल | | 44 | लोहे का गेट व खिड़की | प्रति नग | |
| 16 | लोहे का जाल | प्रति कुन्तल | | 45 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग | |
| 17 | सीमेंट की चादर / टीन शेड की चादर | वर्ग मीटर / नग | | 46 | पावर रोड़ी 40 एमएम | प्रति घन मी0 | |
| 18 | मिट्टी दूरी सहित | घन मी0 | | 47 | कमलीट कार्य | वर्ग मी0 घन मी0 / नग | |
| 19 | लकड़ी के दरवांजे / कमीशिवल / टिकर / प्लाई | प्रति नग | | 48 | अतिरिस्त कक्ष कैंन्द (CSC) | प्रति नग | |
| 20 | सोलर लाइट नया / मस्मत उपकरण | प्रति नग | | 49 | अन्य खेल | - | |
| 21 | स्ट्रीट लाइट नया / मस्मत उपकरण | प्रति नग | | 50 | पुस्तकालय | - | |
| 22 | ई-रिक्शा क्रय/मरम्मत उपकरण | प्रति नग | | 51 | सीमेंट बैंच | प्रति नग | |
| 23 | सेनेटरी सामग्री | प्रति नग / वर्ग मी0 | | 52 | लाइट | प्रति नग | |
| 24 | बिजली उपकरण | प्रति नग | | 53 | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 25 | लोहे का फेंसिंग तार | प्रति गुच्छ मी0 | | 54 | ग्राम पंचायत परिचय बोर्ड | वर्ग मी0 | |
| 26 | फॉगिंग मशीन / से मशीन | प्रति नग | | 55 | पीवीसी सी0 सीलिंग दिवार/छत | वर्ग मी0 | |
| 27 | सीओवीड डेक बंय | प्रति नग | | 56 | लाइब्रेरी किताबें क्रय | प्रति नग | |
| 28 | डस्टबिन / सामुदायिक शौचालय मस्मत | प्रति नग | | 57 | सीसी टीवी कैमरे क्रय/मरम्मत उपकरण | प्रति नग | |
| 29 | कूड़ा गाड़ी / टेली एवं सफाई किट | प्रति नग | | 58 | बाल पेंटिं / चितकारी | वर्ग मी0 | |
| | | | | 59 | अन्य सामग्री | प्रति घन मी0 | |

**नोट :-**

1. यदि किसी फर्म/सप्लायर/आपूर्तिकर्ता के लिये कोई भी नया विभागीय नियम प्रचलन में आता है तो सम्बन्धित को उसकी भी कार्यवाही के मानकों को अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा।
2. समान दर होने पर ग्राम पंचायत एक से अधिक फर्मो को सामग्री आपूर्ति के लिये अधिकृत कर सकती है।
3. निर्विदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।
4. समस्त सामग्री ग्राम पंचायत के पंचायत भवन पर उपलब्ध कराई जायेगी।

प्रशासक
ग्राम पंचायत करीमपुर
ब्लॉक-पवांसा

ग्रा०प० अधिकारी
ग्रा०प० करीमपुर
ब्लॉक पवांसा (सम्भल)

# कार्यालय ग्राम पंचायत ठाटी विकास खण्ड पवांसा (सम्भल)

पत्रांक : मीमो/ग्रा०प० सामग्री आपूर्ति विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2026 दिनांक : 09/09/2026

## अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

इस अभियान का उद्देश्य खनिज संसाधनों के नियमानुसार उपयोग के साथ शासकीय राजस्व की प्राप्ति सुनिश्चित करना, खनन गतिविधियों में पारदर्शिता बनाए रखना तथा पर्यावरणीय दायित्वों के प्रभावी पालन को सुनिश्चित करना है।

# CMO की कथित गैरहाजिरी पर पार्षद का कड़ा मोर्चा, कलेक्टर से तीन माह की जांच की मांग

### बरगवां - अमलाई नगर परिषद में प्रशासनिक व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल ; बायोमेट्रिक, CCTV, मूवमेंट रजिस्टर और फील्ड विजिट की जांच की मांग

**समाज जागरण**

अनूपपुर/बरगवां-अमलाई। नगर परिषद बरगवां- अमलाई की प्रशासनिक कार्यप्रणाली को लेकर वार्ड क्रमांक-2 के पार्षद एवं लोक निर्माण, जल कार्य, आवास एवं पर्यावरण विभाग के सभापति सौरभ दास कोरी ने कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए कलेक्टर अनूपपुर को शिकायत सौंपकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी (CMO) की कथित निरंतर अनुपस्थिति और कार्यालयीन व्यवस्था में लापरवाही की जांच की मांग की है। शिकायत में शासकीय कार्यालयीन समय के पालन, बायोमेट्रिक पंचिंग, फील्ड विजिट तथा नगर परिषद में चल रहे विकास कार्यों की प्रक्रियाओं पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। पार्षद का आरोप है कि शासन द्वारा निर्धारित कार्यालयीन समय प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक होने के बावजूद CMO की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित नहीं हो रही है। शिकायत के अनुसार, कई दिनों में अधिकारी दोपहर 12, 1, 3 या 4 बजे कार्यालय पहुंचने और महज कुछ समय बाद चले जाने की स्थिति सामने आती है। पार्षद ने इसे प्रशासनिक अनुशासन और आम जनता के प्रति जवाबदेही से जोड़ते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

**फील्ड विजिट के नाम पर कार्यालय से दूरी का आरोप**

शिकायत में यह भी कहा गया है कि टीएल बैठक जैसे निर्धारित शासकीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य दिनों में भी फील्ड विजिट अथवा बैठकों का हवाला देकर कार्यालय में नियमित उपस्थिति नहीं रहती। पार्षद का दावा है कि इसका सीधा असर नगर परिषद आने वाले आम नागरिकों पर पड़ रहा है और प्रमाण पत्र, पेंशन तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित कार्यों के लिए लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**अधूरे निर्माण और टेंडर प्रक्रिया पर भी उठाए सवाल**

मामला केवल अधिकारी की कथित अनुपस्थिति तक सीमित नहीं है। पार्षद ने नगर परिषद की प्रशासनिक एवं विकास व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए हैं। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि अधिकारियों की नियमित निगरानी के अभाव में टेंडर जारी करने में देरी, टेंडर प्रक्रिया में अत्यधिक विलंब, कथित तौर पर FDR जमा किए बिना ठेकेदारों द्वारा काम शुरू करना तथा निर्धारित समय सीमा बीतने के बाद भी निर्माण कार्यों का अधूरा पड़ा रहना जैसी स्थितियां बनी हुई हैं।

पार्षद ने सवाल उठाया है कि यदि निर्माण कार्य समय सीमा में पूरे नहीं हो रहे हैं तो संबंधित ठेकेदारों और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध समय पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है? क्या नगर परिषद में कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग हो रही है या फिर कागजी कार्रवाई तक ही व्यवस्था सीमित है?

**तीन माह का बायोमेट्रिक और CCTV रिकॉर्ड खंगालने की मांग**

शिकायत का सबसे महत्वपूर्ण पहलू पिछले तीन माह के बायोमेट्रिक उपस्थिति रिकॉर्ड और CCTV फुटेज की जांच की मांग है। पार्षद ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि टीएल बैठक के दिनों को अलग रखते हुए CMO की वास्तविक कार्यालयीन उपस्थिति का मिलान बायोमेट्रिक रिकॉर्ड से कराया जाए। साथ ही मूवमेंट रजिस्टर और फील्ड विजिट की लॉगबुक की भी जांच कर यह स्पष्ट किया जाए कि कार्यालय से अनुपस्थिति के दौरान अधिकारी वास्तव में शासकीय कार्य पर थीं या नहीं।

**जांच नहीं हुई तो आंदोलन और विधिक प्रक्रिया**

पार्षद सौरभ कोरी ने शिकायत में स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि मामले की जांच नहीं कराई जाती है तो जनहित में उच्च स्तर पर आंदोलन करने तथा विधिक प्रक्रिया अपनाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। शिकायत की प्रति कार्यालय कलेक्टर अनूपपुर में आवक के रूप में दर्ज होने का भी उल्लेख किया गया है।

अब बड़ा सवाल यह है कि क्या नगर परिषद बरगवां-अमलाई में CMO की उपस्थिति और प्रशासनिक कार्यप्रणाली की निष्पक्ष जांच होगी? क्या पिछले तीन माह के बायोमेट्रिक और CCTV रिकॉर्ड से वास्तविक स्थिति सामने आएगी? और यदि शिकायत में लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं तो जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई कब होगी?

हालांकि, शिकायत में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है। अब निगाहें जिला प्रशासन की जांच और उसके निष्कर्ष पर टिकी हैं।

# शहडोल वन वृत्त में सागौन के वृक्षों पर खुलेआम चल रहा आरा रेत माफिया भी बेलगाम

### शासन को करोड़ों की चपत

**समाज जागरण**

उमरिया --- मध्यप्रदेश की सबसे समृद्ध वन संपदा का गौरव कहे जाने वाला सदा हरा-भरा लहलहाता शहडोल वन वृत्त इन दिनों वन माफिया के चंगुल में बुरी तरह जकड़ चुका है और जंगल को जिस बेरहमी से उजाड़ा जा रहा है उसे देखकर यही लगता है कि अगर यही हाल रहा तो इस हरे-भरे वृत्त को रेगिस्तान में बदलते देर नहीं लगेगी।




ताजा हालात बेहद चिंताजनक हैं क्योंकि घुनघुटी वन परिक्षेत्र में खैर तस्करी के मामले की आग अभी ठंडी भी नहीं हुई थी कि इसी वृत्त के बुढार, जैतपुर और शहडोल परिक्षेत्र के जंगलों में सागौन और साल की व्यापक तस्करी का नया खेल शुरू हो गया है। विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घुनघुटी में हजारों की तादाद में खैर के हरे-भरे पेड़ों की हुई कटाई के मामले ने वन मुख्यालय तक को हिला कर रख दिया है और इस मामले में वन मंडलाधिकारी उमरिया से जवाब-तलब किया गया है। लेकिन बड़ा सवाल शहडोल वन मंडल की मुखिया पर खड़ा हो रहा है। वन मंडलाधिकारी शहडोल श्रद्धा पेंद्रो जो बड़ी-बड़ी डींगें हांकती हैं और खुद को सिंघम बनी घूमती हैं, उनकी कथित ईमानदारी की चुनरी पर बुढार के जंगलों में सागौन के वृक्षों पर चल रहे आरे के निशानों ने बड़ा दाग लगा कर रख दिया है। विभाग में ईमानदारी और सख्ती के बड़े-बड़े दावे करने वाली वन मंडलाधिकारी शहडोल के नाक के नीचे ही आरक्षित वन उजड़ रहे हैं और उनके दावे खोखले साबित हो रहे हैं।

इसका पुख्ता सबूत बुढार वन परिक्षेत्र के धनपुरी बीट के आरक्षित वन क्षेत्र आरएफ 833 से मिला है जहां जीपीएस लोकेशन 23.155424, 81.525095 पर एक हरे-भरे विशाल सागौन के पेड़ को आरी से काट दिया गया है। फोटो में तने पर ताजा निशान साफ हैं। बुढार में सागौन-साल के हजारों वृक्षों की अवैध कटाई जारी है और खुलेआम आरा चल रहा है, जिससे शासन को करोड़ों की चपत लग रही है। तस्करी का तरीका संगठित है, दिन में रेकी और रात में कटाई कर लकड़ी अवैध आरा मशीनों पर खपाई जा रही है। इधर शहडोल वन परिक्षेत्र में रेत माफिया भी बेलगाम है। जानकार सूत्रों से मिली पुख्ता जानकारी के अनुसार वन अमले द्वारा पकड़ी गई रेत की अवैध डग्गी को रेत माफिया छुड़ा ले गया। एक तरफ ईमानदारी की डींगें और दूसरी तरफ सागौन के जंगल उजड़ना और रेत की डग्गी का छूट जाना, यह पूरे अमले की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसा ही रहा तो सदा हरा-भरा लहलहाता शहडोल वन वृत्त भी रेगिस्तान में बदल जाएगा और वन मंडलाधिकारी की ईमानदारी के सारे दावे इन कटे हुए सागौन के ठूंठों तले दब कर रह जाएंगे।

# SECL सोहागपुर में 45.62 लाख का श्रम घोटाला: GM की शह और श्रम विभाग की खामोशी से फल -फूल रहा 'सिंह सलूजा' का सिंडिकेट ; 25 मजदूरों का हक मारकर हो रही अवैध कमाई

### सरकारी दर ₹780 की जगह थमाए जा रहे महज ₹280, 365 दिन में 25 मजदूरों की गाढ़ी कमाई पर पेटी ठेकेदार का खुला डाका

**मुख्य नियोक्ता होने के बावजूद महाप्रबंधक कार्यालय की संदिग्ध चुप्पी, केंद्रीय उपक्रम में खुलेआम उड़ रही न्यूनतम मजदूरी अधिनियम की धज्जियां**



**समाज जागरण**
**शहडोल/बिलासपुरः**

कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषांगिक कंपनी साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (SECL) के सोहागपुर एरिया अंतर्गत रिजनल वर्कशॉप में मजदूरों के आर्थिक शोषण का एक भयावह चेहरा सामने आया है। यहां तैनात 25 ठेका मजदूरों को सरकार द्वारा निर्धारित कानूनी मजदूरी देने के बजाय एक तिहाई से भी कम भुगतान किया जा रहा है। पेटी ठेकेदार 'सिंह सलूजा' द्वारा फैलाए गए इस भ्रष्टाचार के सिंडिकेट में हर साल सीधे तौर पर ₹45 लाख से अधिक की हेराफेरी की जा रही है, जिस पर सोहागपुर के महाप्रबंधक (GM) और क्षेत्रीय श्रम विभाग की खामोशी गहरी मिलीभगत की ओर इशारा करती है। 1. गणितीय पदार्फाशः 25 मजदूरों के पसीने की कमाई से हर साल ₹45.62 लाख की लूट श्रम कानूनों और सरकारी अधिसूचना के अनुसार इन मजदूरों के लिए प्रतिदिन की न्यूनतम मजदूरी ₹780 तय की गई है, लेकिन धरातल पर ठेकेदार द्वारा उन्हें मात्र ₹280 प्रतिदिन थमाए जा रहे हैं। प्रति मजदूर ₹500 प्रतिदिन की इस सीधी कटौती का सालभर का गणित बेहद चौंकाने वाला हैः वर्कशॉप में कार्यरत 25 मजदूरों का प्रतिदिन कुल नुकसान ₹12,500 है। मासिक आधार पर यह अवैध गबन ₹3.75 लाख बैठता है। 365 दिन (पूरा साल) का हिसाबः इन 25 मजदूरों को एक साल में कुल ₹71.17 लाख मिलने चाहिए, जिसके मुकाबले उन्हें केवल ₹25.55 लाख दिए जा रहे हैं। इस प्रकार ठेकेदार और उसका सिंडिकेट सालाना ₹45,62,500 (साढ़े 45 लाख रुपये) सीधे तौर पर गबन कर रहा है। इसके अलावा, मजदूरों के नाम पर भविष्य निधि (PF) की कटौती तो की जा रही है, लेकिन वह राशि उनके ईपीएफ खातों में जमा नहीं की जा रही है। 2. पेटी ठेकेदार 'सिंह सलूजा' की तानाशाही और GM सोहागपुर की आपराधिक लापरवाही ठेकेदार 'सिंह सलूजा' द्वारा रिजनल वर्कशॉप में खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। ठेकेदार न तो समय पर वेतन देता है और न ही वैधानिक सुविधाएं। लेकिन इस खुले भ्रष्टाचार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी SECL सोहागपुर के महाप्रबंधक (GM) और स्थानीय प्रबंधन पर आती है। ठेका श्रम अधिनियम के तहत 'मुख्य नियोक्ता' ((Principal Employer) होने के नाते GM कार्यालय की यह कानूनी बाध्यता है कि वह अपने परिसर में किसी भी मजदूर का शोषण न होने दे। जीएम कार्यालय के ठीक नाक के नीचे चल रहे इस अवैध खेल पर प्रबंधन की चुप्पी यह साबित करती है कि बिना उच्च स्तर की शह या सांठगांठ के इतना बड़ा घोटाला संभव नहीं है। 3. श्रम विभाग की संदिग्ध निष्क्रियता और अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए नियुक्त केंद्रीय और क्षेत्रीय श्रम विभाग के अधिकारी इस गंभीर मामले पर आंखें मूंदकर बैठे हैं। न तो कभी वर्कशॉप का औचक निरीक्षण किया गया और न ही न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के उल्लंघन पर ठेकेदार के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई की गई। विभाग की इस लाचारी या मिलीभगत से ठेकेदार के हौसले बुलंद हैं।

जीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंप चुके मजदूरों ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही पेटी ठेकेदार 'सिंह सलूजा' का अनुबंध निरस्त कर बकाया PF और पूरे ₹780 प्रतिदिन की दर से भुगतान सुनिश्चित नहीं किया गया, तो वे वर्कशॉप का कामकाज पूरी तरह ठप कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठेंगे। इस राष्ट्रव्यापी महत्व के श्रम घोटाले की गूंज अब कोयला मंत्रालय और केंद्रीय श्रम मंत्रालय तक पहुंचाने की तैयारी है।

# बटुरा में कथित जुए का कारोबार बेखौफ जारी !

**भोलाई और अशोक के नाम सामने आने का दावा, शराब के कारोबार को लेकर भी चर्चाएँ—अमलाई पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई के बावजूद उठ रहे सवाल**

**समाज जागरण**

अमलाई। अमलाई थाना क्षेत्र अंतर्गत बटुरा में कथित रूप से जुए का कारोबार खुलेआम संचालित होने की चचाओं ने एक बार फिर पुलिस की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय स्तर पर मिल रही जानकारी और सूत्रों के दावों के अनुसार बटुरा क्षेत्र में भोलाई और अशोक के नाम कथित जुआ गतिविधियों से जुड़े होने की बात सामने आ रही है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। सूत्रों के मुताबिक बटुरा क्षेत्र में लंबे समय से जुए के फड़ संचालित होने की चचाएं बनी हुई हैं। आरोप है कि यहां अलग-अलग स्थानों पर लोगों का जमावड़ा लगाकर कथित रूप से जुआ खिलाया जाता है। यदि यह जानकारी सही है तो इससे न केवल क्षेत्र का माहौल प्रभावित हो रहा है, बल्कि जुआ खेलने वाले लोगों के परिवारों पर भी आर्थिक और सामाजिक प्रभाव पड़ने की आशंका बनी रहती है।

**शराब के कारोबार को लेकर भी उठ रही चर्चा!!**

इसी बीच सूत्रों द्वारा अशोक के संबंध में कथित शराब कारोबार से जुड़े होने की बात भी कही जा रही है। हालांकि शराब कारोबार संबंधी इस दावे की भी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। ऐसे में पूरे मामले की निष्पक्ष जांच किए जाने की आवश्यकता है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि बटुरा क्षेत्र में वास्तव में किसी प्रकार की अवैध गतिविधियां संचालित हो रही हैं या नहीं।

**पहले भी हो चुकी है ताबड़तोड़ कार्रवाई!**

गौरतलब है कि अमलाई थाना पुलिस द्वारा पूर्व में जुआ गतिविधियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई थी। पुलिस की कार्रवाई के बाद उम्मीद थी कि क्षेत्र में जुआ जैसी गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगेगा। लेकिन अब दोबारा इस तरह की चचाएं सामने आने से सवाल उठने लगे हैं कि आखिर कार्रवाई के बावजूद कथित जुआ गतिविधियां फिर से कैसे पैर पसार रही हैं? स्थानीय लोगों के बीच भी यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि यदि किसी स्थान पर खुलेआम जुआ संचालित हो रहा है तो पुलिस की नियमित गश्त और निगरानी व्यवस्था पर भी ध्यान देने की जरूरत है। वहीं, यदि शिकायतें महज अफवाह हैं तो पुलिस जांच के माध्यम से स्थिति स्पष्ट कर सकती है।

**जांच के बाद सामने आएगा सच!!**

बटुरा में सामने आ रही इन चचाओं के बीच अब निगाहें अमलाई थाना पुलिस की ओर हैं। पुलिस यदि मामले की गंभीरता से जांच करती है तो कथित जुआ गतिविधियों की वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है। साथ ही शराब कारोबार से जुड़े आरोपों की भी जांच किए जाने की जरूरत है। फिलहाल बटुरा में कथित जुए के कारोबार को लेकर चचाएं तेज हैं और लोगों की नजर इस बात पर है कि अमलाई पुलिस इस मामले में क्या कदम उठाती है। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की मांग भी उठ रही है।

# गुढ़ की सियासत में हलचल, विधायक की बहू ने थामा भाजपा का दामन

**रश्मि राजा सिंह के भाजपा में शामिल होने पर कांग्रेस ने उठाए परिवारवाद के सवाल**

**समाज जागरण**

समाज जागरण, रीवा। गुढ़ विधानसभा क्षेत्र की राजनीति में उस समय हलचल तेज हो गई, जब गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह की बड़ी बहू रश्मि राजा सिंह ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता समारोह में रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, पूर्व महापौर राजेंद्र ताम्रकार सहित कई वरिष्ठ नेता और संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे। भाजपा नेताओं ने इसे संगठन के विस्तार और मजबूती से जोड़ा। रश्मि राजा सिंह के भाजपा में शामिल होते ही कांग्रेस ने परिवारवाद को लेकर सवाल खड़े कर दिए। गुढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष उमाशंकर ललन पांडे ने आरोप लगाया कि राजनीतिक परिवारों से जुड़े लोगों को लगातार अवसर मिलने से आम कार्यकताओं की संभावनाएं सीमित होती हैं। उन्होंने इसे पारिवारिक राजनीति को आगे बढ़ाने का प्रयास बताते हुए कहा कि जनता आने वाले चुनाव में इसका जवाब देगी। वहीं कांग्रेस नेताओं ने सवाल उठाया कि रश्मि राजा सिंह की एंट्री को महिला नेतृत्व के विस्तार के रूप में देखा जाए या राजनीतिक विरासत आगे बढ़ाने की तैयारी के तौर पर। हालांकि, भाजपा की ओर से उनकी भविष्य की राजनीतिक भूमिका को लेकर फिलहाल कोई औपचारिक घोषणा नहीं की गई है। रश्मि राजा सिंह ने कहा कि पार्टी नेतृत्व उन्हें जो भी जिम्मेदारी देगा, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगी तथा जनता की सेवा उनकी प्राथमिकता रहेगी।

# उर्मिला बनी प्रदेश सहसंयोजक

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल। भारतीय जनता पार्टी महिला स्व सहायता प्रकोष्ठ की प्रदेश संयोजक ममता भदोरिया नेता भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष शहडोल श्रीमती उर्मिला कटारे बीजेपी मध्य प्रदेश स्व सहायता समूह प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक का दायित्व प्रदान किया है। इनकी नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुरेश चतुर्वेदी ने कहा कि संगठन के प्रति निष्ठा, अनुभव, समर्पण एवं कुशल नेतृत्व क्षमता निश्चित ही महिला स्व सहायता समूह प्रकोष्ठ को नई ऊर्जा और नई दिशा प्रदान करेगी। उर्मिला के प्रदेश सहसंयोजक बनने पर जिला भाजपा अध्यक्ष अमिता चपरा, सांसद हिमाद्री सिंह विधायक मनीष सिंह, विधायक जय सिंह, विधायक शरद कोल, कैलाश विशनामी ,सतीश तिवारी, सत्यभामा गुप्ता, संचित सरवटे, गुड्डी सिंह, अशोक मिश्रा शालिग्राम तिवारी ,नरेंद्र तिवारी नंदू शर्मा, निभा गुप्ता, रेखा त्रिपाठी आदि ने बधाई प्रेषित की है।

# सोहागपुर मार्ग के गड्ढों में डलवाया गया मुरूम, आवागमन में मिलेगी राहत

**जय स्तंभ चौक से सोहागपुर जाने वाले मार्ग पर कीचड़ और दलदल की समस्या का किया गया निराकरण**

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल, । जय स्तंभ चौक से सोहागपुर क्षेत्र की ओर जाने वाले मार्ग पर गड्ढों, जलभराव एवं कीचड़ के कारण नागरिकों को हो रही परेशानी का नगर पालिका परिषद द्वारा संज्ञान लिया गया। जिला कलेक्टर पार्थ जायसवाल के निदेर्शानुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती आशा जितेंद्र भंडारी ने सोहागपुर क्षेत्र का मैदानी भ्रमण कर मार्ग की स्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मार्ग के कई स्थानों पर गड्ढों के साथ जलभराव एवं दलदल की स्थिति पाई गई। नागरिकों को आवागमन में हो रही असुविधा को देखते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने संबंधित कर्मचारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करते हुए गड्ढों में मुरूम डालकर मार्ग को आवागमन योग्य बनाने के निर्देश दिए। निदेर्शों के पालन में संबंधित स्थानों पर मुरूम डालकर गड्ढों को भरने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इससे मार्ग पर कीचड़ एवं दलदल की स्थिति में सुधार होने के साथ ही राहगीरों और स्थानीय नागरिकों को आवागमन में राहत मिलने की उम्मीद है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती आशा जितेंद्र भंडारी ने कहा कि नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क एवं मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का नियमित रूप से निरीक्षण किया जा रहा है। जहां भी गड्ढों, कीचड़ अथवा जलभराव के कारण नागरिकों को परेशानी हो रही है, वहां प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक सुधार कार्य कराए जाएंगे। नगर पालिका परिषद द्वारा नागरिकों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सड़क एवं आवागमन से संबंधित समस्याओं के शीघ्र निराकरण के लिए निरंतर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# न्याय सत्याग्रह में शहडोल कांग्रेस की दमदार दस्तक, सैकड़ों साथियों के साथ रीवा पहुंचे अजय अवस्थी

**प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में आयोजित सत्याग्रह में जिला कांग्रेस शहडोल ने दिखाई एकजुटता, अन्याय के खिलाफ बुलंद की आवाज**

**समाज जागरण**

रीवा/। कांग्रेस कमेटी रीवा द्वारा आयोजित न्याय सत्याग्रह में जिला कांग्रेस शहडोल की ओर से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकताओं और समर्थकों ने पहुंचकर अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय अवस्थी के नेतृत्व में सैकड़ों साथी रीवा पहुंचे और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के साथ सत्याग्रह में शामिल होकर पार्टी की एकजुटता का संदेश दिया। रीवा में आयोजित इस कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं की भारी भीड़ देखने को मिली। मंच से नेताओं ने न्याय, सत्य और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के मुद्दे पर अपनी आवाज बुलंद की।

शहडोल मुख्यालय से पहुंचे कांग्रेस कार्यकताओं ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की। बड़ी संख्या में कार्यकताओं की मौजूदगी ने यह संकेत दिया कि गुढ़ क्षेत्र में कांग्रेस संगठन जमीनी स्तर पर अपनी सक्रियता बढ़ा रहा है। अजय अवस्थी के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकताओं ने सत्याग्रह के दौरान कांग्रेस के समर्थन में नारे लगाए और अन्याय के खिलाफ संघर्ष में साथ खड़े रहने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस की इस बड़ी भागीदारी को क्षेत्र में संगठन की सक्रियता और एकजुटता के रूप में देखा जा रहा है।

# तकनीक से सुदृढ़ होंगे सोनभद्र के विद्यालय, सीसीटीवी से शैक्षणिक गतिविधियों और सुरक्षा पर रहेगी नजर

**समाज जागरण/ जिला ब्यूरो प्रमुख**



सोनभद्र। जनपद के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने और बच्चों को सुरक्षित एवं अनुशासित शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन ने तकनीक आधारित पहल शुरू की है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देश पर बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा कम्पोजिट विद्यालय कनच, पेढ़ एवं धुरकरी में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। इसके माध्यम से विद्यालयों की विभिन्न गतिविधियों की प्रभावी निगरानी की जाएगी।

सीसीटीवी कैमरों की मदद से विद्यालयों में होने वाली पठन-पाठन एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों पर नजर रखी जा सकेगी। साथ ही शिक्षकों की उपस्थिति, समयबद्धता और बच्चों की नियमित उपस्थिति की भी निगरानी संभव होगी। इससे विद्यालयों में अनुशासन बनाए रखने के साथ बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करने में सहायता मिलेगी। विद्यालयों में बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ उनकी सुरक्षा को भी प्राथमिकता दी गई है। बच्चों के विद्यालय परिसर में आने से लेकर छुट्टी होने तक होने वाली गतिविधियों की निगरानी सीसीटीवी के माध्यम से की जा सकेगी। विद्यालय परिसर में किसी बाहरी व्यक्ति के प्रवेश, संदिग्ध गतिविधि अथवा किसी आकस्मिक घटना की स्थिति में वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त करने में भी यह व्यवस्था उपयोगी साबित होगी। इसके अलावा मिड-डे-मील की व्यवस्था पर भी निगरानी रखी जा सकेगी। भोजन तैयार करने और वितरण की प्रक्रिया, रसोईघर की स्वच्छता तथा भोजन की गुणवत्ता से संबंधित व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में सीसीटीवी मददगार होगा। विद्यालय परिसर, कक्षाओं और रसोईघर की साफ-सफाई के साथ-साथ विद्यालय की परिसंपत्तियों की सुरक्षा पर भी नजर रखी जा सकेगी।

जिला प्रशासन का मानना है कि तकनीक के माध्यम से निगरानी व्यवस्था मजबूत होने से विद्यालयों में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी। किसी प्रकार की अव्यवस्था सामने आने पर संबंधित स्तर पर त्वरित कार्रवाई की जा सकेगी। इससे शिक्षकों और कर्मचारियों में जिम्मेदारी की भावना मजबूत होने के साथ विद्यालयी व्यवस्थाओं में भी सुधार आएगा। जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ की इस पहल का उद्देश्य केवल निगरानी तक सीमित नहीं है, बल्कि तकनीक के बेहतर उपयोग से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बच्चों की सुरक्षा, स्वच्छता, अनुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत करना है। आने वाले समय में ऐसी तकनीकी व्यवस्थाओं से जनपद के परिषदीय विद्यालयों की कार्यप्रणाली को और प्रभावी बनाने की दिशा में मदद मिलने की उम्मीद है।

# सोनांचल की सड़कों का होगा कायाकल्प, 166.92 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत

**समाज जागरण/ जिला ब्यूरो प्रमुख**



सोनभद्र। आदिवासी बाहुल्य सोनभद्र में बेहतर कनेक्टिविटी और औद्योगिक विकास को गति देने के लिए चार प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण की तैयारी तेज हो गई है। शासन ने करीब 66.44 किलोमीटर लंबी चार सड़कों के लिए 166.92 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए बजट जारी किए जाने की संस्तुति की है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि जिले में उद्योगों को बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इन सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। अपर मुख्य सचिव वित्त एवं वित्त आयुक्त की अध्यक्षता में हुई व्यय वित्त समिति की बैठक में प्रस्तावों को वित्तीय स्वीकृति दी गई है। अब जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि चार राज्यों की सीमा से जुड़े सोनभद्र में बेहतर सड़क कनेक्टिविटी से दूसरे जनपदों तक आवागमन आसान होगा। इससे उद्योगों के लिए कच्चे माल और तैयार उत्पादों की ढुलाई में लगने वाला समय और लॉजिस्टिक्स लागत भी कम होगी। सड़कें बेहतर होने से आम लोगों को भी आवागमन में सुविधा मिलेगी और यात्रा का समय कम होगा। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है।

**इन सड़कों का होगा सुदृढ़ीकरण-:**
चोपन-कोटा-कोन-खरौंदी मार्ग का सुदृढ़ीकरण करीब 43.84 करोड़ रुपये की लागत से कराया जाएगा। वाराणसी-शक्तिनगर स्टेट हाईवे-5ए के सुदृढ़ीकरण एवं सतह सुधार पर करीब 58.15 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। साथ ही आरएस रोड से कोदरा टोला मार्ग के सुदृढ़ीकरण के लिए करीब 26.09 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं मुर्धवा-म्योरपुर-बभनी-चपकी-बीजपुर मार्ग के सुदृढ़ीकरण पर करीब 38.82 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि इन मार्गों के सुदृढ़ीकरण से जिले के दूरस्थ और औद्योगिक क्षेत्रों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी। सड़क निर्माण पूरा होने के बाद उद्योगों के साथ-साथ ग्रामीण और आमजन को भी आवागमन में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

# कमेरा समाज की शान माननीया अनुप्रिया पटेल के कार्यक्रम में उमड़ेगा जनसैलाब :- आनन्द पटेल दयालु

**समाज जागरण/
अनिल कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत पड़रछ एवं ग्राम पंचायत खेतकटवा में 13 सितंबर 2026 को डी.आर. ड्रीम, रॉबर्ट्सगंज में आयोजित होने वाले अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्षा एवं केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार मा. अनुप्रिया पटेल के प्रस्तावित कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गईं। बैठकों में कार्यकताओं एवं ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने का आह्वान किया गया। ग्राम पंचायत पड़रछ में आयोजित बैठक की अध्यक्षता शंभू पटेल, पूर्व जिला सचिव ने की, जबकि ग्राम पंचायत खेतकटवा में आयोजित बैठक की अध्यक्षता संतोष कन्नौजिया, जिला सचिव ने की। दोनों बैठकों में उपस्थित कार्यकताओं एवं ग्रामीणों ने कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि आनन्द पटेल दयालु, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मंच अपना दल (एस) ने कहा कि मा. केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार एवं अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्षा आदरणीया बहन अनुप्रिया पटेल का 13 सितंबर 2026 को रॉबर्ट्सगंज में प्रस्तावित कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कि कमेरा समाज की शान एवं करोड़ों लोगों की आवाज माननीय अनुप्रिया पटेल जी ने सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष कर समाज के वंचित, शोषित, दलित, पिछड़े, किसान, युवा एवं महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई को मजबूती प्रदान की है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस कार्यक्रम में जनसैलाब उमड़ेगा और रॉबर्ट्सगंज एक नया राजनीतिक इतिहास रचेगा। दयालु ने कहा कि अपना दल (एस) हमेशा दलितों, पिछड़ों, किसानों, युवाओं, महिलाओं एवं वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई लड़ता रहा है। बहन अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में पार्टी लगातार जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से गांव-गांव जनसंपर्क कर अधिकाधिक लोगों को कार्यक्रम में शामिल कराने की अपील की। विशिष्ट अतिथि महताब आलम ने कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी है कि अपनी लोकप्रिय नेता के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाया जाए। उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता और सदस्य अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम में पहुंचाने का कार्य करे तथा स्वयं भी रॉबर्ट्सगंज पहुंचकर माननीय अनुप्रिया पटेल के विचारों को सुने। बैठक का संचालन विकास कुमार गौड़ ने किया। मुख्य रूप से उपस्थित लोगों में बृजेश पटेल, राम लखन पटेल, अमरनाथ पटेल, किशन पटेल, संजय पटेल, ठुरू पटेल, लल्लू पटेल, गिरवर पटेल, रामचरित्र पटेल, सुरेंद्र पटेल, पिंटू पटेल, राम विष्णु, रामराज पटेल, ईश्वर राय, नारायण राय, गोरख राय, विजय पटेल, सरवन पटेल, जयराम पटेल, रामरति एवं धर्मेंद्र राय सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सम्मानित ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने 13 सितंबर 2026 को डी.आर. ड्रीम, रॉबर्ट्सगंज में आयोजित होने वाले माननीया अनुप्रिया पटेल के कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# युवा शक्ति ही विकसित भारत की नींव, शक्तिनगर में आयोजित हुआ विकसित भारत क्विज 2026'

**समाज जागरण/ अकबर अली**



शक्तिनगर/ सोनभद्र। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के एनटीपीसी परिसर स्थित राष्ट्रीय सेवा योजना ( एनएसएस) इकाई प्रथम के तत्वावधान में शुक्रवार को विकसित भारत क्विज 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में करीब 100 स्वयंसेवकों एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतिभागियों ने ऑनलाइन माध्यम से क्विज में हिस्सा लेकर विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए। क्विज प्रक्रिया पूरी करने के बाद प्रतिभागियों ने प्रमाण पत्र भी जनरेट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ प्राध्यापिका (आईआरपीएम) डॉ. अपर्णा त्रिपाठी ने की। उन्होंने युवाओं की भूमिका और विकसित भारत के लक्ष्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र निर्माण का प्रमुख स्रोत है। भारत युवाओं का देश है और उनकी ऊर्जा, प्रतिभा, रचनात्मक सोच एवं नवाचार का सकारात्मक उपयोग कर देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को समझने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं में मौजूद क्षमता को सही दिशा और अवसर मिलने पर देश के विकास को नई गति मिल सकती है। मुख्य वक्ता मनोविज्ञान विभाग की प्राध्यापिका डॉ. आनंद प्रिया सिंह ने युवाओं के सामने मौजूद अवसरों और चुनौतियों पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि सूचना क्रांति के दौर में तकनीक ने युवाओं के लिए सीखने और आगे बढ़ने के नए रास्ते खोले हैं, लेकिन इसके साथ कई चुनौतियां भी सामने आई हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सफलता के लिए समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच, निरंतर सीखने और तकनीक का सही उपयोग करने के सुझाव दिए। विशिष्ट अतिथि डॉ. विनोद कुमार पाण्डेय ने विद्यार्थियों के साथ विकसित भारत क्विज की ऑनलाइन प्रक्रिया में सहभागिता की। उन्होंने छात्र-छात्राओं को क्विज में भाग लेने की प्रक्रिया और उससे जुड़ी बारीकियों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. छोटेलाल प्रसाद ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रभाकर लाल ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को डॉ. ओम प्रकाश यादव एवं डॉ. रजनीकांत ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में उज्जवल, नीरज, पंकज, पूनम, खुशबू, प्रभा, दीपांजलि, विवेक, आशुतोष और राहुल सोनी सहित अन्य स्वयंसेवकों का सराहनीय सहयोग रहा।

# सीआईएसएफ-डीएफआई के बीच एमओयू, ड्रोन और एंटी-ड्रोन क्षमता को मिलेगी मजबूती

**समाज जागरण/ जिला ब्यूरो प्रमुख**



सोनभद्र। देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को उभरते हवाई खतरों से सुरक्षित रखने के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और ड्रोन फेडरेशन ऑफ इंडिया (डीएफआई) के बीच महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) हुआ है। इस समझौते के तहत ड्रोन और काउंटर-ड्रोन तकनीक, प्रशिक्षण, फोरेंसिक जांच तथा संयुक्त अभ्यास के जरिए सुरक्षा क्षमताओं को मजबूत किया जाएगा। सीआईएसएफ मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में समझौते पर सीआईएसएफ की ओर से डॉ. सी. डी. नायक, डीआईजी एवं प्रिंसिपल, एमपीआरटीसी बहरोड़ और डीएफआई के अध्यक्ष स्मित शाह ने हस्ताक्षर किए। इस दौरान सीआईएसएफ महानिदेशक प्रवीर रंजन समेत बल के वरिष्ठ अधिकारी और डीएफआई के पदाधिकारी मौजूद रहे। सीआईएसएफ वर्तमान में देशभर में 370 से अधिक महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा कर रहा है। इनमें विमानन क्षेत्र, परमाणु संयंत्र, अंतरिक्ष केंद्र और तेल रिफाइनरी जैसे अति-संवेदनशील प्रतिष्ठान शामिल हैं। महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को हवाई खतरों से सुरक्षा देने के लिए सीआईएसएफ को नोडल एजेंसी की जिम्मेदारी भी दी गई है। ड्रोन तकनीक के तेजी से विस्तार और इसके संभावित सुरक्षा खतरों को देखते हुए संदिग्ध ड्रोन की समय रहते पहचान, निगरानी, ट्रैकिंग और उन्हें निष्क्रिय करने की क्षमता बढ़ाना जरूरी हो गया है। सीआईएसएफ ने अपनी कार्यप्रणाली में ड्रोन तकनीक को शामिल किया है। अब तक 3,000 से अधिक कर्मियों को ड्रोन और एंटी-ड्रोन प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। करीब 80 इकाइयां निगरानी, खतरे की पहचान और प्रशिक्षण के लिए ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल कर रही हैं। एमओयू के तहत आरटीसी बहरोड़ को ड्रोन और काउंटर-ड्रोन सिस्टम के क्षेत्र में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा। डीएफआई भारतीय ड्रोन स्टार्टअप और तकनीकी कंपनियों के सहयोग से सीआईएसएफ की क्षमता निर्माण, व्यावहारिक अनुसंधान और ऑपरेशनल तैयारियों को मजबूत करने में सहयोग करेगा। समझौते में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर काउंटर-ड्रोन सिस्टम की तैनाती के लिए एसओपी, डिप्लॉयमेंट फ्रेमवर्क और पायलट प्रोजेक्ट तैयार करना शामिल है। साथ ही संदिग्ध ड्रोन की गतिविधियों के विश्लेषण और घटना के बाद आकलन के लिए स्वदेशी फोरेंसिक उपकरण विकसित किए जाएंगे।
ड्रोन घुसपैठ की पहचान, ट्रैकिंग और जवाबी कार्रवाई की तैयारियों को परखने के लिए संयुक्त ड्रिल और रेड-टीमिंग अभ्यास भी आयोजित किए जाएंगे। प्रशिक्षण के लिए विशेष मॉड्यूल, स्टूडेंट हैकथॉन और चैलेंज प्रोग्राम तैयार किए जाएंगे। सीआईएसएफ महानिदेशक प्रवीर रंजन ने कहा कि यह साझेदारी बदलते ड्रोन खतरों के खिलाफ सुरक्षा तैयारियों को मजबूत करने में अहम साबित होगी। डीएफआई अध्यक्ष स्मित शाह ने कहा कि भारतीय ड्रोन उद्योग स्वदेशी तकनीकी नवाचारों के माध्यम से सीआईएसएफ की जरूरतों को पूरा करने और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के लिए आत्मनिर्भर सुरक्षा ढांचा तैयार करने में सहयोग करेगा।

# बभनी में बैंक कर्मचारियों की हड़ताल, तीनों शाखाओं में ठप रहा कामकाज, बैरंग लौटे ग्राहक

**समाज जागरण/ जिला ब्यूरो प्रमुख**





सोनभद्र। बभनी क्षेत्र में बैंक कर्मचारियों की हड़ताल के कारण इंडियन बैंक चपकी, भारतीय स्टेट बैंक बभनी और उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक बभनी की शाखाएं बंद रहीं। इससे ग्राहकों को बिना काम कराए लौटना पड़ा। बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों के संगठनों ने 5-डे वर्किंग (सप्ताह में पांच दिन काम) लागू करने सहित कई मांगों को लेकर यह हड़ताल की है। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (UFBU) ने 11 सितंबर 2026 को देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। यूनियनों की मुख्य मांग है कि बैंकों में सभी शनिवार को छुट्टी घोषित की जाए और सोमवार से शुक्रवार तक पांच दिन काम की व्यवस्था लागू हो। बैंक यूनियनों का कहना है कि दूसरा और चौथा शनिवार पहले से ही छुट्टी होती है। बाकी शनिवार को भी छुट्टी घोषित करने की मांग लंबे समय से चल रही है। कर्मचारियों से जुड़े दूसरे लंबित मुद्दों को भी सुलझाने की मांग की गई है। हड़ताल के कारण बैंक शाखाओं में सामान्य बैंकिंग सेवाओं पर असर पड़ सकता है। ग्राहकों को सलाह दी गई है कि वे अपने जरूरी बैंकिंग काम पहले ही निपटा लें या डिजिटल बैंकिंग सेवाओं का इस्तेमाल करें। डॉ इम्तियाज, अंगद लाल, राम सिंह, राम किशुन सहित दर्जनों लोग बैरंग लौटना पड़ा। प्रदर्शन में शाखा प्रबंधक भानु, धर्मेंद्र सिंह, विवेक कुमार, राहुल मिश्रा, विनीत विशाल और सभी बैंक स्टाफ शामिल रहे।

# झिल्ली महुआ निवासी दंपती को मिला न्याय, बीमा कंपनी ने दिए 10 लाख रुपये

**समाज जागरण/ जिला ब्यूरो प्रमुख**



सोनभद्र। राबर्ट्सगंज कचहरी परिसर स्थित एडीआर भवन में संचालित स्थायी लोक अदालत के हस्तक्षेप से झिल्ली महुआ निवासी दंपती को करीब डेढ़ वर्ष बाद न्याय मिला। सुलह-समझौते के आधार पर बीमा कंपनी ने सुरसतिया और रामलखन को कुल 10 लाख रुपये की धनराशि के चेक प्रदान किए। बभनी थाना क्षेत्र के झिल्ली महुआ, पोस्ट नधिरा निवासी सुरसतिया और रामलखन के बेटे रामनरेश की 10 सितंबर 2020 को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। रामनरेश ने एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी से 10 लाख रुपये का पर्सनल एक्सीडेंट बीमा कराया था, जिसकी वैधता 12 जून 2020 से 11 जून 2021 तक थी। दंपती के अनुसार, दुर्घटना के बाद बीमा कंपनी को सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराते हुए बीमा राशि का भुगतान करने की मांग की गई थी।शुरूआत में कंपनी की ओर से भुगतान का आश्वासन दिया गया, लेकिन बाद में राशि देने से इनकार कर दिया गया। इसके बाद दंपती ने 24 अप्रैल 2025 को स्थायी लोक अदालत में मुकदमा दाखिल कर न्याय की गुहार लगाई।

मामले में स्थायी लोक अदालत के हस्तक्षेप के बाद बीमा कंपनी और वादी पक्ष के बीच सुलह-समझौता हुआ। इसके आधार पर मामले का निस्तारण करते हुए स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष नरेंद्र बहादुर प्रसाद ने सुरसतिया और रामलखन को पांच-पांच लाख रुपये के चेक प्रदान किए। इस तरह दंपती को कुल 10 लाख रुपये की बीमा राशि प्राप्त हुई। स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष नरेंद्र बहादुर प्रसाद ने बताया कि यहां जनोपयोगी सेवाओं से संबंधित मामलों की सुनवाई की जाती है। इनमें बिजली, पानी, अस्पताल, परिवहन, बीमा, शिक्षा, डाक और नगर पालिका आदि से जुड़े मामले शामिल हैं। इन मामलों को बिना किसी कोर्ट फीस के सुना जाता है। स्थायी लोक अदालत के सदस्य नीरज सिंह ने कहा कि सुलह-समझौते के आधार पर मामलों का त्वरित निस्तारण किया जाता है। उन्होंने जिले के लोगों से स्थायी लोक अदालत की सुविधा का लाभ उठाने की अपील की। इस मौके पर सदस्य आशीष मिश्रा, अधिवक्ता अमित वर्मा, जमुना सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट का 20 हजार रुपये का इनामिया गैंगलीडर गिरफ्तार

**समाज जागरण/
अनिल कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (नक्सल) ऋषभ रुणवाल एवं क्षेत्राधिकारी सदर सुधीर कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में उच्चाधिकारीगण द्वारा गठित पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। पुलिस टीम द्वारा थाना रामपुर बरकोनिया पर पंजीकृत मु0अ0सं0 45/2026, धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम, 1986 से संबंधित 20,000 रुपये के इनामिया वांछित अभियुक्त शौकत अली पुत्र स्व0 सहाबुद्दीन, निवासी ग्राम हरभोग, थाना अधौरा, जनपद भभुआ (बिहार), उम्र करीब 40 वर्ष को उसके घर ग्राम हरभोग, थाना अधौरा, जनपद भभुआ (बिहार) से गिरफ्तार किया गया।
अभियुक्त के विरुद्ध मा0 न्यायालय द्वारा गैर-जमानतीय वारंट एवं उद्घोषणा की आदेशिका जारी की गई थी। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा 20,000 रुपये का नगद पुरस्कार घोषित किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त को मा0 न्यायालय भेजा गया।

# विकास के दावों की खुली पोल, गड्ढों में तब्दील परसा टोला-मचबंधवां मार्ग बनी मुसीबत

**समाज जागरण/ जिला ब्यूरो प्रमुख**



सोनभद्र। विकास के बड़े-बड़े दावों के बावजूद, सोनभद्र जिले के बभनी विकासखंड की यह सच्चाई उन दावों की पोल खोल रही है। बभनी के परसा टोला से मचबंधवां की तरफ जाने वाला मुख्य मार्ग अब सड़क कम, दलदल और बड़े गड्ढों का मैदान ज्यादा दिख रहा है। यह सड़क लगभग खत्म हो चुकी है। सामान्य दिनों में भी यहां चलना खतरनाक है, और थोड़ी सी बारिश होने पर यह रास्ता पूरी तरह बंद हो जाता है। स्कूली बच्चे, रोजाना सफर करने वाले लोग और बाइक सवार, सभी के लिए यहां से गुजरना बहुत मुश्किल है। इस खराब हालत का असर स्कूल जाने वाले छात्रों, राहगीरों और स्थानीय लोगों पर भी पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभाग के अधिकारियों के चक्कर काटे, साथ ही जन प्रतिनिधियों से भी शिकायत की, लेकिन उन्हें सिर्फ आश्वासन मिला। प्रशासन की इस लापरवाही से अब ग्रामीणों का सब्र टूट रहा है। जनता का साफ कहना है कि क्या शासन-प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? परसा टोला और आसपास के क्षेत्रवासियों ने अब जिला प्रशासन और पीडब्ल्यूडी (PWD) के उच्च अधिकारियों को साफ चेतावनी दी है। ग्रामीणों ने कहा है कि अगर जल्द से जल्द इस सड़क को फिर से नहीं बनाया गया, तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। शिकायत करने वालों में आकाश गुप्ता, अवध बिहारी यादव, मनोज कुमार, संतोष कुमार, अरविंद कुमार और बलिराम शामिल हैं। सवाल यह है कि आखिर कब तक ग्रामीण इन खराब रास्तों पर अपनी जान खतरे में डालकर चलने को मजबूर रहेंगे? क्या सोनभद्र के इन इलाकों में विकास की रोशनी पहुंचना अभी बाकी है? इस बारे में पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता, प्रांतीय खंड, शिव कुमार सिंह ने बताया कि इस सड़क की खास मरम्मत के लिए इसे वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना में शामिल किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि सड़क की मरम्मत का काम सरकार से मंजूरी और पैसे मिलने पर निर्भर करेगा।

# दसवां संस्कार के दौरान पोखरे में डूबा युवक, 39 वर्षीय रमेश की मौत

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

डाला/ सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के गुरमुरा में एक व्यक्ति की पोखरे में डूबने से मौत हो गई। यह हादसा दसवां संस्कार के दौरान हुआ। मृतक की पहचान पंचम खड़ी, पनारी निवासी रमेश कुमार (39) के रूप में हुई है। घटना दोपहर करीब 2:30 बजे हुई। बताया गया कि रमेश कुमार दसवां संस्कार के लिए बाल कटवाने घाट पर पहुंचे थे। बाल कटवाने के बाद वे पोखरे में नहाने गए। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वे गहरे पानी में डूब गए। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें ढूंढना शुरू किया। काफी कोशिश के बाद उन्हें पानी से बाहर निकाला गया। इस दौरान एक अन्य युवक रमेश को बचाने के लिए पानी में कूद गया था। हादसे के बाद रमेश और बचाने कूदे युवक, दोनों को चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। सीएचसी चोपन के डॉक्टर रोहित श्रीवास्तव ने बताया कि रमेश कुमार को मृत हालत में अस्पताल लाया गया था।

वहीं, दूसरे युवक की हालत सामान्य है



और उसे प्राथमिक उपचार दिया गया है परिजनों के मुताबिक, मृतक रमेश के दो बेटे और तीन बेटियां हैं।
इस घटना के बाद परिवार में मातम छा गया है। पुलिस ने मामले में जरूरी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कुकडू और ईचागढ़ में एसआईआर कार्य का निरीक्षण, छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति किया जागरूक

**समाज जागरण**

चांडिल/सरायकेला। सरायकेला-खरसावाँ जिले के चांडिल अनुमंडल अंतर्गत कुकड़ू एवं ईचागढ़ प्रखंड में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) कार्य के तहत चल रही दावा-आपत्ति प्रक्रिया का जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती पारुल सिंह ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों से कार्य की प्रगति की जानकारी ली और दावा-आपत्ति से जुड़े कार्यों का निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।







निरीक्षण के क्रम में जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी ने SN +2 हाई स्कूल, टीकर, ईचागढ़, राजकीय +2 हाई स्कूल, तिरुलडीह, कुकड़ू तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का भी भ्रमण किया। विद्यालयों में आयोजित ELC (Electoral Literacy Club) गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को मतदान के महत्व और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति जागरूक किया गया।

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता से संबंधित आकर्षक चित्रकला और रंगोली तैयार की गई थी, जिसकी जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी ने सराहना की। विद्यालय पहुंचने पर छात्राओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।

इस दौरान विद्यार्थियों के साथ मतदान एवं मतदाता सूची से संबंधित विषयों पर संवाद किया गया। छात्र-छात्राओं के बीच प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी ने विशेष रूप से 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं और मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित पात्र नागरिकों को Form-6 के माध्यम से नाम जोड़ने की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को मतदान के अधिकार का जिम्मेदारी के साथ प्रयोग करने तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।

निरीक्षण के दौरान आमजनों एवं विद्यार्थियों को मतदाता सूची में अपने नाम एवं विवरण की जांच करने तथा आवश्यकतानुसार निर्धारित प्रक्रिया के तहत दावा-आपत्ति दर्ज कराने के प्रति भी जागरूक किया गया। अधिकारियों ने कहा कि पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल होना लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# एप्रोच पथ और नियमानुसार डायवर्सन नहीं बनाने से आवागमन में हो रही परेशानी

**समाज जागरण**



गोड्डा ठाकुरगंगटी मुख्य मार्ग पर खरखोदिया के नजदीक बटेश्वर गंगा पंप नहर में बीते करीब छह माह पूर्व ब्रिज निर्माण का कार्य पूरा हो गया है। इतने दिनों बाद भी एप्रोच पथ नहीं बनाया गया है। नियमानुसार डायवर्सन भी नहीं बनाने के कारण स्थानीय लोगों,वाहन चालकों सहित राहगीरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों में पप्पू साह,सिंटू मंडल, प्रकाश साह,अशर्फी रिख्यासन। धुन्नी देवी व अन्य ने बताया कि ब्रिज का तो निर्माण किसी तरह पुरा कर दिया गया परंतु इसका एप्रोच पथ अबतक नहीं बनाया गया है। नियमानुसार डायवर्सन भी नहीं बनाया गया है। बताया कि बारिश होने पर इस मार्ग होकर आवागमन पूरी तरह ठप हो जाता है। दो पहिया वाहन चालक हमेशा दुर्घटना के शिकार होते रहते हैं। साथ ही मार्ग होकर पैदल गुजरने वाले छात्र-छात्राओं सहित अन्य को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बताया कि ठेकेदार द्वारा नाली को भी काट दिया गया है। इस कारण नाली का पानी लोगों के घरों में घुस रहा है।गंदा पानी जमा होने से सढांध उत्पन्न होने लगा है। लोगों के बीच कई प्रकार के महामारी फैलने की संभावना बढ़ गई है। बताया कि इस मार्ग होकर जिले के वरिय पदाधिकारी सहित स्थानीय प्रशासन का भी आवागमन होता है। बावजूद उन लोगों की ओर से भी इस संबंध में सुधार की दिशा में कोई पहल नहीं की जा रही है। इस कारण क्षेत्र के लोगों के बीच आक्रोश व्याप्त होने लगा है। लोगों ने अविलंब एप्रोच पथ बनवाने या नियमानुसार डायवर्सन बनवाने की मांग की है।

# पटना के फुलवारी शरीफ में पुनपुन नदी की बाढ़ से उजड़े गरीबों के आशियाने

## खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर पीड़ित परिवार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ के सकरैचा पंचायत अंतर्गत धनुकी मुसहरी और सलारपुर इलाके में पुनपुन नदी की बाढ़ से भारी तबाही मची है। बाढ़ का पानी उतरने के बाद प्रभावित गरीब परिवारों को अपने उजड़े आशियानों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे कई परिवार खुले आसमान के नीचे जीवन गुजारने को मजबूर हैं। भाकपा माले प्रखंड सचिव गुरुदेव दास के नेतृत्व में एक जांच टीम ने इन बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। टीम ने पाया कि धनुकी मुसहरी में शंकर मांझी, अनुज मांझी, नरेश मांझी और छोटे मांझी के मिट्टी के घर बाढ़ के पानी के कारण पूरी तरह ध्वस्त हो गए हैं या गिरने की कगार पर हैं। इसी प्रकार सलारपुर में भी इदल मांझी का घर गिर गया है, जिससे उनके घर में रखा सारा खाद्य सामान भी बर्बाद हो गया है। इन परिवारों के सामने अब सिर छिपाने और भोजन की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है।प्रभावित परिवारों ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकारी राहत के नाम पर उन्हें केवल 10 फीट की पॉलिथीन दी गई है, जिससे इस भीषण आपदा में कोई खास मदद नहीं मिल पा रही है। सलारपुर के पीड़ित परिवार के अनुसार, एक गैर-सरकारी संस्था द्वारा दिए गए चूड़ा और गुड़ के सहारे ही किसी तरह भोजन का इंतजाम हो पा रहा है। भाकपा माले नेता गुरुदेव दास ने प्रशासन से सकरैचा पंचायत को आधिकारिक रूप से बाढ़ प्रभावित क्षेत्र घोषित करने, जिन परिवारों के आशियाने उजड़ गए हैं, उनके लिए 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता और एक क्विंटल अनाज दिए जाने, प्रभावित गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान उपलब्ध कराया जाने व प्रशासन द्वारा जल्द से जल्द ठोस कदम उठाकर पीड़ितों को राहत और पुनर्वास प्रदान कर ने की मांग किया है।



# पटना के मसौढ़ी में ऑटोमैटिक पिस्टल व 10 कारतूस के साथ एक आरोपित गिरफ्तार पुलिस कर रही अन्य की तलाश

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के मसौढ़ी नगर के जेपी रोड में बीते बुधवार को हुई ताबड़तोड़ फायरिंग के सनसनीखेज मामले में मसौढ़ी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को एक नामजद आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित के पास से एक अत्याधुनिक ऑटोमैटिक पिस्टल, मैगजीन तथा 10 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, बरामद किए गए इसी हथियार का इस्तेमाल फायरिंग की इस खौफनाक घटना में किया गया था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार आरोपित की पहचान थाना क्षेत्र के दीघवां निवासी बिहारी प्रसाद उर्फ दिनेश्वर प्रसाद के पुत्र के रूप में हुई है। इस संबंध में सिटी एसपी (पूर्वी) शैलजा ने शुक्रवार को आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर गठित विशेष पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले के आरोपित को धर दबोचा। उसके पास से विधिवत रूप से हथियार और गोलियां जब्त की गई हैं।

गौरतलब है कि बीते नौ सितंबर की शाम करीब छह बजे जेपी रोड पर अज्ञात अपराधियों द्वारा ताबड़तोड़ फायरिंग की गई थी, जिससे इलाके में भारी दहशत फैल गई थी। इस घटना के संबंध में नीतू कुमारी के लिखित बयान पर मसौढ़ी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) और एसडीपीओ मसौढ़ी-1 के संयुक्त नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया था, जिसके बाद यह सफलता मिली है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान बिहारी प्रसाद उर्फ दिनेश्वर प्रसाद का पुत्र निवासी-दीघवां, मसौढ़ी के रूप में हुई है। जिसके पास से 01 ऑटोमैटिक पिस्टल, 01 मैगजीन और 10 जिंदा कारतूस बरामद हुई है। 09 सितंबर की शाम जेपी रोड पर हुई ताबड़तोड़ फायरिंग हुई थी।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस आपराधिक घटना में शामिल अन्य फरार चल रहे आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए भी लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस की इस मुस्तैदी से अपराधियों के हौसले पस्त हुए हैं और क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल मजबूत हो रहा है।

# पटना के दानापुर में बदमाशों ने ओला चालक को चाय में नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश किया

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिला के दानापुर क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां बदमाशों ने ओला चालक को चाय पिलाकर बेहोश कर दिया और उसकी कार, 15 हजार रुपये नकद तथा जरूरी कागजात लेकर फरार हो गए। इस संबंध में भोजपुर जिले के बड़हरा थाना अंतर्गत एकवना निवासी व कार चालक रामा शंकर सिंह ने स्थानीय थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

पीड़ित चालक रामा शंकर सिंह ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि बीते 9 सितंबर की रात करीब 8:50 बजे ओला कैब के माध्यम से अनिसाबाद से खगौल जाने के लिए एक कार बुक की गई थी। सवारी को गंतव्य तक छोड़ने के बाद जब वह आगे बढ़े, तो रास्ते में उनके परिचित मोहल्ले के ही रहने वाले प्रदीप पाठक और छोटू कुमार मिश्रा (निवासी- पटेल नगर) तथा दो अन्य अज्ञात लोग मिले, जिन्हें वह नहीं पहचानते थे। आरोपियों ने जबरन चाय पिलाने के बहाने गाड़ी रुकवाई। चाय पीने के कुछ ही देर बाद चालक बेहोश हो गया। जब उसे होश आया तो उसने पाया कि उसकी गाड़ी गायब है। बदमाशों ने बेहोशी की हालत में उसकी जेब से 15 हजार रुपये नकद, पर्स, मोबाइल फोन, पैन कार्ड, आधार कार्ड और गाड़ी की ओनर बुक (आरसी) समेत तमाम कागजात लूट लिए। इसके बाद बदमाशों ने पीड़ित के घर फोन कर एक लाख रुपये फिरौती की मांग भी की, जिसे परिजनों ने देने से साफ इनकार कर दिया। घटना के बाद पीड़ित ने इसकी सूचना खगौल पुलिस को दी। सूचना पाकर खगौल पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल दानापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने की बात कही। इसके बाद पीड़ित ने सगुना मोड़ स्थित पुलिस चौकी प्रभारी को लिखित आवेदन दिया और फिर स्थानीय दानापुर थाने में दोबारा लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि बदमाशों की पहचान की जा सके।

# पटना के खगौल में जुआ और शराब के अड्डे पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## दो पार्षदों समेत 11 लोग गिरफ्तार; भारी मात्रा में नकदी और शराब बरामद

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के खगौल थाना क्षेत्र में पुलिस को एक बड़ी और अहम सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने खगौल नगर में चल रहे एक बड़े जुआ और शराब के अवैध अड्डे पर छापेमारी की, जहां से दो पार्षदों समेत कुल 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से इलाके के आपराधिक तत्वों और अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार की देर शाम पुलिस को थाना क्षेत्र के निम्मतल्ला रोड स्थित रेलवे फाटक के समीप एक मकान में अवैध रूप से जुआ खेलने और शराब की खरीद-बिक्री तथा सप्लाई होने की पुख्ता सूचना मिली थी। सूचना का सत्यापन करने के बाद थानाध्यक्ष रंजन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर उक्त मकान में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में अवैध सामान और नकदी बरामद की। पुलिस ने घटनास्थल से कुल 2,26,810 रुपये नकद, ताश की गड्डी, 11 मोबाइल फोन और 5 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह पूरा अवैध धंधा एक स्थानीय निवर्तमान पार्षद के मकान में चलाया जा रहा था। पुलिस की पूछताछ के दौरान जब मकान मालिक सह पार्षद महेंद्र सिंह से उनके घर में चल रहे जुआ के अड्डे और नीचे के कमरे से शराब मिलने के संबंध में सवाल किया गया, तो उन्होंने बचाव करते हुए बताया कि मकान को किराए पर दिया गया था। हालांकि, जब पुलिस ने उनसे किराए से संबंधित कोई कागजात या एग्रीमेंट की मांग की, तो वह कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सके। इस पर पुलिस ने संलिप्तता के आधार पर उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए अन्य आरोपियों में अनिल कुमार (पिता स्व. कृष्णा गोप, बड़ी खगौल), मनीष कुमार (जमालुदीनचक), सन्नी कुमार (बड़ी बदलपुरा), मोहन प्रसाद (छोटी बदलपुरा), सुमीत कुमार (जमालुदीनचक), मो. सरफुद्दीन (चक्रदाहा), संतोष कुमार (कोथवा), शमीम कुरैशी (कुम्हार टोली), मिथिलेश कुमार (सरारी, शाहपुर), विक्की कुमार व निखिल कुमार (फुलिया टोला, फुलवारीशरीफ), मुन्ना कुमार (चकमुसा, जानीपुर) और पार्षद महेंद्र सिंह व अनिल कुमार शामिल हैं। खगौल पुलिस ने सभी 11 गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में अवैध शराब और जुए के खिलाफ इस तरह का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# पटना के दानापुर में पुलिस गश्ती के दौरान हथियार और कारतूस के साथ एक अपराधी गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के दानापुर क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस गश्ती के दौरान एक संदिग्ध युवक को एक पिस्तौल, दो जिंदा गोली और एक मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कंपनीबाग निवासी राहुल कुमार के रूप में हुई है। एसडीपीओ अजीत कुमार ने शुक्रवार को पत्रकारों को प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूरी जानकारी देते हुए बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) के निदेर्शानुसार इन दिनों अपराध नियंत्रण, अवैध हथियार, मादक पदार्थ और अवैध शराब की बरामदगी तथा उन पर अंकुश लगाने के लिए विशेष छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत बीते रात पुलिस गश्ती दल ने संदिग्ध हालत में घूम रहे एक युवक को पकड़ा। तलाशी के दौरान जब उसके मोबाइल की जांच की गई, तो उसमें हथियारों और गोलियों की तस्वीरें मिलीं, जिससे पुलिस का शक गहरा गया। पकड़े गए राहुल कुमार से जब कड़ाई से पूछताछ की गई, तो उसकी निशानदेही पर एक खंडहरनुमा घर से पुलिस ने एक पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस और एक अन्य मोबाइल बरामद किया। पुलिस ने बरामद हथियारों और सामग्रियों को विधिवत जब्त कर लिया है। गिरफ्तार राहुल कुमार से पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए इस तरह की सख्त कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# पटना के दानापुर में नासरीगंज घाट पर गंगा नदी में स्नान के दौरान डूबे चार दोस्त

## एक की तलाश जारी, तीन को स्थानीय लोगों ने बचाया

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के दानापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नासरीगंज-फक्कर महतो घाट पर शुक्रवार दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया। पितृपक्ष के दौरान पिंडदान करने आए चार दोस्तों में से एक युवक गंगा नदी की तेज धारा में डूब गया, जबकि नाविकों और स्थानीय लोगों की सूझबूझ से तीन युवकों की जान बाल-बाल बच गई। इस घटना के बाद से पीड़ित परिवार में कोहराम मचा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, खगौल थाना क्षेत्र के गाड़ीखाना निवासी सूरज कुमार चौधरी का 20 वर्षीय पुत्र आयुष्मान उर्फ आयुष अपने दोस्तों के साथ नासरीगंज फक्कर महतो घाट पर आया था। परिजनों ने बताया कि सभी लोग शुक्रवार को पिंडदान के सिलसिले में घाट पर पहुंचे थे। इसी दौरान आयुष, रोहित कुमार (21 वर्ष, पिता-बीरेंद्र कुमार चौधरी), सन्नी कुमार (15 वर्ष, पिता-बीरेंद्र कुमार चौधरी) और आदित्य कुमार (12 वर्ष, पिता-अजय कुमार) गंगा नदी में स्नान करने के लिए उतरे। स्नान करने के दौरान सबसे पहले 12 वर्षीय आदित्य कुमार डूबने लगा। उसे बचाने के प्रयास में रोहित, सन्नी और आयुष भी गहरे पानी में चले गए और चारों तेज धारा की चपेट में आकर डूबने लगे। घाट पर पिंडदान कर रही महिलाओं ने अपनी साड़ियां फेंककर उन्हें बचाने का असफल प्रयास भी किया। इसी दौरान डूब रहे आदित्य ने अपना हाथ ऊपर उठाया, जिस पर नजर पड़ते ही वहां मौजूद स्थानीय नाविकों और गोताखोरों ने भारी मशक्कत के बाद आदित्य, सन्नी और रोहित को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हालांकि, 20 वर्षीय आयुष गंगा नदी की तेज औरप्रचंड धारा में बहकर लापता हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ (रउफ्रफ्र) की टीम मौके पर पहुंची और घंटों खोजबीन अभियान चलाया, लेकिन देर शाम तक आयुष का शव या उसका कोई सुराग बरामद नहीं किया जा सका। पीड़ित परिजनों ने लापता आयुष की खोजबीन जल्द से जल्द पूरी करने की गुहार लगाई है। इस संबंध में एसडीपीओ अजीत कुमार ने पुष्टि करते हुए बताया कि फक्कर महतो घाट पर स्नान के दौरान एक युवक के डूबने की सूचना मिली थी, जिसमें से तीन दोस्तों को स्थानीय लोगों की मदद से सुरक्षित बचा लिया गया है। लापता युवक की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन लगातार जारी है।

# पटना के दानापुर में बेखौफ चोरों ने ग्रिल दुकान को बनाया निशाना

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के दानापुर थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्होंने महज 24 घंटे के भीतर एक ही ग्रिल दुकान में दो बार चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया। चोरों ने दुकान का ताला तोड़ने के साथ-साथ करकट काटकर




करीब दो लाख रुपये मूल्य की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। इस सनसनीखेज मामले के बाद से दुकानदारों में भारी रोष और दहशत का माहौल है।

इस संबंध में थाने के पठान टोली बेलतल निवासी व पीड़ित दुकानदार मुन्ना कुमार ने स्थानीय थाने में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित दुकानदार ने पुलिस को बताया कि त्रिभुवन स्कूल, स्वराज नगर पेज-1 में उनकी 'आरवी इंटरप्राइजेज वर्कशॉप' नाम से ग्रिल की दुकान है। दुकानदार के अनुसार, पहली घटना में 9 सितंबर की देर रात चोरों ने दुकान के शटर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और एक बड़ा कटर मशीन, तीन छोटे ग्राइंडर मशीन, एक वेल्डिंग मशीन, टाई कॉइल तार और 25 मीटर होल्डर तार चुरा लिए। इसके बाद जब 10 सितंबर को पीड़ित ने दुकान के लिए नए उपकरण खरीदकर फिर से काम शुरू किया, तो उसी रात चोरों ने दोबारा दुस्साहस दिखाते हुए दुकान के पीछे का करकट काट दिया और नए खरीदे गए सभी उपकरणों समेत करीब दो लाख रुपये की संपत्ति चुराकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। पुलिस ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच के दौरान एक चोर की तस्वीर कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज के आधार पर चोर की पहचान करने और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को दबोच लिया जाएगा।

# पटना के पालीगंज में कुर्की जब्ती की कार्रवाई के डर से सहमा हत्या के प्रयास का आरोपी दीघा थाने में किया आत्मसमर्पण

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के पालीगंज थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे एक नामजद आरोपी ने पुलिस की कड़ी दबिश और कुर्की-जब्ती के खौफ से आखिरकार घुटने टेक दिए। गिरफ्तारी से बचने और घर की कुर्की होने की सूचना मिलते ही आरोपी ने पालीगंज थाने की बजाय सीधे दीघा थाने में पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पालीगंज थाना कांड संख्या 100/26 के तहत हत्या के प्रयास का एक मामला दर्ज था, जिसमें परैयाचक निवासी मिथलेश यादव का पुत्र रवि यादव उर्फ रवि शंकर कुमार नामजद और फरार चल रहा था। पुलिस इस मामले में लगातार उसकी तलाश कर रही थी, लेकिन आरोपी पुलिस की गिरफ्त से दूर चल रहा था।

कानून का शिकंजा कसता देख और माननीय न्यायालय के आदेश पर आरोपी के घर पर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई थी। जैसे ही आरोपी रवि यादव को अपने पैतृक घर पर पुलिस द्वारा कुर्की की कार्रवाई किए जाने की भनक लगी, उसके होश उड़ गए। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से घबराकर उसने शुक्रवार को दीघा थाना पहुंचकर खुद को पुलिस के हवाले कर दिया और आत्मसमर्पण कर दिया। घटना की पुष्टि करते हुए पुलिस ने बताया कि आरोपी के दीघा थाना में सरेंडर करने की सूचना मिलते ही पालीगंज थाना पुलिस हरकत में आ गई है। पालीगंज पुलिस अब दीघा थाना से आरोपी को अपनी हिरासत में लेने और आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के लिए अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी को नियमानुसार सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जाएगा। इस कार्रवाई से इलाके के अन्य फरार अपराधियों में भी हड़कंप मच गया है।

# पटना के पालीगंज में खेत से धान सोहनी कर लौट रहे बुजुर्ग का नहर में फिसला पैर, डूबने से हुई मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज थाना क्षेत्र के सिकरिया गांव में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां खेत से काम कर लौट रहे एक बुजुर्ग की नहर में डूबने से मौत हो गई। इस घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिकरिया गांव निवासी भोला मोची (55 वर्ष), जो कि इंद्रदेव मोची के पुत्र थे, शुक्रवार को अपने खेत में धान सोहनी (निराई) का काम करने गए थे। काम समाप्त होने के बाद जब वह शाम को अपने घर वापस लौट रहे थे, तभी रास्ते में नहर के पास उनका पैर अचानक फिसल गया। परिजनों ने बताया कि भोला मोची को कम दिखाई देता था, जिसके कारण वह संतुलन खो बैठे और गहरे पानी में जा गिरे। पानी में डूबने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस दल-बल के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों व लोगों की मदद से शव को पानी से बाहर निकलवाया। पुलिस ने मौके पर आवश्यक कानूनी और कागजी प्रक्रिया पूरी की, जिसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज दिया गया। अचानक हुई इस अनहोनी से मृतक की पत्नी और बच्चों समेत सभी परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दरभंगा में जाम का खेल होगा खत्म! स्टेशन से बाइपास तक बन रहा मेगा एलिवेटेड कॉरिडोर

**समाज जागरण**

दरभंगा शहर को जाम से राहत दिलाने के लिए करीब 13.5 से 14 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण तेजी से चल रहा है. करीब 1862 करोड़ रुपये की इस परियोजना की शुरूआत दरभंगा जंक्शन से होगी और यह प्रमुख चौक-चौराहों से होते हुए एकमी चौक बाइपास तक पहुंचेगा. जिलाधिकारी कौशल कुमार निर्माण कार्य का लगातार निरीक्षण कर रहे हैं. वन विभाग ने करीब 1100 पेड़ हटाने की अनुमति दी है. परियोजना को आमस-दरभंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए DMCH के पास लिंक रोड की योजना भी तैयार है. रभंगाः बिहार के दरभंगा शहर को जाम से राहत दिलाने के लिए बहुप्रतीक्षित एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है. जिलाधिकारी कौशल कुमार लगातार निर्माण स्थल का निरीक्षण कर रहे हैं. इस दौरान वह काम की प्रगति, संसाधनों की उपलब्धता और यातायात डायवर्जन की व्यवस्था की जानकारी ले रहे हैं.

**परियोजना का अवलोकन**

निरीक्षण के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी, कार्यपालक मजिस्ट्रेट मो. सज्जाद और बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (BSRDCL) के अभियंता भी मौजूद रहते हैं. अधिकारी निर्माण कार्य की स्थिति का जायजा लेते हैं. जरूरत के अनुसार मौके पर दिशा-निर्देश भी दिए जा रहे हैं. यह परियोजना दरभंगा की सबसे बड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में शामिल है.

# पांचवें दिन भी चला नगर प्रशासन का बुलडोजर, अतिक्रमणकारी पर कार्रवाई; 50 हजार रुपये वसूला जुमार्ना

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**

शहर को अतिक्रमण और जाम की समस्या से मुक्त कराने के लिए जिला प्रशासन के निर्देश पर नगर परिषद का अतिक्रमण हटाओ अभियान शुक्रवार को लगातार पांचवें दिन भी जारी रहा। पांचवें दिन नगर प्रशासन की टीम ने रेलवे स्टेशन से धर्मगंज चौक, कैलटेक्स चौक होते हुए बाल मंदिर और पूरबपाली चौक तक सघन अभियान चलाकर सड़क और नालों पर किए गए अतिक्रमण को हटाया। नगर परिषद के स्वच्छता पदाधिकारी एवं दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त स्वरूपम राज के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान कई स्थानों पर नालों के ऊपर बनाए गए पक्के सीढ़ी और अन्य अवैध निर्माण को जेसीबी से तोड़कर हटाया गया तथा स्थान को समतल कराया गया। अतिक्रमणकारियों को दोबारा सड़क, फुटपाथ और नालों पर कब्जा नहीं करने की कड़ी हिदायत दी गई। अभियान के दौरान कैलटेक्स चौक पर एक अतिक्रमणकारी द्वारा प्रशासनिक कार्रवाई में बाधा उत्पन्न करने का मामला सामने आया। कार्य में बाधा डालने पर प्रशासन ने संबंधित व्यक्ति को हिरासत में लेकर थाना भेज दिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल की भी पर्याप्त तैनाती रही। अतिक्रमण अभियान में कुल 50 हजार रुपये का जुमार्ना अतिक्रमणकारियों से वसूला गया। नगर प्रशासन की लगातार पांच दिनों से चल रही कार्रवाई से सड़क और फुटपाथ पर अवैध कब्जा करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दिया है कि शहर में अतिक्रमण कर यातायात व्यवस्था बाधित करने वालों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।



अभियान में सब इंस्पेक्टर मनीष पासवान के नेतृत्व में महिला एवं पुरुष पुलिस जवानों के अलावा नगर परिषद के विधि प्रशाखा प्रभारी कमलेश कुमार, राकेश रामदास, राजेश साह, राजेश कुमार, अविनाश कुमार, धीरज कुमार, अमरजीत पासवान, अजय भगत, कमल सिंह सहित राजस्व कर्मी, वार्ड जमादार और स्वच्छता साथियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जन्म प्रमाण पत्र के नाम पर 9 हजार रुपये मांगने का आरोप, नगर परिषद में आवेदन लेकर गायब हुआ बिचौलिया, बाद में कराया गया वापस

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**

किशनगंज नगर परिषद कार्यालय में जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर कथित तौर पर 9 हजार रुपये मांगने का मामला सामने आया है। बंगाल के चुराकुट्टी निवासी सद्दाम हुसैन ने नगर परिषद अध्यक्ष के करीबी बताए जा रहे आमिर नामक व्यक्ति पर तीन बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के एवज में 9 हजार रुपये मांगने का आरोप लगाया है। मामले में आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। सद्दाम हुसैन ने बताया कि उनकी बच्ची का जन्म करीब 14 माह पूर्व किशनगंज मेडिकल कॉलेज में हुआ था। जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए वह काफी समय से परेशान थे। इसी दौरान उन्होंने अपने बड़े भाई से मदद मांगी। उनके भाई ने रुईधासा निवासी अब्दुल सलाम से संपर्क किया। अब्दुल सलाम ने उन्हें किशनगंज बुलाया और जन्म प्रमाण पत्र बनवाने की बात कही।

सद्दाम के अनुसार, अब्दुल सलाम के माध्यम से उनकी मुलाकात आमिर नामक व्यक्ति से कराई गई। आरोप है कि आमिर ने एक बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए 3 हजार रुपये की मांग की। सद्दाम के पास तीन बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र के आवेदन थे, लिहाजा कथित तौर पर उनसे कुल 9 हजार रुपये मांगे गए।

सद्दाम ने बताया कि इसके बाद आमिर उन्हें नगर परिषद कार्यालय के ऊपरी हिस्से में ले गया, जहां शपथ पत्र की जरूरत बताई गई। उन्होंने शपथ पत्र बनवाकर आमिर को सौंप दिया। आरोप है कि इसके बाद आमिर ने फिर से 9 हजार रुपये की मांग की और खुद को नगर परिषद अध्यक्ष का करीबी बताते हुए जन्म प्रमाण पत्र बनवाने का भरोसा दिया।



सद्दाम ने बताया कि उन्होंने आमिर से कहा कि उनके भाई ने पहले महज 200 रुपये में जन्म प्रमाण पत्र बनवाया था और वह आर्थिक रूप से कमजोर हैं। इतनी बड़ी राशि देना उनके लिए संभव नहीं है। आरोप है कि इसके बाद आमिर उनका आवेदन लेकर वहां से चला गया। मामला बिगड़ता देख सद्दाम ने अपने गांव के प्रिंस को फोन कर पूरी घटना की जानकारी दी। प्रिंस के नगर परिषद कार्यालय पहुंचने के बाद कथित रूप से उनका आवेदन वापस कराया गया। इस घटनाक्रम ने नगर परिषद कार्यालय में जन्म प्रमाण पत्र जैसी जरूरी नागरिक सेवा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**जरूरी दस्तावेज के लिए कथित वसूली पर उठे सवाल**

जन्म प्रमाण पत्र किसी भी बच्चे के लिए बेहद महत्वपूर्ण दस्तावेज है। ऐसे में इसके निर्माण के नाम पर यदि कोई व्यक्ति मनमानी राशि की मांग करता है तो यह न केवल आम लोगों की परेशानी बढ़ाता है, बल्कि सरकारी व्यवस्था की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े करता है। स्थानीय स्तर पर अब मांग उठ रही है कि नगर परिषद प्रशासन पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराए और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया जाए कि जन्म प्रमाण पत्र के लिए निर्धारित सरकारी शुल्क कितना है और आम लोगों से इसके अतिरिक्त राशि मांगने वालों पर क्या कार्रवाई होगी।

# सोमवार-शुक्रवार अधिकारी सुनेंगे जनता की समस्या, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**

सात निश्चय-3 के तहत सबका सम्मान-जीवन आसान (Ease of Living) को धरातल पर प्रभावी बनाने के लिए जिला प्रशासन ने आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर सख्ती बढ़ा दी है। जिला पदाधिकारी नवीन कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को सभी पदाधिकारी अनिवार्य रूप से अपने-अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर आमजनों की समस्याएं सुनेंगे।



जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी कार्यालयों में आने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सभी कार्यालयों में आगंतुकों के बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना अनिवार्य किया गया है। प्रत्येक कार्यालय में आगंतुक पंजी का विधिवत संधारण करते हुए प्राप्त शिकायतों की प्रविष्टि और उनके समयबद्ध निष्पादन पर भी विशेष जोर दिया गया है। प्रखंड, पंचायत और जिला स्तर पर प्रतिदिन कार्यालय पहुंचने वाले आगंतुकों की संख्या की रिपोर्टिंग भी अनिवार्य की गई है। किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर संबंधित पदाधिकारी को तत्काल अपने वरीय अधिकारी को सूचना देने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किसी कारणवश संबंधित पदाधिकारी कार्यालय में उपस्थित नहीं हैं तो उनके स्थान पर अधिकृत पदाधिकारी आम लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनेंगे। एक से अधिक कार्यालयों का प्रभार संभालने वाले पदाधिकारी सोमवार और शुक्रवार को सुविधा के अनुसार समय निर्धारित कर सभी संबंधित कार्यालयों में उपस्थित रहेंगे। जिलाधिकारी ने निर्देशों के पालन में किसी भी स्तर पर लापरवाही को गंभीरता से लेने की चेतावनी दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्देशों की अवहेलना अथवा अधिकृत पदाधिकारी की अनुपस्थिति पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# 17 सितंबर से शुरू होगा सेवा संकल्प अभियान, मुख्य सचिव ने तैयारियों की समीक्षा की

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

पटना। बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक प्रस्तावित सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के प्रधान सचिव एवं सचिव मौजूद रहे, जबकि सभी जिलों के जिलाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। मुख्य सचिव ने अभियान के सभी 13 प्रमुख घटकों की विभागवार समीक्षा करते हुए तैयारियां निर्धारित समय सीमा में पूरी करने का निर्देश दिया। अभियान की शुरुआत 17 सितंबर की शाम आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम से होगी। इसके तहत राज्य के प्रत्येक घर तथा प्रत्येक जिले के कम से कम 10 प्रमुख एवं प्रतीकात्मक सार्वजनिक स्थलों पर सामूहिक दीप प्रज्वलन किया जाएगा। जीविका, नगर निकायों और जन वितरण प्रणाली के माध्यम से लाभार्थियों तक दीया पहुंचाने की व्यवस्था की जाएगी।

17 सितंबर से 7 अक्टूबर के बीच सरकारी एवं निजी विद्यालयों में सेवा चित्र कार्यक्रम के तहत विकसित




भारत संकल्प विषय पर चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इसी दौरान अभिभावक-शिक्षक बैठक भी कराई जाएगी। सेवा स्मरण के तहत पिछले 25 वर्षों के सेवा कार्यों एवं योजनाओं पर आधारित 18 से 20 नाट्य टोलियां गठित कर स्कूलों, कॉलेजों और पंचायतों में नुक्कड़ नाटक कराए जाएंगे। 2 अक्टूबर को विशेष मंचन भी होगा।

25 सितंबर से 7 अक्टूबर के बीच आंगन का मिलन कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों पर तीन दिवसीय आयोजन होगा। इसमें आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं का सम्मान, लाभार्थी माताओं से संवाद, बच्चों की गतिविधियां तथा पोषण एवं स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

सरकारी योजनाओं से लोगों के जीवन में आए बदलावों को सामने लाने के लिए ह्यकहानी बदलाव की के तहत वास्तविक रील्स एवं लघु वीडियो का संकलन कर जिला और राज्यस्तरीय डिजिटल डेटा बैंक तैयार किया जाएगा। वहीं सेवा ज्योति यात्रा के माध्यम से पदयात्रा, साइकिल एवं बाइक रैलियां निकाली जाएंगी, जिसमें मेरा युवा भारत के स्वयंसेवक भाग लेंगे। कार्यक्रम के समापन पर विकसित भारत 2047 का सामूहिक संकल्प लिया जाएगा। वडनगर से वाराणसी (जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा) के बिहार से गुजरने के दौरान पड़ाव स्थलों पर स्वागत, सुरक्षा, ठहरने और स्थानीय लाभार्थियों से संवाद की व्यवस्था की जाएगी। सेवा मेरा योगदान के तहत तालाबों एवं छठ घाटों की सफाई, वृक्षारोपण और स्वच्छता से जुड़ी 25 गतिविधियां संचालित होंगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कम से कम दो स्थलों पर प्रत्यक्ष बदलाव सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है।

सेवा सेतु अभियान के तहत प्रखंड एवं विधानसभा स्तर पर सरकार आपके द्वार शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में केंद्र सरकार की 26 प्रमुख योजनाओं सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का मौके पर ही लाभ दिलाने की व्यवस्था होगी। ह्यसेवा के रंग कार्यक्रम के तहत नगर निकायों के प्रमुख स्थलों पर मानव रंगोली और चयनित शहरों में 108 मीटर व्यास का भारत मंडला तैयार कर ड्रोन के माध्यम से कवरेज कराया जाएगा।

स्थानीय समस्याओं के तकनीकी समाधान के लिए नवाचार चुनौती के तहत उद्योग तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के माध्यम से युवाओं, विद्यार्थियों और स्टार्टअप्स से ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। जनसेवक महाकुंभ में पंचायत एवं नगर निकायों के सक्रिय और योग्य प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। अभियान के अंतिम घटक 25 साल, 25 कहानियां (राष्ट्रीय अनबॉक्सिंग) के तहत राज्य एवं जिला स्तर की प्रमुख उपलब्धियों से संबंधित तथ्यात्मक सामग्री और क्यूरेटेड किट्स का राष्ट्रीय स्तर पर समन्वय एवं वितरण किया जाएगा।

**मार्च 2027 तक चलेगा सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान**

मुख्य अभियान के साथ राज्य में 17 सितंबर 2026 से मार्च 2027 तक सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान भी चलाया जाएगा। इसके तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण, ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, पंचायती राज तथा नगर विकास एवं आवास विभाग से जुड़े कार्य कराए जाएंगे। सरकार ने सभी प्रकार के मरम्मत कार्य 30 नवंबर तक पूरा करने, सभी सरकारी भवनों का रंग-रोगन दिवाली तक कराने तथा स्वीकृत नए निर्माण कार्यों को मार्च 2027 तक हर हाल में पूरा करने की समय-सीमा तय की है।

# नबीनगर: आर्म्स एक्ट मामले में एक गिरफ्तार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर थाना क्षेत्र के जनकपुर पोखरा निवासी अभिमन्यु सिंह को पुलिस ने आर्म्स एक्ट मामले में उसके घर से गिरफ्तार किया है।




यह कार्रवाई एस आई श्याम बाबू द्वारा की गई है। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि अभियुक्त को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# बड़ेम थाना पुलिस की दोहरी कार्रवाई, शराब के साथ एक धराया, अजमानतीय वारंटी गिरफ्तार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के बड़ेम थाना पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए एक शराब कारोबारी को 15 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है, वहीं एक अजमानतीय वारंटी को भी उसके घर से गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अमरजीत चौधरी ने बताया कि पहली कार्रवाई में पुलिस ने चंदन कुमार, ग्राम रहरा, थाना बड़ेम को रहरा गांव के पास मेन रोड से 15 लीटर महुआ शराब के साथ रंगे हाथों पकड़ा है। इस कार्रवाई में पीटीसी जनार्दन कुमार शामिल रहे। दूसरी




कार्रवाई में अजमानतीय वारंटी राकेश राम, ग्राम तिवारीडीह को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई में एएसआई राजेश कुमार शामिल रहे। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरू करते हुए दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# टंडवा के कालापहाड़ में कुएं में मिला विशाल अजगर, देखने उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र स्थित कालापहाड़ गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया जब गांव के एक कुएं में 16 फीट लंबा विशाल अजगर देखा गया। बताया जाता है कि ग्रामीणों ने सुबह-सुबह कुएं में अजगर को देखा, जिसके बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। देखते ही देखते यह खबर जंगल में आग की तरह फैल गई और कुएं के आसपास



ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। मामले की सूचना तुरंत वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की रेस्क्यू टीम को मौके पर भेजा गया है। वन विभाग की टीम के पहुंचते ही रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार अजगर काफी विशाल और मोटा है। जानकारी के अनुसार अजगर का वजन 110 किलो बताया जा रहा है। वन विभाग की टीम द्वारा अजगर को सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में छोड़े जाने की खबर है।

# सीएसपी लूटकांड का 24 घंटे के अंदर उद्भेदन, तीन अपराधी गिरफ्तार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

औरंगाबाद जिले के अंबा-नबीनगर रोड स्थित तमसी मोड़ पर सीएसपी संचालक से हुई लूट का औरंगाबाद पुलिस ने त्वरित उद्भेदन किया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर



कुटुंबा थाना क्षेत्र के चकुआ और कटरी गांव से तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में गोलू कुमार गिरि (पिपरा), कुणाल कुमार (धुजा) और अजय कुमार सिंह (देवकली) शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से लूटे गए 62,140 रुपये नगद, 1 लैपटॉप, 1 मोडिफाइड देसी कट्टा, 2 जिंदा कारतूस और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। इस संबंध में कुटुंबा थाना में कांड संख्या 175/26 दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पटना के बिहटा में प्रेम परवान चढ़ा तो मंदिर में रचाई शादी

## हिमांशु और तन्नू ने लिए सात फेरे, परिजनों की सहमति से बना नया जीवन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बिहटा के सदिसोपुर इलाके में एक अनोखी और चर्चा का विषय बनी शादी देखने को मिली है। लंबे समय से परवान चढ़ रहे प्रेम संबंध को आखिरकार मंजिल मिल ही गई। सदिसोपुर गांव के रहने वाले हिमांशु कुमार और तन्नू कुमारी ने सामाजिक बंधनों को स्वीकार करते हुए और परिजनों की सहमति से मंदिर में सात फेरे लेकर हमेशा के लिए एक-दूसरे का हाथ थाम लिया है। गुरुवार की रात करीब नौ बजे दोनों ने ऐतिहासिक बाबा बिहटेश्वरनाथ धाम मंदिर में विधि-विधान के साथ विवाह रचाया। मंदिर के पुजारी ने वैदिक रीति-रिवाजों के बीच पूरे अनुष्ठान को संपन्न कराया। इस दौरान दोनों ने सात फेरे लिए और जीवनभर हर परिस्थिति में एक-दूसरे का साथ निभाने का संकल्प लिया।



शादी की भनक लगते ही मंदिर परिसर में स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई, जो इस जोड़े को आशीर्वाद देते नजर आए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सदिसोपुर निवासी हिमांशु कुमार (उम्र 23 वर्ष, पिता जीतू सिंह) और तन्नू कुमारी (उम्र 22 वर्ष, पिता स्वर्गीय संजय साव) के बीच काफी समय से प्रेम संबंध चल रहा था। दोनों बालिग हैं और एक-दूसरे के साथ अपना भविष्य देखने की इच्छा रखते थे। जब इस प्रेम प्रसंग की जानकारी दोनों परिवारों को हुई, तो उन्होंने सामाजिक और आपसी सहमति से इस रिश्ते को वैवाहिक बंधन में बदलने का सराहनीय निर्णय लिया। शादी के बाद नवविवाहित जोड़े ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि वे लंबे समय से एक- से प्रेम करते थे और अब साथ मिलकर एक नई शुरुआत करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। साथ ही, उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि वे उनके वैवाहिक जीवन में किसी तरह की बाधा या परेशानी उत्पन्न न करें। शुक्रवार को यह अनूठी और प्रेम विवाह की यह खबर पूरे बिहटा इलाके में सुर्खियों का विषय बनी रही और हर कोई इस जोड़े को शुभकामनाएं देता नजर आया।

# नबीनगर में अलग-अलग जगहों से भारी मात्रा में देसी शराब बरामद, तस्कर फरार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में देसी शराब बरामद की है, हालांकि मौके से कारोबारी फरार होने में सफल रहे। गुप्त सूचना पर कार्रवाई में घीरसिंदी पहाड़ी से 100 लीटर देसी चुलाई महुआ शराब बरामद की गई। वहीं दूसरी कार्रवाई में सिंदुरिया गांव के समीप कचरा प्लांट के पास



उत्तर कोयल नहर के समीप से 22.2 लीटर देसी टनाका शराब बरामद की गई। पुलिस ने दोनों जगहों से शराब जप्त कर फरार कारोबारियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पटना के पालीगंज के रामजानकी मठ में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण का छठिहार गूंजे पारंपरिक सोहर गीत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज में कृष्णाष्टमी के पावन अवसर पर भक्ति और उल्लास का अनूठा माहौल देखने को मिला। क्षेत्र के प्रसिद्ध रामजानकी मठ में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 'छठिहार' का पर्व बेहद श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और भगवान के बाल रूप की आराधना की। उत्सव के मुख्य आकर्षण के तहत भगवान श्रीकृष्ण की सुंदर प्रतिमा को एक बेहद आकर्षक ढंग से सजाए गए पालने में विराजमान किया गया। श्रद्धालुओं ने बारी-बारी से पालना झुलाकर भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अपनी अगाध आस्था प्रकट की। इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक और उल्लास से भरे 'सोहर गीत' गाकर छठिहार की खुशियों को दोगुना कर दिया, जिससे पूरा मठ परिसर नंदोत्सव की उमंग में सराबोर नजर आया। छठिहार उत्सव को लेकर रामजानकी मठ को किसी दुल्हन की तरह भव्य रूप से सजाया गया था। चारों तरफ की रंग-बिरंगी सजावट और आकर्षक रोशनी ने पूरे परिसर की खूबसूरती में चार चांद लगा दिए। सुबह से ही मठ में श्रद्धालुओं के आने का तांता लगा रहा। पूजा-अर्चना, हवन और मंत्रोच्चार के साथ गूंजते भजन-कीर्तन ने पूरे इलाके का माहौल पूरी तरह से भक्तिमय बना दिया। इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद के रूप में एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने और इसमें सहभागिता निभाने के लिए क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित लोग मौजूद रहे। उत्सव में मुख्य रूप से एसडीओ चंदन कुमार, डॉ. अशोक वर्मा, पंकज शर्मा, कमलेश शर्मा, चंद्रदेव वर्मा, जवाहर गुप्ता और मोहन चौधरी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस आयोजन की सुदृढ़ व्यवस्था और भव्यता की चर्चा पूरे पालीगंज क्षेत्र में बनी हुई है।

# पटना जिले के खीरीमोड़ थाना क्षेत्र में अवैध हथियार के साथ एक अपराधी गिरफ्तार, देसी ग्रीनट बरामद

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पश्चिमी क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। पटना नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) के निर्देशानुसार और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-01 पालीगंज के कुशल नेतृत्व में खीरीमोड़ थाना की पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक कुख्यात अपराधी को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस मुस्तैदी से इलाके में अपराधियों के बीच हड़कंप मच गया है। प्राप्त आधिकारिक जानकारी के अनुसार, दिनांक 10-09-2026 की रात्रि में पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि खीरीमोड़ थाना अंतर्गत ग्राम मनकुढ़ा (केवल बिगहा) में एक व्यक्ति अपने घर में अवैध हथियार छिपाकर रखे हुए है। आरोपी इन हथियारों के बल पर अपने इलाके में अपना वर्चस्व कायम कर रहा था और आसपास के लोगों में भय का माहौल बना रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हरकत तेज हो गई और एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम मनकुढ़ा स्थित आरोपी सुद्धू कुमार (पिता-गणेश यादव) के घर पर विधिवत छापेमारी की। तलाशी के दौरान उसके घर से 01 देसी ग्रीनट (अवैध हथियार) बरामद किया गया। पुलिस ने मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सुद्धू कुमार, पे०-गणेश यादव, सा०-मनकुढ़ा (केवल बिगहा), थाना-खीरीमोड़, जिला-पटना के रूप में हुई है।

# नहर में डूबे किशोर के परिजनों को मिला सहायता प्रमाण पत्र

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। कपसेठी थाना क्षेत्र के रामडीह गांव निवासी 14 वर्षीय अंश पटेल पुत्र जगनारायण पटेल की बीते शनिवार को नहर में डूबने से मौत हो गई थी। अंश दो बहनों का इकलौता भाई था। उसकी मौत से परिवार में मातम छा गया।

शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष राम शकल पटेल मृतक के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने मृतक के पिता जगनारायण पटेल और माता को उपजिलाधिकारी राजातालाब द्वारा आपदा मोचन निधि से स्वीकृत चार लाख रुपये का सहायता प्रमाण पत्र सौंपा।



जिलाध्यक्ष ने बताया कि सहायता राशि का चेक खाते में लगा दिया गया है और धनराशि खाते में भेज दी गई है। उन्होंने परिवार को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री संजीव सिंह गौतम, सेवापुरी मंडल अध्यक्ष अभिषेक दूबे, उमाशंकर पटेल, अभिषेक त्रिपाठी सुमित, राम विलास पटेल, अमित सिंह पीयूष, जिला मंत्री युवा मोर्चा किशन सिंह, अवगत उपाध्याय, अभिषेक पांडेय, अजय पटेल, ओपी पटेल, अभिषेक यादव समेत राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# सोनहरिया वन में उमड़ा आस्था का सैलाब त्रिदंडी स्वामी के दरबार में पहुंचे पूर्व सांसद अतुल राय

## 28 अक्टूबर को निकलेगी भव्य कलश यात्रा, देशभर के संतों के जुटने की तैयारी

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के जमानियां तहसील क्षेत्र के सोनहरिया ग्राम सभा स्थित बाबा सिद्धनाथ धाम और सोनहरिया वन इन दिनों श्रद्धा और आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। बक्सर धाम से पधारे गंगा पुत्र त्रिदंडी स्वामी महाराज के सानिध्य में यहां प्रतिदिन कथा का आयोजन किया जा रहा है। करीब दो माह तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन में दूर-दराज क्षेत्रों से भी श्रद्धालु पहुंचकर कथा श्रवण करने के साथ ही स्वामी जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। गंगा पुत्र त्रिदंडी स्वामी महाराज के दर्शन के लिए राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के पहुंचने का सिलसिला भी जारी है। इसी क्रम में बसपा के पूर्व सांसद अतुल राय सोनहरिया वन स्थित स्वामी महाराज के दरबार में पहुंचे। उन्होंने स्वामी महाराज का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ समाजसेवी राजू राय ने बताया कि गंगा पुत्र त्रिदंडी स्वामी महाराज के सानिध्य में आगामी 28 अक्टूबर को विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसमें गाजीपुर के साथ ही आसपास के अन्य जनपदों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि कलश यात्रा में देश के कई प्रमुख संतों के भी शामिल होने की संभावना है।



**सोनहरिया निवासी महेश राय ने कहा कि कुछ समय पहले**

तक जिस घने जंगल में रात के समय लोगों का आना-जाना भी मुश्किल था, आज वही स्थान श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बन गया है। स्वामी महाराज के आगमन से पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना हुआ है और सोनहरिया वन में चहल-पहल बढ़ गई है। कथा आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में भी खासा उत्साह है। बड़ी संख्या में लोग प्रतिदिन सोनहरिया वन पहुंचकर धार्मिक कार्यक्रम में सहभागिता कर रहे हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि गंगा पुत्र त्रिदंडी स्वामी महाराज के सानिध्य में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम से सोनहरिया वन को नई पहचान मिल रही है।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बहुत ही धूमधाम से यहां पर मनाया गया था।

पूर्व सांसद अतुल राय के साथ धनंजय मौर्या बसपा नेता, आजाद, अनिल राय सोनहरिया, मिट्ठू जी फुल्ली, नितेश टीसौरा,राजेश टीसौरा, अभिषेक पचोखर,अमित जी राष्ट्रीय अध्यक्ष,गोपाल राय पूर्व सांसद प्रतिनिधि,पुलक राय देवरिया,बिनीत राय समेत ढेर सारे लोग उपस्थित रहे।

# स्वामी विवेकानंद के शिकागो धर्म सम्मेलन में ऐतिहासिक संबोधन की स्मृति में सत्यदेव डिग्री कॉलेज गाजीपुर में गोष्ठी आयोजित

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर समाज जागरण**

स्वामी विवेकानंद जी द्वारा 11 सितंबर 1893 को अमेरिका के शिकागो में आयोजित विश्व धर्म सम्मेलन में दिए गए ऐतिहासिक संबोधन की स्मृति में सत्यदेव डिग्री कॉलेज, गाजीपुर में एक विशेष गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के जीवन, विचारों, कृतित्व एवं उनके राष्ट्र निर्माण संबंधी संदेशों से परिचित कराना रहा।

गोष्ठी में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिकता और सनातन विचारधारा को विश्व पटल पर प्रतिष्ठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिकागो धर्म सम्मेलन में उनके संबोधन ने पूरी दुनिया का ध्यान भारतीय दर्शन और वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना की ओर आकर्षित किया।



प्राचार्य जी ने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद की प्रमुख विचारों की जानकारी देते हुए कहा कि युवाओं के लिए विवेकानंद जी का जीवन आज भी प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा शिक्षा के साथ-साथ चरित्र निर्माण, आत्मविश्वास, अनुशासन और राष्ट्र सेवा की भावना विकसित करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का संदेश केवल किसी एक वर्ग या समुदाय के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव समाज के लिए प्रेरणादायी है। उनके विचारों में युवाओं की शक्ति, आत्मनिर्भरता और मानव सेवा को विशेष महत्व दिया गया है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भी स्वामी विवेकानंद के जीवन एवं विचारों से संबंधित विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। गोष्ठी में महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन स्वामी विवेकानंद के आदर्शों एवं उनके बताए मार्ग पर चलने के संकल्प के साथ हुआ।

# विधायक ने बाइपास रोड का किया स्थलीय निरीक्षण, अंडरपास व सर्विस लेन को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। अजगरा विधानसभा क्षेत्रअंतर्गत दानगंज बाइपास रोड का आज विधायक त्रिभुवन राम ने स्थलीय निरीक्षण कर सड़क की वर्तमान स्थिति एवं निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया।

विधायक ने सड़क की बारीकी से अवलोकन करते हुए स्थानीय लोगों के आवागमन एवं यातायात से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली। मौके पर मौजूद एनएचएआई के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दी। दानगंज बाइपास पर आवश्यक स्थानों पर अंडरपास अथवा सर्विस लेन के निर्माण की संभावनाओं पर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।उन्होंने कहा कि विकास कार्यों का उद्देश्य केवल बेहतर सड़क निर्माण ही नहीं, बल्कि क्षेत्र की जनता को सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक आवागमन उपलब्ध कराना है।



दानगंज बाइपास मार्ग वाराणसी को जौनपुर होते हुए आजमगढ़ से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है। इसके बेहतर निर्माण एवं सुचारु संचालन से क्षेत्र के आवागमन को गति मिलेगी, कनेक्टिविटी मजबूत होगी तथा स्थानीय जनता को बेहतर यातायात सुविधा का लाभ मिलेगा।

विधायक त्रिभुवन राम ने कहा कि अजगरा विधानसभा क्षेत्र में सड़क, कनेक्टिविटी और जनसुविधाओं से जुड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की सुविधा एवं सुरक्षा से जुड़े विषयों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

इस अवसर पर प्रोजेक्ट इंचार्ज श्रीनिवासन , पूर्व ब्लॉक प्रमुख लालबहादुर सिंह , पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद सिंह , ग्राम प्रधान सुजीत सिंह, हीरू सिंह , डी.के. सिंह , मोहन बाबू, रितेश सिंह सहित एनएचएआई के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ग्राम प्रधान पिहुली बेद प्रकाश यादव की मां विमला देवी के निधन पर शोक संवेदना प्रकट करने का लगा तांता

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर समाज जागरण**

श्रीमती विमला देवी अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक पत्नी सहजानन्द सिंह यादव का निधन 4 सितम्बर शुक्रवार को हो गया !शनिवार से लोगों के पिहुली पहुंचने का क्रम शुरू हो गया !श्रीमती विमला देवी सपा नेता एवं ग्राम प्रधान पिहुली, ब्लाक अध्यक्ष प्रधान संघ बाराचंवर बेद प्रकाश यादव की माता जी के निधन का समाचार मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड गई !



बेद प्रकाश यादव ने बताया की श्राद्ध भोज 17 सितम्बर को आयोजित होगा। पूर्व एम एल सी काशी नाथ यादव, राजेश राय पूर्व प्रधान प्रतिनिधि करीमुद्दीनपुर,डिंपल राय,नदीम खान बसपा नेता काकोरी, राम सिंह यादव चौरी चौरा पूर्व मंत्री सैय्यदा शादाब फातिमा , पूर्व जिला पंचायत सदस्य सदरे आलम, गोपाल राय संरक्षक मां कष्टहरणी मंदिर समिति करीमुद्दीनपुर, सपा जहूराबाद विधान सभा अध्यक्ष जयहिन्द यादव, राजेश यादव,जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सत्येन्द्र यादव,कृष्णा यादव, राधेश्याम यादव,मुरली सिंह,श्री प्रकाश राय, जनार्दन राय,डा०जय सिंह पप्पू, मिथिलेश यादव, घनश्याम यादव, डाक्टर विरेन्द्र यादव विधायक जंगीपुर ,सदरेआलम पूर्व जिला पंचायत सदस्य, रामधारी यादव पूर्व चेयरमैन जिला सहकारी बैंक, प्रसून सिंह, विपिन बिहारी सिंह टुनटुन, हिमांशु राय पूर्व प्रधान, देवेन्द्र सिंह देवा,पूर्व सपा प्रत्याशी जहूराबाद महेन्द्र चौहान, ब्लाक प्रमुख सोहांव वंशीधर यादव, कृष्णा यादव, रंजीत कुमार, फिरोज, पिंटू सिंह, भाजपा नेता प्रियांशु सिंह, यशवंत सिंह वरिष्ठ पत्रकार समेत ढेर सारे लोगो ने पिहुली पहुंच कर बेद प्रकाश यादव से मिल कर शोक संवेदना प्रकट किया !

# अपराधियों के खिलाफ सफल इंस्पेक्टर के के पटेल के नेतृत्व में टीम विपिन, 40 साल बाद अपहरणकर्ता गिरफ्तार

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां तीन किशोरियों का अपहरण करने वाले अपराधी को 40 साल बाद गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया गया। कठोर परिश्रम पूर्ण और पूर्ण निष्ठा के साथ की गई पुलिस यह कार्रवाई बताती है कि अपराध की जांच में केवल वर्दी ही नहीं, बल्कि सूझबूझ, धैर्य और जमीनी स्तर पर सुराग जुटाने की क्षमता भी अहम भूमिका निभाती है।जिसके फल स्वरुप अपराधी कितना भी शातिर क्यों न हो, पुलिस अगर सुराग तलाशने में पूरी मेहनत और सूझबूझ के साथ जुट जाए तो कानून की पकड़ से उसका बचना मुश्किल हो जाता है।



चर्चा का विषय बनी इस घटना का संबंध जुही थाना क्षेत्र से है ,जहां 1984 में प्रदीप कुमार नामक युवक के खिलाफ तीन किशोरियों को ले जाने के आरोप में अपहरण और विवाह के लिए विवश करने में मुकदमा हुआ था। लोअर कोर्ट ने प्रदीप को दोषी मानते हुए सजा सुनाई थी। जिसके बाद उसने वर्ष 1987 हाई कोर्ट में की गई अपील से राहत का फायदा उठाकर फरार हो गया था। हाई कोर्ट ने संज्ञान में लेकर पुलिस आयुक्त से सात अगस्त को जवाब दाखिल करने को कहा था। जिसके बाद ही जूही थाना प्रभारी इंस्पेक्टर केके पटेल की अगुवाई में टीम गठित कर फरार आरोपी प्रदीप की तलाश शुरू हुई। इसके लिए उसके सारे रिश्तेदारों, जमानत दारों, दोस्त, यारों उसके जन्म स्थान से लेकर उन सभी स्थानों तक भी जहां-जहां वह किराएदार आदि के रूप में रहता रहा। इसके लिए जेल जाकर लगभग 40 साल पुराना रिकॉर्ड भी देखा गया। लेकिन सफलता तब भी नहीं मिली। इस बीच गहन छानबीन से यह जरूर पता चल गया कि अपहरण करके ले जाई गई लगभग 39 साल पहले कमसिन भी रही लड़कियों में और जमानत लेने वालों में किसकी किसकी मौत हो चुकी है। इसके बाद भी योगी सरकार की मंशा के अनुरूप पीड़ितों की सहायता और अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही के लिए भी चर्चित निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली वाली कठोर परिश्रमी, तेज तर्रार और जुझारू मिलिट्री कैंप चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर विपिन कुमार, भूपेश राठी, नितिन दुबे और कांस्टेबल अंकित कुमार की इंस्पेक्टर के के पटेल के नेतृत्व वाली टीम ने हार नहीं मानी और चौकी प्रभारी विपिन कुमार ने बड़े धैय के साथ दूरदर्शिता का परिचय देते हुए अपने कठोर परिश्रम की दिशा चुनाव आयोग मतलब मतदाता पहचान पत्र के माध्यम से भी आरोपी का पता लगाने की तरफ मोड़ दी। इसी दौरान कठोर परिश्रम के साथ लगातार जुटे चौकी प्रभारी विपिन यादव की टीम को किसी तरह से आरोपी प्रदीप का वोटर आईडी हासिल हो गया। बस यही से सफलता मिलने का अंतिम चरण आ गया। मतलब जब चुनाव आयोग की वेबसाइट खंगाली गई तो महत्वपूर्ण सफलता के रूप में आरोपी प्रदीप कुमार का एपिक नंबर मिल गया। और जब एपिक नंबर मिल गया तो फिर परिवार का ब्यौरा खंगाला गया। इसी क्रम बीएलओ से संपर्क किया तो एक रिश्तेदार के बारे में जानकारी मिली और जब उस रिश्तेदार से पूछताछ की गई तो लगभग 2 माह से चल रही खोजबीन का समापन करते हुए कर्तव्य के प्रति निष्ठा की परीक्षा का प्रथम श्रेणी का परिणाम लगभग 40 साल से फरार आरोपी प्रदीप कुमार की गिरफ्तारी के रूप में सामने आ गया।

# नवंबर तक पंचायत राज की सभी योजनाएं पूरी करने के निर्देश

## पंचायत राज एवं जिला स्वच्छता समिति की समीक्षा बैठक में प्रभारी जिलाधिकारी ने दिए कड़े निर्देश

**समाज जागरण**

मीरजापुर। पंचायत राज विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं जिला स्वच्छता समिति के कार्यों की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी जिलाधिकारी विशाल कुमार ने की। इसमें जिला स्वच्छता समिति के सदस्यों के साथ सभी सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) उपस्थित रहे। प्रभारी जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि नवंबर 2026 तक सभी अवशेष व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण पूर्ण कराया जाए। सामुदायिक शौचालयों को शत-प्रतिशत क्रियाशील करने के लिए सड़क किनारे संचालित सभी सामुदायिक शौचालयों का सर्वे कराकर उन्हें ग्राम पंचायत विकास योजना में शामिल करने को कहा गया।

उन्होंने अभिनव प्रयास के तहत निर्मित विंध्य स्वच्छता प्रतिष्ठान को सामान्य भंडार के रूप में विकसित कर क्रियाशील करने तथा वहां विंध्य मार्ट में निर्मित सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। माहवारी प्रबंधन के लिए ग्राम सचिवालय, डिजिटल पुस्तकालय, सामुदायिक शौचालय एवं विंध्य स्वच्छता प्रतिष्ठान में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा गया।

बैठक में जनपद के सभी संसाधन पुनर्प्राप्ति केंद्रों को शत-प्रतिशत क्रियाशील करने पर जोर दिया गया। घर-घर से कूड़ा एकत्र कर केंद्रों पर पहुंचाने और उसका पृथक्करण कराने के निर्देश दिए गए। एकीकृत प्लास्टिक प्रबंधन इकाई को निरंतर संचालित रखने तथा प्रत्येक 15 दिन में एकत्र प्लास्टिक वहां भेजने को कहा गया।

स्वच्छ बाजार अभियान के तहत जनपद के 85 बाजारों में स्वच्छता सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कम से कम चार चलित शौचालय इकाइयां खरीदने के निर्देश दिए गए। पहाड़ी और हलिया विकासखंड की ग्राम पंचायत गौरा में स्थापित जैव-गैस संयंत्रों को शीघ्र क्रियाशील कर जल निगम से ग्राम पंचायत को हस्तांतरित कराने को कहा गया।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के तहत ढाबा, होटल, भोजनालय, विवाह भवन, चिकित्सालय, बाजार और उद्योग आदि बड़े कचरा उत्पादकों का चिन्हांकन कर उनसे उपयोगकर्ता शुल्क लेने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मेरा तालाब मेरी जिम्मेदारी अभियान के तहत जनपद के 405 तालाबों को मॉडल तालाब के रूप में विकसित करने पर भी जोर दिया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायतों में अधिक से अधिक स्थानीय स्रोत राजस्व जुटाने के निर्देश दिए। प्रत्येक ग्राम सचिव को स्वच्छता के क्षेत्र में कम से कम 3,000 रुपये स्थानीय स्रोत राजस्व के रूप में अर्जित कर संबंधित खाते में जमा करने को कहा गया। प्रत्येक सफाईकर्मी को कम से कम तीन काले स्थानों का चिन्हांकन करने तथा दो से तीन किलोग्राम प्लास्टिक एकत्र करने के निर्देश दिए गए।

डिजिटल पुस्तकालयों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर 15 दिन के भीतर तैयार करने के निर्देश दिए गए। बताया गया कि 25 अक्टूबर को जनपद की सभी डिजिटल पुस्तकालयों का सामूहिक उद्घाटन किया जाएगा। पुस्तकालयों में जनसहयोग से अधिक पुस्तकें उपलब्ध कराने तथा ग्राम पंचायत स्तर पर स्थानीय स्रोतों से नए डिजिटल पुस्तकालय विकसित करने पर भी जोर दिया गया।

लापरवाही बरतने पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत नरायनपुर और पहाड़ी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। शौचालयों के आवेदन लंबित होने पर जमालपुर, छानबे और लालगंज के सहायक विकास अधिकारियों को नोटिस देने तथा भरपुरा में प्लास्टिक इकाई क्रियाशील न होने पर संबंधित सचिव को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। गोवंश योजना में लापरवाही तथा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन में धनराशि व्यय न होने पर भी संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

बैठक में केंद्रीय वित्त एवं राज्य वित्त की धनराशि का भुगतान इस माह 99 प्रतिशत से अधिक करने, तालाब पट्टे से प्राप्त धनराशि ग्राम पंचायत के खाते में तत्काल हस्तांतरित कराने तथा लंबित लेखा परीक्षण आपत्तियों का निस्तारण 10 दिन में करने के निर्देश दिए गए।

मुख्य विकास अधिकारी ने 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा संकल्प सप्ताह के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने, अच्छे कार्यों के चित्र और चलचित्र तैयार कर पोर्टल पर अपलोड करने तथा जनप्रतिनिधियों एवं आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी राम उदय यादव, सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी सुमन पटेल, जिला परामर्शदाता, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सहित जिला स्वच्छता समिति के नामित प्रशासक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# चोरों ने तीन घरों में की चोरी क्षेत्र में दहशत

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। जंसा थाना क्षेत्र के भतसार (जोगीवीर पाही) गांव में गुरुवार की रात नकाबपोश चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाकर 30 हजार रुपये नकद सहित लाखों रुपये के आभूषण चोरी कर लिए। घटना की सूचना



पर पहुंची पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी है। मौके पर विधि विज्ञान प्रयोगशाला और डॉग स्क्वायड की टीम ने भी जांच की।

जानकारी के अनुसार चोर सीढ़ी के सहारे चंद्रिका प्रसाद मास्टर के मकान की दूसरी मंजिल पर पहुंचे। वहां सो रही अंजना देवी की नींद खुल गई। आरोप है कि चोरों ने उन्हें असलहा दिखाकर आतंकित किया और गला दबाने का प्रयास किया। इसके बाद एक कमरे का ताला तोड़कर अलमारी से पांच हजार रुपये नकद, मंगलसूत्र और एक जोड़ी पायल चोरी कर ली। इसके बाद करीब 100 मीटर दूर जमुना प्रसाद के घर में पीछे से घुसे चोरों ने सो रहे परिजनों के कमरे की कुंडी बाहर से बंद कर दी। दो कमरों का ताला तोड़कर अलमारी व बॉक्स से 20 हजार रुपये नकद और करीब छह लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए।

वहीं, रामसूरत के घर में छत के रास्ते घुसे चोरों ने परिजनों के कमरे की कुंडी बाहर से बंद कर एक कमरे का ताला तोड़ा और अटैची में रखे चार हजार रुपये नकद व करीब एक लाख रुपये के आभूषण पार कर दिए।

डॉग स्क्वायड घटनास्थल से करीब 300 मीटर दूर आरआरसी सेंटर के पास जाकर रुक गया। ग्रामीणों ने पुलिस गश्त पर सवाल उठाते हुए कहा कि नियमित गश्त न होने से चोर बेखौफ हैं। थानाध्यक्ष सत्यजीत सिंह ने बताया कि चोरी की घटना हुई है। उच्चाधिकारियों को सूचना दे दी गई है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# बस और अपाचे बाइक की भिड़ंत बाइक सवार की मौत

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। जंसा थाना क्षेत्र के कुरौना बाजार में शुक्रवार शाम करीब पांच बजे बस और अपाचे बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई।




हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार, अपाचे बाइक पर सवार दो युवक जंसा की ओर से वाराणसी जा रहे थे। वे कुरौना बाजार पहुंचे ही थे कि सामने से आ रही बस से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची जंसा पुलिस ने गंभीर रूप से घायल युवक आशीष पटेल निवासी करौदी, चितईपुर को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं, मृतक की पहचान वीरेंद्र पटेल रामनगर के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है और हादसे की जांच कर रही है।

# मानदेय बढ़ने की घोषणा से आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं में खुशी की लहर

## बरकछा स्थित बीएचयू के सभागार में किया गया कार्यक्रम का लाइव प्रसारण

**समाज जागरण**

मीरजापुर / मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं के मानदेय में बढ़ोतरी व कैशलेस इलाज उपलब्ध कराए जाने की गई घोषणा से जिले की आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं में खुशी की लहर है। कार्यकत्रियों और सहायिकाओं ने मुख्यमंत्री की घोषणा को अपने सम्मान और उत्साह को बढ़ाने वाला कदम बताया है। उनका कहना है कि सरकार की ओर से उनकी मेहनत और जिम्मेदारियों को महत्व दिया जाना उनके लिए बेहद खुशी की बात है। अयोध्या में आयोजित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का यहां बरकछा स्थित बीएचयू के राजीव गांधी दक्षिणी परिसर के सभागार में लाइव प्रसारण किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां व सहायिकाएं मौजूद रहीं।

आंगनवाड़ी केंद्र चिल्ह तृतीय की आंगनवाड़ी कार्यकत्री विद्यादेवी ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में कार्यकत्रियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि मानदेय बढ़ने से उन्हें बहुत खुशी हुई है। विद्यादेवी ने कहा कि सरकार ने कैशलेस इलाज की सुविधा से उन्हें जोड़कर उनके श्रम का सम्मान किया है। आंगनवाड़ी केंद्र मलाधरपुर प्रथम की सहायिका क्रांति देवी ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र पर कार्यकत्री के साथ मिलकर बच्चों और महिलाओं से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में सहयोग करना उनकी नियमित जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मानदेय बढ़ने व कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध कराए जाने की घोषणा से उनकी जैसी हजारों सहायिकाओं में उत्साह बढ़ा है। सरकार का यह कदम उनके परिवार के लिए भी राहत और खुशी लेकर आने वाला है। इसी तरह आंगनवाड़ी केंद्र अमोई द्वितीय की कार्यकत्री संजीता देवी ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार और लाभार्थियों के बीच महत्वपूर्ण कड़ी का काम करती हैं। बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा से लेकर महिलाओं को विभिन्न योजनाओं की जानकारी पहुंचाने में उनका अहम योगदान होता है। ऐसे में सरकार द्वारा मानदेय बढ़ाए जाने व कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए जाने से उन्हें अपने दायित्वों को और बेहतर ढंग से निभाने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए कहा कि सरकार द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं के हित में उठाए जा रहे कदम उनके मनोबल को बढ़ाने वाले हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को आयोध्या में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का मानदेय 8 हजार रुपये से बढ़ाकर 12 हजार रुपये व सहायिकाओं का मानदेय 4 हजार रुपये से बढ़ाकर 6 हजार रुपये करने की घोषणा की है। इसके साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं तथा उनके परिवार को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध कराए जाने की घोषणा की है।

# संभल में 29 उपनिरीक्षकों के तबादले, 10 से अधिक चौकी प्रभारी बदले

**समाज जागरण**

संभल। जिले के पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल किया गया है। पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी ने 29 उपनिरीक्षकों के तबादले किए हैं। तबादला सूची में बबराला और चौधरी सराय समेत 10 से अधिक पुलिस चौकियों के प्रभारी भी शामिल हैं।

# तपोभूमि जटेला धाम में मनाया जाएगा परम पूज्य स्वामी नितानंद जी महाराज का 227वां निर्वाण पर्व,उमड़ेंगे हजारों श्रद्धालु

दैनिक समाज जागरण,
( महेन्द्र जावला बहल )





भिवानी-चरखी दादरी, झझर / रोहतक 11 सितंबर । भक्ति, सेवा और त्याग की तपोभूमि जटेला धाम, माजरा (दु.) जिला झज्जर में परम पूज्य स्वामी नितानंद जी महाराज का 227वां निर्वाण पर्व पीठाधीश्वर महंत श्री राजेंद्र दास जी महाराज के परम सानिध्य में बड़े ही श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

**कार्यक्रम विवरणः**

11 सितंबर 2026 (गुरुवार): प्रातः 10 बजे अखंड पाठ का शुभारंभ,12 सितंबर 2026 (शुक्रवार) प्रातः 08:00 बजे अखंड पाठ की आरती, तत्पश्चात सत्संग व भंडारा और संध्या आरती

**इस पावन अवसर पर**

कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथिगण के रूप में कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि गण संजय भाटिया सांसद राज्यसभा एवं राष्ट्रीय महामंत्री भाजपा, श्री धर्मबीर सिंह वरिष्ठ सांसद लोकसभा भिवानी-महेंद्रगढ़, फणींद्रनाथ शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री, भाजपा, ओमप्रकाश धनखड़ पूर्व राष्ट्रीय सचिव, भाजपा, श्री घनश्याम सर्राफ विधायक भिवानी, कपूर बाल्मीकि विधायक बवानी खेड़ा, सुनील सांगवान विधायक, चरखी दादरी, रणधीर सिंह पनिहार विधायक नलवा, अंकुश मिगलानी , उपाध्यक्ष हरियाणा रेड क्रॉस सोसायटी, पूर्व चेयरमैन गोबिंद भारद्वाज , फूलचंद शर्मा - प्रदेश संगठन सचिव, भारतीय किसान संघ, हरियाणा, संजय कबलाना,चेयरमैन बख्शी सैनी, सहित अनेक गणमान्य शिरकत करेंगे।- गीता मनीषी ज्ञानानंद जी महाराज, कुरुक्षेत्र- श्री महंत राजेंद्र दास महाराज, तपोभूमि जटेला धाम माजरा (दु.)-स्वामी श्री जितेन्द्रानंद गिरि जी महाराज, सचिव अखिल भारतीय संत समिति-महंत कृष्णा नाथ जी महाराज, 12 चमोले के महंत, कपूरी पहाड़ी, चरखी दादरी आदि संत-महात्माओं का पावन सानिध्य प्राप्त होगा ।

जटेला धाम प्रबंधन समिति ने सभी सनातन धर्मप्रेमी जनता, श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों से इस पावन निर्वाण पर्व पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर संतों का आशीर्वाद प्राप्त करने और भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

# हिसार से हेरोइन लेकर आ रहा कार चालक गिरफ्तार

## आरोपी को न्यायालय ने 2 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा, सप्लाई नेटवर्क को लेकर होगी पूछताछ

**डिटेक्टिव स्टाफ लोहारू की कार्रवाई, होंडा गाड़ी से 9 ग्राम हेरोइन बरामद**

दैनिक समाज जागरण
जिला संवाददाता भिवानी



बहल/लोहारू। डिटेक्टिव स्टाफ लोहारू ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए होंडा गाड़ी में हेरोइन लेकर आ रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने आरोपी के कब्जे से 9 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन बरामद करने के साथ उसकी होंडा गाड़ी को भी कब्जे में लिया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे 2 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक भिवानी मयंक मिश्रा, आईपीएस के निदेर्शानुसार जिले में मादक पदार्थों की बिक्री एवं तस्करी में शामिल आरोपियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी अभियान के तहत डिटेक्टिव स्टाफ लोहारू की टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार 10 सितंबर 2026 को डिटेक्टिव स्टाफ लोहारू के एएसआई कश्मीर सिंह अपनी टीम के साथ गश्त एवं अपराध पड़ताल ड्यूटी पर ओबरा चौक के पास मौजूद थे। इसी दौरान पुलिस को विश्वसनीय सूत्र से सूचना मिली कि एक व्यक्ति होंडा गाड़ी में मादक पदार्थ लेकर ओबरा की तरफ आ रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने ढाणी शहरयारपुर के नजदीक नाकाबंदी की। कुछ समय बाद सूचना के आधार पर एक होंडा गाड़ी को रुकवाकर नियमानुसार तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान गाड़ी चालक के कब्जे से 9 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने होंडा गाड़ी को भी अपने कब्जे में ले लिया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान जयदेव पुत्र धर्मबीर निवासी बड़दू धीरजा के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना बहल में मामला दर्ज कर आगामी कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे 2 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह खेती-बाड़ी का कार्य करता है और उक्त मादक पदार्थ हिसार से खरीदकर लेकर आया था। पुलिस अब रिमांड अवधि के दौरान आरोपी से हेरोइन की खरीद-फरोख्त और सप्लाई से जुड़े अन्य व्यक्तियों के संबंध में गहनता से पूछताछ करेगी। पुलिस का कहना है कि मामले में मादक पदार्थ के स्रोत और संभावित सप्लाई नेटवर्क की जानकारी जुटाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# प्रदीप जैन बने आढ़तीया ऐसोसिएशन के प्रधान अभिषेक रानियां ने दी बधाई।

समाज जागरण



कालांवाली 11 सितंबर 2026 (सुरेश जोरासिया) आढ़तीयां एसोसिएशन के आम चुनाव को लेकर सरगमीयां तेज रही और सर्वसम्मति से प्रदीप जैन को प्रधान नियुक्त किया गया। प्रधान पद के लिए प्रदीप जैन के नाम पर मोहर लगते हैं कि मंड़ी कालांवाली के व्यपारीयों ने प्रदीप जैन को बधाई दी। नवनियुक्त प्रदीप जैन ने सभी मंड़ीवासीयों का दिल से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अभिषेक जैन रानियां विशेष तौर पर कालांवाली पहुंचे और मिठाई खिलाकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि भाई प्रदीप जैन आढ़ातीयां एसोसिएशन के अध्यक्षक बन पर रानियां ऐलनाबाद एवं सिरसा के क्षेत्र में खुशी की लहर है। प्रधान जैन ने पुनः आभार व्यक्त करते हुऐ कहा कि जो प्रेम स्नेह मेरे आढ़तीया एसोसिएशन के भाईयों ने मुझे दिया है मैं अपनी पुरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निभाने का प्रयास करूंगा। व्यपारीयों किसानों मजदूरो को किसी भी प्रकार से को परेशानी नही आने दूंगा। यह मै आप सभी को विश्वास दिलवाता हूँ। इस मौके पर नगरपालिका प्रधान महेश झोरड़, संदीप जैन लवलीन जैन, अभिषेक रानियां पार्षद सुखजिन्द्र बबली, सुखराम फत्ते वाला, हरीश कुमार असीर एवं शहरवासी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री के ओएसडी विरेन्द्र सिंह बडखालसा ने सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन के साथ की समीक्षा बैठक

- सीएम विंडो एवं सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर सभी विधानसभा क्षेत्रों के एमिनेंट पर्सन्स से जाने विचार

दैनिक समाज जागरण,
( महेन्द्र जावला बहल )




भिवानी, 11 सितंबर। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के ओएसडी विरेन्द्र सिंह बडखालसा ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में जिला के सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन के साथ बैठक की। उन्होंने सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों के प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने को लेकर विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने जिले के सभी एमीनेंट पर्सन से उनके क्षेत्रों की जनसमस्याओं, सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा आमजन की अपेक्षाओं के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि एमिनेंट पर्सन अपने-अपने क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं को पात्र लोगों तक पहुंचने और जमीनी स्तर की समस्याओं का फीडबैक प्रशासन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण कड़ी की भूमिका निभा सकते हैं।

ओएसडी श्री बडखालसा ने कहा कि सीएम विंडो केवल शिकायत दर्ज करने का माध्यम नहीं बल्कि सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद एवं समाधान का महत्वपूर्ण माध्यम है। यह सुनिश्चित किया जाए कि शिकायतकर्ता को वास्तविक राहत मिली है या नहीं। बार-बार आने वाली शिकायतों के मूल कारणों की पहचान कर उनका स्थायी समाधान किया जाना चाहिए। डिस्पोसेड शिकायत और रिजोल्ड शिकायत में अंतर नहीं रहना चाहिए। शिकायतकर्ता की संतुष्टि मौके पर सत्यापन तथा वास्तविक समाधान को प्राथमिकता दी जाए।

**- जनता का विश्वास हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी**

श्री बडखालसा ने सभी श्री बडखालसा ने एमिनेंट पर्सन का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हर शिकायत के पीछे एक व्यक्ति, एक परिवार और सरकार से जुड़ी एक उम्मीद होती है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि उस उम्मीद को समाधान में बदला जाए। व्यक्ति की समस्या खत्म करना हमारा वास्तविक दायित्व है। वे अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में जनता की आवाज, सुझाव और समस्याओं को निरंतर प्रशासन तक पहुंचाते रहें, ताकि सरकार की योजनाओं एवं सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। बैठक में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से आए एमिनेंट पर्सन मौजूद रहे।

# दो किलो चूरा पोस्त सहित आरोपी गिरफ्तार

## नारनौल से दादरी की ओर नशीला पदार्थ लेकर आ रहा था आरोपी, चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

**चरखी दादरी पुलिस की नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, तस्करी में प्रयुक्त कैंटर भी कब्जे में**

दैनिक समाज जागरण
जिला संवाददाता भिवानी



चरखी दादरी। चरखी दादरी पुलिस के सीआईए स्टाफ ने नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए दो किलोग्राम चूरा पोस्त सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से नशीला पदार्थ बरामद करने के साथ ही तस्करी में प्रयुक्त कैंटर को भी कब्जे में लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजकुमार निवासी औरी, जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 10 सितंबर की रात सीआईए चरखी दादरी की टीम में सहायक उप निरीक्षक विशाल, मुख्य सिपाही मनफूल तथा सिपाही सुखबीर ढाणी फौगाट रेलवे पुल संख्या 152-डी पर गश्त एवं जांच के लिए मौजूद थे। इसी दौरान पुलिस टीम को सूचना मिली कि राजकुमार नामक व्यक्ति अपने कैंटर में चूरा पोस्त लेकर नारनौल से दादरी की ओर आएगा। सूचना को विश्वसनीय मानते हुए पुलिस टीम ने मौके पर नाकाबंदी कर दी। इसी दौरान नारनौल की तरफ से एक कैंटर आता दिखाई दिया, जिसे पुलिस टीम ने रुकवाया। चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम राजकुमार निवासी औरी, जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश बताया।

पुलिस ने नियमानुसार राजपत्रित अधिकारी एवं तहसीलदार चरखी दादरी सन्नी दलाल की मौजूदगी में चालक और कैंटर की तलाशी ली। तलाशी के दौरान चालक की सीट और परिचालक की सीट के बीच बने औजार रखने वाले बक्से से सफेद रंग की पॉलिथीन में रखा दो किलोग्राम चूरा पोस्त बरामद हुआ। पुलिस ने बरामद नशीले पदार्थ और कैंटर को कब्जे में लेकर आरोपी राजकुमार के खिलाफ मादक पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत थाना सदर दादरी में मामला दर्ज किया और उसे गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ के लिए आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से नशीले पदार्थ की खरीद-फरोख्त, सप्लाई के स्रोत तथा इस मामले से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में पूछताछ की जाएगी।

# लिवर फेलियर और कम प्लेटलेट्स के बीच जटिल हर्निया का सफल ऑपरेशन

## एसएमएसजी बहल की टीम ने सूझबूझ से की तैयारी, डॉ. अनमोल गल्होत्रा व डॉ. बिंदु शर्मा ने सफल ऑपरेशन कर मरीज को दिलाई दर्द से राहत

**हिसार के बड़े अस्पतालों ने ज्यादा ब्लीडिंग और जान को खतरा बताते हुए ऑपरेशन से किया था इनकार**

दैनिक समाज जागरण,
( महेन्द्र जावला बहल )



बहल। बहल के एसएमएसजी सुपर स्पेशलिटी एवं ट्रॉमा सेंटर में चिकित्सा क्षेत्र में एक और उल्लेखनीय सफलता सामने आई है। अस्पताल की चिकित्सकीय टीम ने गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं के बीच एक बुजुर्ग मरीज के जटिल हर्निया का सफल ऑपरेशन किया। मरीज की स्थिति चुनौतीपूर्ण थी, क्योंकि लिवर फेलियर के चलते उसकी प्लेटलेट्स लगातार करीब 48 हजार रहती थीं। ऐसे में हर्निया के ऑपरेशन के दौरान अधिक रक्तस्राव होने का खतरा बना हुआ था। मूल रूप से राजस्थान निवासी और वर्तमान में बहल-पिलानी रोड पर रहने वाले मीर सिंह बेवड़िया लंबे समय से हर्निया की समस्या से परेशान थे। मरीज के अनुसार, वह ऑपरेशन के लिए तीन-चार बार हिसार के बड़े अस्पतालों में गए, लेकिन उनकी गंभीर स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए वहां चिकित्सकों ने ऑपरेशन में अधिक ब्लीडिंग तथा जान को खतरा होने की आशंका जताते हुए ऑपरेशन नहीं करने की सलाह दी। इसके बाद मीर सिंह ने बहल स्थित एसएमएसजी सुपर स्पेशलिटी एवं ट्रॉमा सेंटर से संपर्क किया। अस्पताल के एमडी डॉ. गौरव ने मरीज की पूरी स्थिति को देखते हुए आवश्यक जांच करवाई। इसके बाद अस्पताल की टीम ने मरीज के ऑपरेशन को लेकर विशेष तैयारी की। अस्पताल की चिकित्सकीय टीम में डॉ. अनमोल गल्होत्रा और डॉ. बिंदु शर्मा ने मरीज की गंभीर स्थिति को ध्यान में रखते हुए पूरी सूझबूझ और सावधानी के साथ ऑपरेशन की तैयारी की। आवश्यक चिकित्सकीय प्रबंधन के बाद टीम ने मरीज का सफलतापूर्वक हर्निया ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति में सुधार हुआ और उसे हर्निया के लंबे समय से चले आ रहे दर्द से राहत मिली। मीर सिंह बेवड़िया ने बताया कि हर्निया की समस्या के कारण उन्हें काफी परेशानी होती थी। इसके अलावा पेशाब करने में भी दिक्कत रहती थी। कई बड़े अस्पतालों में इलाज के लिए जाने के बावजूद ऑपरेशन नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि एसएमएसजी अस्पताल में डॉक्टरों ने उनकी स्थिति को समझते हुए इलाज किया और सफल ऑपरेशन के बाद अब उन्हें काफी आराम महसूस हो रहा है। उन्होंने अस्पताल के डॉक्टरों एवं पूरे स्टाफ का आभार जताया।

अस्पताल के एमडी डॉ. गौरव ने बताया कि मरीज की स्थिति सामान्य मरीजों की तुलना में काफी चुनौतीपूर्ण थी। लिवर संबंधी गंभीर समस्या और कम प्लेटलेट्स के कारण ऑपरेशन के दौरान रक्तस्राव का खतरा था। ऐसे मामले में विशेष सावधानी और बेहतर चिकित्सकीय तैयारी की आवश्यकता होती है। अस्पताल की विशेषज्ञ टीम ने मरीज की पूरी स्थिति का आकलन करने के बाद आवश्यक तैयारी के साथ ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

डॉ. गौरव ने कहा कि अस्पताल में जटिल से जटिल मामलों में भी मरीज की स्थिति के अनुसार आवश्यक जांच एवं चिकित्सकीय प्रबंधन के बाद उपचार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि किसी भी बीमारी को लेकर मरीजों को समय पर विशेषज्ञ चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए।

एसएमएसजी अस्पताल की टीम के अनुसार, इस सफल ऑपरेशन का उद्देश्य न केवल मरीज की जटिल हर्निया की समस्या का उपचार करना था, बल्कि उसकी गंभीर स्वास्थ्य परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित तरीके से उसे दर्द और परेशानी से राहत दिलाना भी था।

# अधिकारी अधीनस्थ कर्मचारियों पर कोई कार्य न छोड़ें: डीसी

## एक ही छत के नीचे समस्या का समाधान ही समाधान शिविर का उद्देश्यः डीसी

**समीक्षा बैठक में डीसी साहिल गुप्ता ने अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश**

दैनिक समाज जागरण,
जिला संवाददाता भिवानी




भिवानी, 11 सितंबर। डीसी साहिल गुप्ता ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में सभी विभागों के अधिकारियों के साथ समाधान शिविर और जनसंवाद पोर्टल की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों की समस्याओं का एक ही छत के नीचे समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा समाधान शिविर शुरू किए गए हैं। इसलिए अधिकारी समाधान शिविरों और जनसंवाद पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका समयबद्ध निपटारा करें।

डीसी ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं समाधान शिविरों और जनसंवाद पोर्टल की नियमित समीक्षा करते हैं। ऐसे में अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि पोर्टल पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से कार्रवाई की जाए और उसकी नियमित निगरानी सुनिश्चित हो। यदि किसी समस्या का समाधान जिला स्तर पर संभव नहीं है तो संबंधित अधिकारी स्वयं फरियादी के पास जाएं और उसे समस्या का समाधान न होने के कारणों की स्पष्ट जानकारी दें, ताकि उसे वास्तविक स्थिति का पता चल सके और उसकी संतुष्टि सुनिश्चित हो।

उन्होंने भूमि से संबंधित मामलों में नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि जनसंवाद पोर्टल पर कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) स्पष्ट एवं पूर्ण रूप से दर्ज की जाए। डीसी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर कार्य छोड़ने के बजाय स्वयं उसकी निगरानी करें और निर्धारित समय में कार्रवाई सुनिश्चित करें। वहीं, सहकारिता एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के प्रधान सचिव पंकज यादव ने चंडीगढ़ मुख्यालय से प्रदेशभर के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान शिविर और जनसंवाद पोर्टल की समीक्षा की। उन्होंने समाधान शिविरों एवं जनसंवाद पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए डीसी साहिल गुप्ता और जिला प्रशासन की सराहना की।

प्रधान सचिव पंकज यादव ने कहा कि समाधान शिविरों में अक्सर पंचायत विभाग, शहरी स्थानीय निकाय, सिंचाई विभाग, कृषि विभाग, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, राजस्व विभाग और लोक निर्माण विभाग से संबंधित शिकायतें आती हैं। इसलिए इन विभागों के अधिकारी समाधान शिविरों में मौजूद रहकर नागरिकों की समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि फरियादियों को अपनी शिकायत लेकर बार-बार समाधान शिविरों या चंडीगढ़ मुख्यालय में मुख्यमंत्री के पास न आना पड़े, इसके लिए अधिकारी संवेदनशीलता के साथ उनकी समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने कहा कि आमतौर पर फरियादी परेशान होने के बाद ही मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी समस्या रखते हैं। इसलिए अधिकारियों को शिकायतों के प्रति और अधिक संवेदनशील एवं जवाबदेह होकर कार्य करना चाहिए। पंकज यादव ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि जनसंवाद पोर्टल पर आने वाली शिकायतों को निर्धारित पांच दिन की अवधि के दौरान अनिवार्य रूप से अंडरटेक किया जाए और उनके निपटारे की प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी न हो। बैठक में एडीसी दीपक बाबू लाल करवा, डीएफओ बीके, नगराधीश अनिल कुमार, डीएमसी हरबीर सिंह, डीएसपी महेश कुमार, बिजली निगम के एसई जितेंद्र ढुल, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एसई सुनील रंगा, डीडीपीओ सोमबीर कादयान, जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया, कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ. राजेश सिहाग, डीएफएससी अपार तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# अप्रेंटिस पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 14 सितंबर से, 15 सितंबर शाम 5 बजे तक रहेगा पोर्टल खुला

दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता भिवानी

भिवानी, 11 सितंबर। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता संदीप दलाल ने बताया कि सत्र 2026-27 के लिए अप्रेंटिस के विभिन्न पदों पर आवेदन प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इसके तहत लाइनमैन, इलेक्ट्रीशियन-46, कोपा-12 तथा स्टेनो अंग्रेजी व हिंदी पदों के लिए निर्धारित तिथि के दौरान ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि आवेदक अप्रेंटिस इंडिया पोर्टल पर अपने आवेदन कर सकते हैं। पोर्टल पर आवेदन की प्रक्रिया 14 सितंबर से शुरू होकर 15 सितंबर को शाम 5 बजे तक चलेगी। निर्धारित समय के बाद किसी भी आवेदक को दोबारा अवसर नहीं दिया जाएगा। कार्यकारी अभियंता ने बताया कि आवेदन करते समय पोर्टल पर अप्रेंटिसशिप से संबंधित आवश्यक मूल दस्तावेज, जैसे फोटो, 10वीं का प्रमाण पत्र, आईटीआई प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, हरियाणा डोमिसाइल प्रमाण पत्र, बैंक कॉपी सहित अन्य संबंधित दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर आवेदन किए गए फार्म से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की फोटो प्रति भी निर्धारित तिथि के तहत 21 से 23 सितंबर तक शाम 4 बजे कार्यालय समय में कार्यकारी अभियंता, परिचालन मंडल दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम, नजदीक बीटीएम मील, भिवानी के कार्यालय में जमा करवानी आवश्यक है। निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर ट्रेड से संबंधित मूल आवश्यक दस्तावेज अपलोड नहीं पाए जाने अथवा ऑनलाइन पोर्टल पर किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर संबंधित आवेदक का आवेदन बिना नोटिस दिए रद्द कर दिया जाएगा। यदि किसी आवेदक ने दो या इससे अधिक पदों के लिए आवेदन किया है तो उसे प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग आवेदन फार्म जमा करवाना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि यदि किसी आवेदक ने पहले किसी ट्रेड से अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग पूरी कर ली है तो उसका किसी अन्य पद के लिए पोर्टल पर आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# तंबाकू व निकोटिन सहित गुटखा एवं पान मसाला पर एक वर्ष के लिए प्रतिबंध लागू

- डीसी साहिल गुप्ता ने आदेशों की पालना सुनिश्चित करने के दिए निर्देश
- गुटखा एवं पान मसाला के प्रतिबंध की उल्लंघन करने वालों पर होगी नियमानुसार कार्रवाई

दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता भिवानी

भिवानी, 11 सितंबर। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा गुटखा, पान मसाला सहित तंबाकू एवं निकोटिन युक्त खाद्य उत्पादों के निर्माण, भंडारण, वितरण एवं बिक्री पर एक वर्ष की अवधि के लिए प्रतिबंध लगाया गया है। यह प्रतिबंध सात सितंबर से लागू किया गया है। डीसी साहिल गुप्ता ने जिला में जारी किए गए आदेशों में जानकारी देते हुए बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत जारी आदेशानुसार प्रदेश में किसी भी खाद्य उत्पाद में तंबाकू एवं निकोटिन को घटक के रूप में मिलाकर उसका निर्माण, भंडारण, वितरण अथवा बिक्री करने पर रोक रहेगी। प्रतिबंध की अवधि के दौरान गुटखा व पान मसाला की बिक्री, निर्माण एवं भंडारण से संबंधित गतिविधियां पर भी प्रतिबंधित रहेंगी। डीसी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में सरकार द्वारा जारी आदेशों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करवाएं तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

# धान सीजन से पहले एडिशनल अनाज मंडी के दोनों गेटों पर हो टोकन व्यवस्था : महेश आजाद

समाज जागरण



कालांवाली 11सितम्बर (सुरेश जोरासिया) आगामी धान सीजन को देखते हुए मार्किट कमेटी के मनोनीत सदस्य महेश कुमार आजाद ने मार्किट कमेटी के चेयरमैन से एडिशनल अनाज मंडी कालांवाली के दोनों गेटों पर टोकन काटने की व्यवस्था करने की मांग की है।

महेश आजाद ने कहा कि धान सीजन के दौरान मंडी में बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर पहुंचते हैं। यदि टोकन की व्यवस्था केवल एक गेट पर रहती है तो वाहनों की लंबी कतार लगने से जाम की स्थिति पैदा होती है और किसानों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि दोनों गेटों पर टोकन व्यवस्था होने से वाहनों का दबाव विभाजित होगा, जाम की समस्या कम होगी और मंडी में धान की आवक एवं खरीद प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित ढंग से संचालित हो सकेगी। उन्होंने मार्किट कमेटी प्रशासन से मांग की कि धान सीजन शुरू होने से पहले ही दोनों गेटों पर पर्याप्त स्टाफ एवं टोकन व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को मंडी में प्रवेश से लेकर धान की खरीद तक किसी प्रकार की परेशानी न हो। महेश आजाद ने कहा कि किसान हित सर्वोपरि है और मंडी में आने वाले किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना सभी संबंधित विभागों की प्राथमिकता होनी चाहिए।

# कंडम सरकारी वाहनों/सामान की ई - नीलामी 28 को

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता भिवानी

भिवानी, 11 सितंबर। एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने बताया कि जिले के विभिन्न विभागों के कंडम सरकारी वाहनों/सामान की नीलामी ऑनलाईन पोर्टल इओकसन.जीओवी.इन के माध्यम से की जाएगी। यह ई-नीलामी 29 सितंबर को की जाएगी। ई-नीलामी से संबंधित सभी नियम एवं शर्तें व धरोहर राशि आदि पोर्टल के मध्यम से देख सकते हैं। इसके अलावा धरोहर राशि व अन्य जरूरी दस्तावेज 22 सितंबर को सांय पांच बजे तक लघु सचिवालय स्थित डीसी ऑफिस के जिला नाजर कार्यालय में जमा करवाएं।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।




# जिला बदर बदमाश गिरफ्तार, चोरी की बाइक और तीन मोबाइल बरामद

## फेस-1 पुलिस ने अवैध चाकू भी किया बरामद, आरोपी के खिलाफ पहले से कई मुकदमे दर्ज

नोएडा, 11 सितंबर। थाना फेस-1 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए जिला बदर अभियुक्त शहजाद उर्फ छिद्दी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल, चोरी एवं स्नेचिंग के तीन मोबाइल फोन तथा एक अवैध चाकू बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान शहजाद उर्फ छिद्दी पुत्र मुन्ना उर्फ सलीम, निवासी कस्बा व थाना टाउन, दरभंगा, बिहार, वर्तमान निवासी न्यू अशोक नगर, दिल्ली, उम्र करीब 23 वर्ष के रूप में हुई है। आरोपी को एफ-95/96 के सामने सेक्टर-8 से गिरफ्तार किया गया।

**पहले ही हो चुका था जिला बदर**

पुलिस के मुताबिक, शहजाद उर्फ छिद्दी के खिलाफ 10 अप्रैल 2026 को उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम की धारा 2/3 के तहत विशेष न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में गौतमबुद्धनगर की सीमाओं से निष्कासन की कार्रवाई की गई थी। इसके बावजूद आरोपी जनपद में मिला, जिसके बाद उसके खिलाफ कार्रवाई की गई।



पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में रेकी कर मोटरसाइकिलें चोरी करता था। चोरी की मोटरसाइकिलों का इस्तेमाल मोबाइल फोन चोरी एवं स्नेचिंग के लिए करता था। चोरी की बाइक और मोबाइल फोन को राह चलते लोगों को सस्ते दामों पर बेच देता था। बिक्री से मिलने वाली रकम को वह व्यक्तिगत जरूरतों और नशे में खर्च करता था।

**दिल्ली से चोरी की गई थी मोटरसाइकिल**

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मोटरसाइकिल संख्या उ्छ7रउ31983 बरामद की है। यह मोटरसाइकिल थाना गाजीपुर, दिल्ली में दर्ज मु0अ0सं0 11469/2026, धारा 303(2) बीएनएस से संबंधित बताई गई है। इसके अलावा तीन चोरी/स्नेचिंग के मोबाइल फोन और एक अवैध चाकू बरामद हुआ है।

**11 मुकदमों का आपराधिक इतिहास**

पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानों में पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें चोरी, अवैध शस्त्र, आबकारी अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट, लूट की तैयारी तथा चोरी का माल रखने से संबंधित मुकदमे शामिल हैं।

आरोपी के खिलाफ थाना फेस-1 में वर्ष 2023 में चोरी के दो, वर्ष 2023 में ही आर्म्स एक्ट का एक, वर्ष 2024 में आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम और एनडीपीएस एक्ट से संबंधित मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा थाना सेक्टर-58, थाना सेक्टर-20 तथा थाना फेस-1 में वर्ष 2024 और 2025 में बीएनएस, एनडीपीएस एक्ट एवं आर्म्स एक्ट से संबंधित मामले भी दर्ज हैं। वर्तमान मामले में थाना फेस-1 में मु0अ0सं0 488/2026, धारा 317(5) बीएनएस, धारा 4/25 आर्म्स एक्ट एवं धारा 3/10 उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस आरोपी के आपराधिक नेटवर्क और बरामद मोबाइल फोन के संबंध में आगे की जांच कर रही है।

# नीला रंग पहनने से नहीं बदलेगी विपक्षी दलों की सोच: मायावती

**बसपा प्रमुख ने सपा-कांग्रेस पर साधा निशाना, अशोक सिद्धार्थ के राजनीतिक संन्यास को लेकर भी किया दावा**

समाज जागरण

लखनऊ, 12 सितंबर। बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने सपा, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा है कि केवल नीला रंग पहनने, गले में नीला गमछा डालने या मंचों पर नीले कपड़े का इस्तेमाल करने से गरीबों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों और अन्य उपेक्षित वर्गों के प्रति किसी दल की सोच नहीं बदल सकती। उन्होंने कहा कि इन वर्गों के प्रति वास्तविक सम्मान के लिए राजनीतिक दलों को अपनी सोच और नीयत में बदलाव लाना होगा।

मायावती ने सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में कहा कि बहुजन समाज के वास्तविक हित और कल्याण के लिए पहले राजनीतिक दलों को अपना दिल और दिमाग साफ करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दल इन वर्गों के मुद्दों पर समय-समय पर अपना रुख बदलते रहते हैं। विशेष रूप से समाजवादी पार्टी के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) को लेकर उन्होंने सपा की नीयत और राजनीतिक आचरण पर सवाल उठाए।

बसपा प्रमुख ने कहा कि उनकी पार्टी स्वयं को बहुजन समाज की हितैषी और अंबेडकरवादी पार्टी मानती है। उन्होंने बसपा से निष्कासित किए गए नेताओं का जिक्र करते हुए कहा कि अनुशासनहीनता सहित विभिन्न कारणों से पार्टी से निकाले गए कुछ लोग बाद में कई राजनीतिक दल बदल चुके हैं।

मायावती ने ऐसे नेताओं को अवसरवादी बताते हुए कहा कि उनके द्वारा अलग-अलग छोटे दल या संगठन बनाए जाने से बहुजन समाज का सामूहिक हित पूरा नहीं हो सकता।

# 12 मोबाइल के साथ दो शातिर गिरफ्तार, चोरी की स्कूटी और चाकू बरामद

**सेक्टर-58 पुलिस ने एक बाल अपचारी को भी संरक्षण में लिया, दिल्ली-एनसीआर में करते थे मोबाइल चोरी व स्नेचिंग**

समाज जागरण

नोएडा, 11 सितंबर। थाना सेक्टर-58 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के आधार पर कार्रवाई करते हुए चोरी एवं स्नेचिंग करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से चोरी की एक स्कूटी, चोरी एवं स्नेचिंग के 12 मोबाइल फोन तथा दो अवैध चाकू बरामद किए हैं। कार्रवाई के दौरान एक बाल अपचारी को भी पुलिस संरक्षण में लिया गया है।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान रजनीश पुत्र दशरथ, निवासी दीपक विहार, खोड़ा कॉलोनी, गाजियाबाद, उम्र करीब 19 वर्ष तथा यश सिंह पुत्र महावीर सिंह, निवासी राजीव विहार, खोड़ा कॉलोनी, गाजियाबाद, उम्र करीब 21 वर्ष के रूप में हुई है। दोनों को जयपुरिया चौराहा, सेक्टर-62 नोएडा से गिरफ्तार किया गया।



**चोरी की स्कूटी से करते थे स्नेचिंग**

पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे चोरी की स्कूटी से राह चलते लोगों को निशाना बनाकर मोबाइल फोन चोरी और स्नेचिंग करते थे। पुलिस के मुताबिक बरामद 12 मोबाइल फोन दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न स्थानों से चोरी और स्नेचिंग किए गए हैं।

पुलिस ने बताया कि बरामद स्कूटी रजिस्ट्रेशन नंबर वढ16उए8243 चोरी की है। इसके संबंध में थाना सेक्टर-58 में मु0अ0सं0 305/2026, धारा 303(3) बीएनएस के तहत मुकदमा पहले से दर्ज है।

**दोनों आरोपियों पर पहले से मुकदमे**

अभियुक्त रजनीश के खिलाफ थाना सेक्टर-58 में मु0अ0सं0 305/2026, धारा 303(3) बीएनएस तथा मु0अ0सं0 318/2026, धारा 317(2), 317(5) बीएनएस एवं धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज हैं। वहीं, अभियुक्त यश सिंह के खिलाफ भी उक्त दोनों मुकदमों के अलावा थाना सेक्टर-58 में मु0अ0सं0 137/2026, धारा 115(2), 351(2) एवं 352 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज है।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। बरामद मोबाइल फोन के संबंध में संबंधित मामलों की जानकारी जुटाई जा रही है।

# दुर्गा मंदिर में चोरी, पुजारी ने एक आरोपी को दबोचा

**– दानपात्र का ताला तोड़कर दस हजार की नकदी और पीतल का सामान चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात**

समाज जागरण

बागपत। मुबारिकपुर गांव स्थित मां दुर्गा मंदिर में शुक्रवार रात चोरों ने धावा बोल दिया। चोर दानपात्र का ताला तोड़कर करीब दस हजार रुपये की चढ़ावे की नकदी, पीतल के बर्तन और एक एलईडी चोरी कर ले गए। आहट होने पर मंदिर के पुजारी की आंख खुल गई। उन्होंने शोर मचाते हुए एक आरोपी को दबोच लिया, जबकि उसके साथी मौके से फरार हो गए। चोरी की पूरी वारदात मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

मंदिर के पुजारी बुद्ध गिरी महाराज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शुक्रवार रात मंदिर में चोर घुसे थे। उन्होंने दानपात्र का ताला तोड़कर उसमें रखी करीब दस हजार रुपये की नकदी निकाल ली। इसके बाद मंदिर में रखे पीतल के बर्तन व अन्य सामान तथा एलईडी भी चोरी कर

दुर्गा मंदिर में चोरी, पुजारी ने एक आरोपी को दबोचा




ली। पुजारी के अनुसार, चोरी के दौरान हुई आहट से उनकी नींद खुल गई। उन्होंने शोर मचाते हुए एक चोर का पीछा किया और उसे पकड़ लिया। शोर सुनकर आसपास के श्रद्धालु और ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। इसी बीच चोर के अन्य साथी वहां से फरार हो गए। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद पकड़े गए आरोपी को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। ग्रामीणों और श्रद्धालुओं को चोरी किया गया सामान एक कट्टे में भरकर मंदिर परिसर में ही पड़ा मिला। सीसीटीवी कैमरे में कैद चोरी की घटना का वीडियो बाद में सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया। मंदिर में चोरी की घटना से श्रद्धालुओं में आक्रोश है।

ग्रामीण नरेश, अनिल कुमार, सुनील त्यागी और विकास ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। कोतवाल आशीष पुंडीर ने बताया कि मामले में आरोपी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# शिवशक्ति धाम डासना में 101 दिवसीय मां बगलामुखी और महादेव महायज्ञ शुरू

**महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने कहा—सनातन परंपरा और समाज की रक्षा के लिए आध्यात्मिक शक्ति जरूरी**

समाज जागरण

गाजियाबाद, 12 सितंबर। शिवशक्ति धाम डासना में भादौ अमावस्या के अवसर पर मां बगलामुखी और भगवान महादेव का 101 दिवसीय महायज्ञ विधिवत शुरू हुआ। महायज्ञ का आयोजन शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर एवं श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी के मार्गदर्शन में उनकी शिष्या महामंडलेश्वर यति मां प्रत्यंगिरा गिरी द्वारा किया जा रहा है। आयोजन में जगदम्बा महाकाली डासना वाली के परिवार और महाकाली वाहिनी की प्रमुख भूमिका है।

महायज्ञ का शुभारंभ पुरोहित आचार्य कृष्णा भारद्वाज एवं अन्य विद्वान पंडितों द्वारा मां बगलामुखी और महादेव की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया।



इस अवसर पर महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए सनातन धर्म और हिंदू समाज के समक्ष मौजूद चुनौतियों पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि समाज को अपने धर्म, परिवार और अस्तित्व की रक्षा के लिए संगठित होकर प्रयास करना चाहिए। उनके अनुसार, इसके लिए आध्यात्मिक शक्ति और दैवीय सामर्थ्य की आवश्यकता है, जो महादेव और मां जगदम्बा की साधना से प्राप्त की जा सकती है।

उन्होंने कहा कि मां बगलामुखी का स्वरूप साधक को शक्ति, विजय और सद्बुद्धि प्रदान करने वाला माना जाता है। इसी उद्देश्य से हिंदू समाज को मां बगलामुखी और महादेव की साधना तथा महायज्ञ से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

यति नरसिंहानंद गिरी ने आयोजन में सहयोग के लिए जगदम्बा महाकाली डासना वाली के परिवार, महाकाली वाहिनी, श्री महाकाली पीठ हनुमत धाम की पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर यति मां प्रत्यंगिरा गिरी सहित सभी दानदाताओं और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को धर्म, संस्कार और राष्ट्रहित के प्रति जागरूक करने के लिए आध्यात्मिक आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। महायज्ञ के दौरान नियमित रूप से धार्मिक अनुष्ठान एवं पूजा-अर्चना किए जाने की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में यति अभयानंद गिरी, मोहित बजरंगी, महाकाली वाहिनी की डॉ. संध्या कौशिक, डॉ. ममता त्यागी, मधु त्यागी, ज्योति त्यागी, तनु शर्मा, मनोरमा, रचना, गीता, कृतिका सहित अन्य श्रद्धालु एवं सहयोगी उपस्थित रहे।

# टीएमयू के प्रो. राजुल रस्तोगी फोर्ब्स इंडिया के प्रभावशाली बिजनेस लीडर्स में शामिल

**चिकित्सा शिक्षा, शोध और स्वास्थ्य तकनीक में योगदान के लिए मिला प्रतिष्ठित सम्मान, विकसित भारत के निर्माण में युवाओं को प्रेरित करने का लिया संकल्प**




मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (टीएमयू) के तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के रेडियोडायग्नोसिस विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. राजुल रस्तोगी ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उन्हें प्रतिष्ठित अमेरिकी बिजनेस पत्रिका फोर्ब्स के भारतीय संस्करण फोर्ब्स इंडिया ने देश के प्रभावशाली बिजनेस लीडर्स की सूची में शामिल किया है। चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और स्वास्थ्य तकनीक के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए उन्हें यह राष्ट्रीय स्तर का सम्मान मिला है।

इस उपलब्धि पर प्रो. रस्तोगी ने कहा कि फोर्ब्स इंडिया के प्रतिष्ठित मंच पर स्थान मिलना उनके लिए गर्व और सम्मान की बात है। उनका मानना है कि युवा पीढ़ी को प्रेरित करने का सबसे प्रभावी माध्यम सही मार्गदर्शन के साथ स्वयं एक जीवंत प्रेरणास्रोत बनना है। उन्होंने संकल्प जताया कि इस मंच का उपयोग देश के महत्वाकांक्षी युवाओं को प्रेरित करने और विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान के लिए किया जाएगा।

प्रो. रस्तोगी ने कहा कि जब भावी पीढ़ी अपने मार्गदर्शकों को शिक्षा, अनुसंधान और राष्ट्रहित के कार्यों में उत्कृष्टता का नेतृत्व करते हुए देखती है, तो उसका युवाओं पर गहरा सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

फोर्ब्स इंडिया की ओर से प्रकाशित विवरण के अनुसार, हार्वर्ड मेडिकल स्कूल और जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र प्रो. राजुल रस्तोगी का अकादमिक करियर उल्लेखनीय रहा है। एमबीबीएस के दौरान गोल्ड और सिल्वर मेडल हासिल करने वाले डॉ. रस्तोगी अब तक 240 से अधिक वैज्ञानिक शोध-पत्र प्रकाशित कर चुके हैं। उन्होंने 17 से अधिक पाठ्यपुस्तकों में योगदान दिया है और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर 250 से अधिक शोध प्रस्तुतियां दी हैं।

डॉ. रस्तोगी गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक भी हैं और दो सफल स्टार्टअप्स के सह-संस्थापक हैं। वर्तमान में वह डायग्नोस्टिक मेडिसिन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की भूमिका को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। उनका प्रयास चिकित्सा क्षेत्र में तकनीक और नवाचार के उपयोग को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवा पीढ़ी को शोध और नवाचार के लिए प्रेरित करना है।

# आईटीआई द्वितीय चरण के चयन परिणाम घोषित, 12 से 17 सितंबर तक प्रवेश

## राजकीय एवं निजी आईटीआई में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी वेबसाइट पर देख सकेंगे परिणाम

समाज जागरण

लखनऊ, 11 सितंबर। राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश, अलीगंज द्वारा प्रदेश के राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए द्वितीय चरण के चयन परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। प्रथम चरण के आवंटन के बाद उच्चीकरण का चयन परिणाम भी जारी किया गया है। सत्र 2026 के छह माह, सत्र 2026-27 के एक वर्षीय तथा सत्र 2026-28 के दो वर्षीय पाठ्यक्रमों के लिए अभ्यर्थी अपना चयन परिणाम राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद की वेबसाइट www.scvtup.in तथा व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग की वेबसाइट www.upvesd.gov.in/dte पर देख सकते हैं।

अधिशासी निदेशक एससीवीटी अभिषेक सिंह ने बताया कि द्वितीय चरण में प्रवेश प्रक्रिया 12 सितंबर से 17 सितंबर 2026 तक चलेगी। अभ्यर्थियों को संबंधित लिंक पर जाकर अपनी पंजीकरण संख्या और जन्मतिथि दर्ज करनी होगी। चयन होने पर वेबसाइट पर बुलावा पत्र प्रदर्शित होगा, जिसे डाउनलोड कर उसका प्रिंट निकालना होगा। चयनित अभ्यर्थियों को उनके ऑनलाइन आवेदन में दर्ज मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से भी सूचना दी जा रही है।

जिन अभ्यर्थियों का चयन नहीं हुआ है, उनके लिए वेबसाइट पर रैंक संबंधी जानकारी प्रदर्शित की जाएगी। ऐसे अभ्यर्थियों को अगले प्रवेश चरण की प्रतीक्षा करनी होगी।

**मूल प्रमाण-पत्र लेकर संस्थान पहुंचें**

चयनित अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र की प्रति, सभी मूल प्रमाण-पत्र, अंक-पत्रों की प्रतियां, उनकी एक-एक प्रमाणित प्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो लेकर निर्धारित अंतिम तिथि तक संबंधित चयनित संस्थान के प्रधानाचार्य से संपर्क करना होगा। संस्थान में उपलब्ध चयन सूची से अपने चयन का मिलान कराने के बाद ही प्रवेश प्रक्रिया पूरी करानी होगी।

प्रवेश के दौरान अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र में दिए गए विवरण के अनुसार अपडेशन प्रक्रिया में भाग लेना होगा। अपनी स्थिति के अनुसार अभ्यर्थी 'FREEZE' (स्थिर) अथवा 'FLOAT' (विस्थापित) विकल्प में से किसी एक का चयन कर प्रवेश प्रक्रिया पूरी करेंगे। अभ्यर्थियों की सहायता के लिए संपर्क सूत्र धर्मवीर खरे–8737008603 जारी किया गया है।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने
के लिए संपर्क करे।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र
200 रुपये रोज मे।

# राजकीय आईटीआई अलीगंज में महिला स्पेशल रोजगार मेला, 175 युवतियों का चयन

**चार कंपनियों ने लिया हिस्सा, 725 महिला अभ्यर्थियों ने कराया पंजीकरण; 405 अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया के लिए पात्र**

समाज जागरण

लखनऊ, 11 सितंबर। उत्तर प्रदेश सरकार के महिला सशक्तिकरण और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के प्रयासों के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज में शुक्रवार को विवेकानंद हॉल में महिला स्पेशल रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन लखनऊ उत्तर के विधायक डॉ. नीरज बोरा ने किया।

विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे विभिन्न प्रयासों का उल्लेख करते हुए रोजगार के अवसरों को युवतियों के आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने रोजगार मेले के आयोजन के



लिए संस्थान के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव, प्लेसमेंट अधिकारी एम.ए. खान एवं उनकी टीम की सराहना की।

प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने कहा कि संस्थान प्रशिक्षण के साथ विद्यार्थियों को रोजगार और अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि प्लेसमेंट के क्षेत्र में संस्थान पिछले कई वर्षों से लखनऊ में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।

प्लेसमेंट अधिकारी एम.ए. खान के अनुसार, रोजगार मेले में हीरो मोटोकॉर्प हरिद्वार, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड सुमेरपुर हमीरपुर, अलमास एक्सपोर्ट्स एंड इम्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड लखनऊ और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस लखनऊ ने प्रतिभाग किया। मेले में कुल 725 महिला अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया, जिनमें 405 अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया के लिए अर्ह पाई गईं।

लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के बाद हीरो मोटोकॉर्प में 50, हिंदुस्तान यूनिलीवर में 50, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस में 50 और अलमास एक्सपोर्ट्स एंड इम्पोर्ट्स में 25, यानी कुल 175 महिला अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

रोजगार मेले को सफल बनाने में कार्यदेशक पूनम, मलिहा खातून, जिल्लुर रहमान, मकबूल कादिर, समस्त महिला अनुदेशकों तथा ग्रेसिम लर्निंग फाउंडेशन का विशेष सहयोग रहा।

अभ्यर्थियों की सहायता के लिए संपर्क सूत्र धर्मवीर खरे–8737008603 जारी किया गया है।